# हिन्दुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड

# HINDUSTAN ORGANIC CHEMICALS LIMITED

CIN: L99999MH1960GOI011895

## 61 वीं वार्षिक रिपोर्ट

## 61st Annual Report

## 2021 - 2022

कोच्चि में फिनोल कॉम्प्लेक्स

Phenol Complex at Kochi

**हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड [सीआईएन L99999MH1960GOI011895]**

**लेखापरीक्षक**
**कानूनी लेखापरीक्षक**
**मेसर्स बीएसजे एंड एसोसिएट्स**
सनदी लेखाकार, कोची

**आतंरिक लेखापरीक्षक**
**मेसर्स आईसक एंड कंपनी,**
सनदी लेखाकार, कोची

**लागत लेखा परीक्षक**
**मेसर्स सीवाई एंड एसोसिएट्स**
लागत लेखाकार, मुंबई

**बैंकर्स**
भारतीय स्टेट बैंक
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**रेजिस्ट्रार एवं शेयर हस्तांतरण एजेंटस**
**मेसर्स बिगशेयर सर्विसेस प्रा.लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : बिगशेयर सर्विसेस प्रा. लिमिटेड
कार्यालय सं S-6, 6वीं तल,पिनाक्कल बिजनस पार्क
अहुरा सेंटर के आगे, महाकाली कैवस रोड अंधेरी(पूर्व),मुंबई-400093
टेलीफोन: 022-62638200 फैक्स: 022 62638299
ई–मेल: investor@bigshareonline.com

**विषय सूची**


| | पृष्ठ सं. |
|---|---|
| निदेशक मंडल और निदेशक मंडल की समितियाँ | 2 |
| अध्यक्ष का भाषण | 4 |
| 61 वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना | 6 |
| निदेशकों की रिपोर्ट एवं अनुबंध | 14 |
| **स्टैंडअलोन लेखा** | |
| स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट - स्टैंडअलोन | 41 |
| सीएंडएजी रिपोर्ट - स्टैंडअलोन | 47 |
| तुलन पत्र - स्टैंडअलोन | 48 |
| लाभ एवं हानि विवरण - स्टैंडअलोन | 50 |
| नकद प्रवाह विवरण - स्टैंडअलोन | 53 |
| वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ - स्टैंडअलोन | 54 |
| **समेकित लेखा** | |
| स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट - समेकित | 87 |
| सीएंडएजी रिपोर्ट- समेकित | 93 |
| समेकित तुलनपत्र एवं अन्य विवरण,टिप्पणी आदि | 94 |


**हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड [सीआईएन L99999MH1960GOI011895]**

**पंजीकृत एवं कॉरपोरेट कार्यालय**
कार्यालय सं. 401,402 & 403, चौथा तल,
"वी टाइम्स स्कवेयर'', प्लॉट सं.3, सेक्टर-15, सीबीडी बेलापुर,
नवीं मुंबई- 400614, महाराष्ट्र
संपर्क नं: 022–27575268/69
ई–मेल: cs@hoclindia.com,
corporate.cs@hoclindia.com
वेबसाइट: www.hoclindia.com

**कोची में विनिर्माण की सुविधा:**
अंबलमुगल पी ओ, जिला एरणाकुलम, केरल, पिन - 682 302.
टेली : (0484) 2720911 / 2720912 / 13
फैक्स : (0484) 2720893
ई–मेल : kochi@hoclindia.com

**क्षेत्रीय एवं विपणन कार्यालय दिल्ली :**
कोर–6 स्कोप कॉम्प्लेक्स,
प्रथम तल, लोदी रोड, नई दिल्ली - 110 003.
दूरभाष : (011) 24361610 / 24364690 फैक्स: (011) 24360698

**सहायक कंपनी**
**हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन्स लिमिटेड:**
3303, बाबूखान एस्टेट, बशीरबाग, हैदराबाद - 500 001
राज्य तेलंगाना, दूरभाष : (040) 23241051 / 23237125.
फैक्स : (040) 23296455
ई–मेल : hiflon@hotmail.com, hflshareholders@gmail.com

| निदेशक मंडल | |
|---|---|
| श्री सजीव बी (डीआईएन: 09344438) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (06/09/2021 से प्रभावी)<br>निदेशक वित्त का अतिरिक्त प्रभार (22/09/2021 से 22/06/2022 तक) |
| श्री योगेंद्र प्रसाद शुक्ला (डीआईएन: 09674122) | निदेशक वित्त (04/07/2022 से प्रभावी ) निदेशक वित्त एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (04/08/2022 से प्रभावी) |
| श्री सतेन्द्र सिंह, ए एस एवं एफ़ ए (रसायन) (डीआईएन: 05195060) | सरकार नामिती निदेशक (21/12/2021 से 14/10/2022 तक) |
| श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव (डीआईएन: 09699641) | सरकार नामिती निदेशक (30/03/2022 से प्रभावी) |
| डॉ भरत जे कनाबर (डीआईएन: 9466694) | गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक (24/12/2021 से प्रभावी) |
| श्री प्रत्युष मंडल (डीआईएन: 09461918) | गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक (24/12/2021 से प्रभावी) |
| श्री एस सी मुदगेरिकर (डीआईएन: 03498837) | अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक-अतिरिक्त प्रभार (02/08/2021 से 05/09/2021 तक) एवं निदेशक वित्त अतिरिक्त प्रभार (02/08/2021 से 22/09/2021) |
| श्री एस बी भिडे (डीआईएन: 05323535) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (05/10/2016 से 31/07/2021 तक) और निदेशक वित्त का अतिरिक्त प्रभार (06/11/2020 से 31/07/2021 तक) |
| श्री समीर कुमार बिस्वास, ए एस (डीआईएन: 01664091) | सरकार नामिती निदेशक (30/03/2022 तक) |
| श्री आशिष उपाध्याय एएस एंड एफ़ ए एमओपी (डीआईएन: 06855349) | सरकार नामिती निदेशक (22/11/2021 से 21/12/2021 तक) |
| सुश्री निरूपमा कोतरू (डीआईएन: 09204338) | सरकार नामिती निदेशक (07/10/2021 से 22/11/2021 तक) |
| श्री राजेश एम अग्रवाल,एएस एंड एफ़ ए, (डीआईएन: 03566931) | सरकार नामिती निदेशक (27/05/2021 से 07/10/2021 तक) |
| श्रीमती अल्का तिवारी (डीआईएन: 03502306) | सरकार नामिती निदेशक (29/01/2019 से 26/05/2021 तक) |

| मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक | |
|---|---|
| श्री. पी.ओ. लुईस | मुख्य वित्तीय अधिकारी (06/11/2020 से 03/08/2022 तक) |
| श्रीमती. सुशीला कुलकर्णी | कंपनी सचिव (28/02/2022 तक) |
| श्री सुब्रमणियन एच | कंपनी सचिव (01/03/2022 से) |

| बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति | |
|---|---|
| **डॉ भरत जे कनाबर**<br>गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक<br>अध्यक्ष, लेखापरीक्षा समिति | **श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव**<br>गैर-कार्यकारी/सरकार नामिती निदेशक<br>सदस्य,लेखापरीक्षा समिति |
| **श्री प्रत्युष मंडल**<br>गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक<br>सदस्य, लेखापरीक्षा समिति | **श्री सुब्रमणियन एच, कंपनी सचिव**<br>सचिव, लेखा परीक्षा समिति |

| नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एन एवं आर समिति) | |
|---|---|
| **डॉ भरत जे कनाबर**<br>गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक<br>अध्यक्ष, एन एवं आर समिति | **श्री प्रत्युष मंडल**<br>गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक<br>सदस्य, एन एवं आर समिति |
| **श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव**<br>गैर-कार्यकारी/सरकार नामिती निदेशक<br>एन एवं आर समिति के सचिव | **श्री सुब्रमणियन एच, कंपनी सचिव**<br>सचिव, एन एवं आर समिति |

| हितधारक संबंध समिति (एस आर सी) | |
|---|---|
| **श्री प्रत्युष मंडल**<br>गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक<br>अध्यक्ष, एस आर सी समिति | **डॉ भरत जे कनाबर**<br>गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक<br>सदस्य, एस आर सी समिति |
| **श्री सजीव बी**<br>सदस्य, एस आर सी समिति | **श्री सुब्रमणियन एच, कंपनी सचिव**<br>सचिव, एस आर सी समिति |

| कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति (सीएसआर समिति) | |
|---|---|
| **श्री प्रत्युष मंडल**<br>गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक<br>अध्यक्ष, सी एस आर समिति | **डॉ भरत जे कनाबर**<br>गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक<br>सदस्य, सी एस आर समिति |
| **श्री सजीव बी**<br>सदस्य, सी एस आर समिति | **श्री सुब्रमणियन एच, कंपनी सचिव**<br>सचिव, सी एस आर समिति |

| शेयर अंतरण समिति (एसटी समिति) | |
|---|---|
| **श्री सजीव बी,सीएमडी**<br>अध्यक्ष,एसटी समिति | **श्री सुब्रमणियन एच, कंपनी सचिव**<br>सदस्य एवं सचिव, एसटी समिति |

# निदेशक मंडल

**श्री सजीव बी.**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(06/09/2021 से)

**श्री एस.बी.भिडे**
(डीआईएन: 05323535)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (05/10/2016 से 31/07/2021 तक)
निदेशक वित्त का अतिरिक्त प्रभार (06/11/2020 से 31/07/2021 तक)

**श्री एस.सी.मुदगेरीकर**
(डीआईएन: 03498837)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (आर.सी.एफ.लि.)
(02/08/2021 से 05/09/2021 तक)
निदेशक वित्त का अतिरिक्त प्रभार
(02/08/2021 से 22/09/2021)

**श्री सतेन्द्र सिंह,**
ए एस एवं एफ ए (रसायन)
(डीआईएन: 05195060)
सरकार नामिती निदेशक
(21/12/2021 से 14/10/2022 तक)

**श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव**
(डीआईएन: 09699641)
सरकार नामिती निदेशक (30/03/2022 से प्रभावी)

**श्री योगेंद्र प्रसाद शुक्ला**
(डीआईएन: 09674122)
निदेशक वित्त (04/07/2022 से प्रभावी )
निदेशक वित्त एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (04/08/2022 से प्रभावी)

**डॉ भरत जे कनाबर**
(डीआईएन: 9466694)
गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक (24/12/2021 से प्रभावी)

**श्री प्रत्युष मंडल**
(डीआईएन: 09461918)
गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक (24/12/2021 से प्रभावी)

**श्री समीर कुमार बिस्वास**
(डीआईएन: 1664091)
सरकार नामिती निदेशक
(30/03/2022 तक)

**श्री आशिष उपाध्याय**
एएस एंड एफ ए एमओपी
(डीआईएन: 06855349)
सरकार नामिती निदेशक (22/11/2021 से 21/12/2021 तक)

**सुश्री निरूपमा कोतरू**
(डीआईएन: 09204338)
सरकार नामिती निदेशक
(07/10/2021 से 22/11/2021 तक)

**श्री राजेश अगरवाल**
ए.एस.ॲण्ड एफ.ए.
(डीआईएन: 03566931)
सरकार नामिती निदेशक
(27/05/2021 से 06/10/2021 तक)

**श्रीमती अल्का तिवारी**
(डीआईएन:03502305)
सरकार नामिती निदेशक
(29/01/2019 से 26/05/2021 तक)

मुख्य वित्तिय अधिकारी

**श्री. पी.ओ. लुईस**
मुख्य वित्तीय अधिकारी
(06/11/2020 से 03/08/2022 तक)

कंपनी सचीव

**श्रीमती. सुशीला कुलकर्णी**
कंपनी सचिव
(28/02/2022 तक)

कंपनी सचीव

**श्री सुब्रमणियन एच**
कंपनी सचिव
(01/03/2022 से)

**अध्यक्ष का भाषण**

**प्रिय शेयरधारकों,**

निदेशक मंडल के मेरे साथियों की ओर से और अपनी तरफ से, मैं कंपनी के सभी शेयरधारकों का हार्दिक स्वागत और सच्चा आभार व्यक्त करता हूँ। आपकी कंपनी के वित्तीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में मुझे खुशी हो रही है। आपकी कंपनी की इस 61वीं वार्षिक रिपोर्ट में लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों, निदेशकों की रिपोर्ट और वर्ष 2021-22 के लिए सी एंड एजी के शून्य टिप्पणी सहित लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल है। इसके अलावा, शेयरधारकों को 61वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का नोटिस भी है जिसमें गुरुवार, 29 सितंबर, 2022 को आयोजित होने वाली 61वीं एजीएम में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन के लिए विचार की जाने वाली व्यापार मदें शामिल हैं।

**कार्यनिष्पादन:**

मुझे वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान आपकी कंपनी के कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएँ आपको साझा करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है। आपकी कंपनी द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों और पहलों के विवरण निदेशकों की रिपोर्ट में प्रदान किए गए हैं।

वित्तीय मामलों की बात करें तो, वर्ष 2021–22 के दौरान, आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष की सकल आय 431.19 करोड़ रुपए की तुलना में 7.86% की वृद्धि दर्ज करते हुए 465.10 करोड़ रुपये की सकल आय हासिल की है। कंपनी को पिछले वर्ष के दौरान 15.97 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की तुलना में वर्ष के दौरान 23.24 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है।

एचओसीएल को केरल राज्य में अंबलमुगल, एरणाकुलम जिला में केवल एक कार्यगत इकाई है जिसे आमतौर पर कोची इकाई के रूप में जाना जाता है। कोची इकाई फिनोल,एसीटोन और हाइड्रोजन पेरोक्साइड के विनिर्माण में लगी हुई है। कोची इकाई में फिनोल और हाइड्रोजन पेरोक्साइड संयंत्र चालू हैं। वर्ष के दौरान फिनोल संयंत्र ने 62% क्षमता उपयोग और हाइड्रोजन पेरोक्साइड संयंत्र ने 82% क्षमता उपयोग हासिल किया है।

**भविष्य योजना और पुनरुत्थान/ समग्र परिवर्तन योजना :**

**पुनर्गठन योजना**

सरकार द्वारा 22 मई 2017 के आदेश के माध्यम से अनुमोदित स्वीकृत पुनर्गठन योजना के अनुसार, आपकी कंपनी ने रसायनी यूनिट को बंद किया और संयंत्र और उपकरणों का निपटान रद्दी सामग्री के रूप में किया गया। रसायनी और पनवेल में स्थित भार मुक्त संपत्ति की बिक्री कार्य प्रगति पर है। कोची में फिनोल और हाईड्रॉजन पेरोक्साइड संयंत्र प्रचालन में हैं।

**भविष्य की योजनाएँ**

हमने उत्पादकता में सुधार के लिए नवीनतम तकनीक में अपग्रेड करने का लक्ष्य रखा है। हम वित्तीय देनदारियों को कम करने के लिए भूमि की बिक्री की प्रक्रिया में तेजी लाएंगे जिससे वित्त लागत को कम किया जा सके। इसके अलावा, हम बाजार की कीमतों में उतार–चढ़ाव के खिलाफ कुछ स्तर की सुरक्षा हासिल करने के लिए मूल्य वर्धित उत्पादों में विविधीकरण का पता लगाएंगे।

**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व**

कंपनी अपनी स्थापना से ही अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभा रही है। पिछले पांच दशकों से सामाजिक रूप से जिम्मेदार और जागरूक कॉर्पोरेट के रूप में, आपकी कंपनी लगातार सामाजिक विचारों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आस–पास के गाँवों को बुनियादी नागरिक सुविधाएं तथा विभिन्न रूप में सहायता प्रदान करते हुए सामाजिक सेवा करती है।

आपकी कंपनी को पिछले वर्षों के दौरान हुई घाटे के कारण किसी प्रकार की सीएसआर गतिविधियों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी, कंपनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समाज को लाभान्वित करने वाली गतिविधियों को अंजाम देने वाले अपने सामाजिक दायित्वों को मान्यता दी है। सीएसआर के तहत कंपनी द्वारा की गई गतिविधियों और कोविड–19 से लड़ने में मदद करने के लिए किए गए कार्य के विवरण निदेशकों की रिपोर्ट में दिया गया है।

कंपनी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को सबसे अधिक महत्व दिया गया है और विविध गतिविधियां चलाई गयी है, जिसके विवरण निदेशक की रिपोर्ट में दिया गया है। आपकी कंपनी को स्वच्छता पखवाड़े के लिए वर्ष 2021 में रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आपकी कंपनी ने अपने परिसरों में विविध सफाई गतिविधियां चलायी गयी, आज़ादी का अमृत महोत्सव का स्टिकर तैयार कर सभी पत्राचारों में लगा दिया है। विविध गतिविधियां आयोजित की गयी और अगस्त 2023 तक विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है।

21 जून 2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर, सभी कर्मचारियों की सूचना के लिए सामान्य योग प्रोटोकॉल का व्यापक प्रचार एवं प्रसार हमारी पोर्टल और सोशियल माध्यम से किया गया है।

**सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण:**

स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्रों में कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए आवधिक चिकित्सा जांच के साथ–साथ फॉर्म संख्या 23 के तहत फिटनेस चेक–अप की संवैधानिक आवश्यकताओं को भी पूरा किया है। अन्य सांविधिक नियमित जाँच के अतिरिक्त शब्दों से एक्स्पोस किए गए कार्मिकों के लिए ऑडियोमेट्री जाँच की गयी और बेन्जीन उपयोगकर्ताओं के लिए ऑटो टोक्सिटी जाँच की गयी। स्वच्छता,कोविड सावधानियों के संबंध में समय–समय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया और दिशा–निर्देशों ज़ारी किए गए। इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए नियमित रूप से धूमन और कीटाणुशोधन कार्य किए गए ।

पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की ओर हमने कारखाने और आसपास के वातावरण से प्रदूषकों का स्तर अनुमेय स्तर से काफी होना सुनिश्चित किया है।

आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान कोविड़-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए कई उपाय लागू किए हैं जैसे सुरक्षात्मक उपायों जैसे मास्क, हाथ की स्वच्छता, सुरक्षित दूरी आदि के उपयोग को प्रोत्साहित करना। इस संबंध में कर्मचारियों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। सभी श्रेणियों के कर्मचारियों को होम्योपैथिक निवारक दवाएं प्रदान की गईं। कर्मचारियों के उपयोग के लिए विभिन्न स्थानों पर गर्म पानी के डिस्पेंसर उपलब्ध कराए गए। शारीरिक दूरी सुनिश्चित करने के लिए डाइनिंग टेबल और कैंटीन के वॉश एरिया में बंटवारा किया गया।

आरएलएनजी (पुन: गैसीकृत तरल गैस) के उपयोग को जारी रखने से वायु प्रदूषण में जबरदस्त कमी आई है।

पर्यावरण की रक्षा संबंधी कार्य में, जागरूकता सत्र, प्रतियोगिताएं, स्वच्छ भारत गतिविधियां, "हरित मिशन" के तहत सब्जी की खेती के लिए कर्मचारियों को बढ़ावा देना, संगठन के पूरे कर्मचारियों को शामिल करते हुए संयंत्र परिसर का सौंदर्यीकरण कार्य किए गए।

वर्ष 2021-22 के दौरान, एचओसीएल ने वर्ष 2021 में बड़े रसायनिक उद्योगों की श्रेणी में उत्तम सुरक्षा निष्पादन के लिए नेशनल सेफ्टी काउंसिल,कोची चैप्टर से ''सुरक्षा पुरस्कार" प्राप्त किया।

**आईएसओ प्रमाणन:**

सुरक्षा सुधारों के रूप में, संयंत्र और कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संगठन द्वारा अनेक सकारात्मक उपायों को लागू किए गए। गुणता प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 9001), पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 14001) और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 45001) को समन्वित करके आईएमएस (समन्वित प्रबंधन प्रणाली) का कार्यान्वयन किया गया। यह सुरक्षा एवं स्वास्थ्य पहलुओं को अधिक महत्व देता है।

**औद्योगिक संबंध:**

आपकी कंपनी में मानव सबसे शक्तिशाली रही। वर्ष के दौरान समग्र औद्योगिक संबंध की स्थिति शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रही है। वर्ष के दौरान कोई हड़ताल या तालाबंदी नहीं थी।

**निगमित अभिशासन :**

कंपनी ने निगमित अभिशासन की विभिन्न आवश्यकताओं का अनुपालन ज़ारी रखा है। इस संबंध में विस्तृत विवरण निदेशक की रिपोर्ट का हिस्सा है।

कंपनी ने सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक संगठनों के लिए निर्धारित निगमित अभिशासन संबंधी दिशा–निर्देशों का मजबूती से अनुपालन किया है और सरकार को नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। इसके माध्यम से सेबी (दायित्व सूचीकरण और आवश्यकताओं का प्रकटीकरण) विनियम,2015 के लागू विनियमों का अनुपालन किया जाता है।

**हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन्स लिमिटेड (एचएफएल) सहायक कंपनी :**

आपकी कंपनी को हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन लिमिटेड (एचएफाएल) नामक एक सहायक कंपनी है। वर्ष के दौरान, एचएफएल ने पिछले वर्ष की निवल हानि 2,483.09 लाख रुपए के मुकाबले 612.87 लाख रुपए का निवल हानि दर्ज की है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन और पेट्रोरसायन विभाग ने दिनांक 29–01–2020 के पत्र सं पी. 51015/06/2019–सीएच. III के माध्यम से एचओसीएल की सहायक कंपनी, हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन लिमिटेड को बंद करने का निर्देश देते हुए आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति के निर्णय की जानकारी दी, जिसे शेयरधारकों द्वारा 30–03–2020 को अनुमोदित किया गया था।

सहायक कंपनी हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन लिमिटेड को बंद करने के लिए भारत सरकार के निर्णय के परिणामस्वरूप, कर्मचारियों को वीआरएस/वीएसएस से संबंधित खर्चों को पूरा करने और बैंक और अन्य देनदारियों के बकाया का निपटान करने के लिए भारत सरकार से ऋण के रूप में 75.87 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

**आभार:**

मुझे अपने करियर की शुरुआत से ही एचओसीएल से जुड़े रहने और कंपनी के साथ आगे बढ़ने का सौभाग्य मिला है, अब, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में, मुझे एचओसीएल का नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला है। मैं उन सभी कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की जिनके द्वारा वर्ष के दौरान दी गयी सहायता और सहयोग के लिए सराहना करता हूँ और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। मैं अपने साथी बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन टीम के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। मैं भारत सरकार के विभिन्न अधिकारियों, विशेष रूप से रसायन और पेट्रो रसायन विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार, केरल सरकार, सभी बैंकों, निदेशक मंडल के सदस्यों, संवैधानिक/सरकारी लेखापरीक्षकों, लागत लेखा परीक्षकों और संबंधित सभी एजेंसियों के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूँ। मैं शेयरधारकों और ग्राहकों के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने कंपनी के परिवर्तन के वर्तमान चरण में हमारे साथ कार्य किया हैं।

हम अपनी ओर से कंपनी के जल्द से जल्द समग्र परिवर्तन प्राप्त करने की दिशा में, अपने प्रयास में, जल्द ही पुनर्गठन योजना को पूरा करने के अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। हम इस सतत प्रक्रिया में आपके निरंतर समर्थन की उम्मीद करते हैं।

अंत में, मैं आशावान हूँ कि कंपनी वर्ष के दौरान और आने वाले वर्षों में अपनी उपलब्धि को बनाए रखेंगी।

हस्त/-
सजीव बी
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
डीआईएन 09344438

## सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 61वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) गुरुवार दिनांक 29 सितंबर, 2022 को दोपहर 2.00 (समय) बजे निम्नलिखित कार्य निपटने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/ अन्य श्रव्य दृश्य साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से संपन्न होगी :–

**सामान्य कारोबार :**

1. स्टैंडअलोन तथा समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों जिसमें 31 मार्च, 2022 का तुलन–पत्र, उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि विवरण, नकद प्रवाह विवरण, अनुसूचियाँ और उसके साथ संलग्न लेखाओं पर टिप्पणियाँ शामिल है तथा निदेशकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की रिपोर्ट सहित लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना तथा स्वीकार करना।

2. सरकारी नामित निदेशक श्री सत्येंद्र सिंह, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार को भारत सरकार के आदेशानुसार पुन: नियुक्त करना जो इस वार्षिक आम बैठक पर सेवानिवृत्त हो जाएगा और पात्र होने के फलस्वरूप पुन:नियुक्ति के लिए अपने आप को प्रस्ताव देना ।

3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5), जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142 के साथ पढ़ा जाए, के प्रावधानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा सांविधिक लेखापरीक्षकों को जब कभी नियुक्त करने पर सांविधिक लेखापरीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान किए जाने हेतु पारिश्रमिक नियत करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत करना और विचार करना और यदि उचित समझे तो निम्नलिखित संकल्प को सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना।

   **"संकल्प किया जाता है** कि कंपनी के निदेशक मंडल को इसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा यथा नियुक्त कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों को पारिश्रमिक निश्चित और नियत करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है।

**विशेष कारोबार**

4. **वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए के लागत लेखापरीक्षक की नियुक्ति**

   वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी के लागत लेखापरीक्षकों के रूप में मैसर्स आर एम बनसल एंड कंपनी, लागत लेखाकार, कानपुर जिनका शाखा कार्यालय टीसी49/620(2) सफनममरवा,61ए, मल्लिईडम, तिरुवनंतापुरम –695009,केरल (फर्म पंजीकरण सं 000022) की नियुक्ति पर विचार करना और अनुमोदन देना और कंपनी के लागत लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा के लिए वर्ष 2022-23 के लिए लगता लेखा शुल्क के रूप में मैसर्स आर एम बनसल एंड कंपनी को देने योग्य पारिश्रमिक का अनुसमर्थन करना और निम्नलिखित संकल्प को सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना :

   **"संकल्प किया जाता है** कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, तथा कंपनियों (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षकों) नियम, 2014 के अनुसरण में, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी के लागत लेखापरीक्षकों के रूप में मैसर्स आर एम बनसल एंड कंपनी (फर्म पंजीकरण सं 000022) को कंपनी के लागत लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा के लिए और तत्संबंधी अनुपालन प्रमाणपत्र (त्रों) को जारी करने और वर्ष 2022-23 के लिए लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट देने और 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में कंपनी के लिए कोची यूनिट के उत्पादों के संबंध में एक्सबीआरएल ई–फोर्म्स संबंधी लागत लेखापरीक्षा रिपोर्टों के ई–फाइल कार्य में मदद के लिए कुल शुल्क 50,000/- रुपए और जीएसटी के पारिश्रमिक का अनुसमर्थन कंपनी एतदद्वारा करती है।

5. **श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव (डीआईएन 09699641) की सरकारी नामित निदेशक के रूप में नियुक्ति**

   निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए, संशोधनों के साथ या बिना संशोधन के विशेष संकल्प के रूप में पारित करना,:

   **''संकल्प किया जाता है** कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 152 के प्रावधानों और किसी भी अन्य लागू प्रावधानों जिसे इसके तहत बनाए गए नियमों (किसी भी वैधानिक संशोधन (संशोधनों) या उसके पुन: अधिनियमन के साथ पढ़ा जाए और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के लागू नियमों सहित के प्रावधानों के अनुसार, श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव डडीआईएन 09699641. जिन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा रसायन और उर्वरक मंत्रालय के दिनांक 30 मार्च, 2022 के आदेश संख्या पी–51011/6/2011–रासायनिक–III / सीपीसी द्वारा हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में 30 मार्च, 2022 से प्रभावी तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए या आगे जो भी पहले हो नियुक्त किया गया था और इसके द्वारा कंपनी में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में भारत सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों पर नियुक्त किया जाता है और वे रोटेशन से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी होंगे।

6. **डॉ भरत जे कनाबर (डीआईएन 09466694) की गैर–सरकारी अंशकालिक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति–**

   निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए, संशोधनों के साथ या बिना संशोधन के एक विशेष संकल्प के रूप में पारित करना:

   **''संकल्प किया जाता है** कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 152 के प्रावधानों और किसी भी अन्य लागू प्रावधानों जिसे इसके तहत बनाए गए नियमों (किसी भी वैधानिक संशोधन (संशोधनों) या उसके पुन: अधिनियमन के साथ पढ़ा जाए और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के लागू नियमों सहित के प्रावधानों के अनुसार, डॉ. भरत जे कनाबर, डडीआईएन 09466694. जिन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा रसायन और उर्वरक मंत्रालय के दिनांक 24 दिसंबर, 2021 के आदेश क्रमांक पी–53013/8/2019–रसायन III- सीपीसी के अनुसार अंशकालिक गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में नियुक्ति आदेश की अधिसूचना की तारीख से तीन (3) साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक नियुक्त किया गया था और इसके द्वारा कंपनी के निदेशक मंडल में 24 दिसंबर, 2021 से प्रभावी होकर तीन (3) साल की अवधि के लिए या भारत सरकार के अगले आदेश तक गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है और वे रोटेशन से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

7. **श्री प्रत्यूष मंडल (डीआईएन 09461918) की गैर–सरकारी अंशकालिक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति**

   निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए, संशोधनों के साथ या बिना संशोधन के एक विशेष संकल्प के रूप में पारित करना :

   **''संकल्प किया जाता है** कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 152 के प्रावधानों और किसी भी अन्य लागू प्रावधानों जिसे इसके तहत बनाए गए नियमों (किसी भी वैधानिक संशोधन (संशोधनों) या उसके पुन: अधिनियमन के साथ पढ़ा जाए और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के लागू नियमों सहित के प्रावधानों के अनुसार, श्री प्रत्यूष मंडल, डडीआईएन 09461918.जिन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा रसायन और उर्वरक मंत्रालय के दिनांक 24 दिसंबर, 2021 के आदेश क्रमांक पी–53013/8/2019–रसायन.III-सीपीसी के तहत हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में नियुक्ति आदेश की अधिसूचना की तारीख से तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए अंशकालिक गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में या अगले आदेश तक नियुक्त किया गया था और इसके द्वारा कंपनी के निदेशक मंडल में 24 दिसंबर, 2021 से तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए या भारत सरकार के अगले आदेश तक गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है। वे रोटेशन से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

8. **पंजीकृत कार्यालय को महाराष्ट्र से केरल स्थानांतरित करना**

   निम्नलिखित पर विचार करना और, यदि उचित समझा जाए, संशोधन के साथ या बिना संशोधन के विशेष संकल्प के रूप में पारित करना:

   **''संकल्प किया जाता है** कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 12, 13 के प्रावधानों और किसी भी अन्य लागू प्रावधानों जिसे कंपनी (निगमन) नियम, 2014 (किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके पुन: अधिनियमन सहित) के साथ पढ़ा जाए और कंपनी अधिनियम, 2013 के किसी अन्य लागू प्रावधानों और क्षेत्रीय निदेशक की पुष्टि/अनुमोदन के अधीन, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को वी टाइम्स स्क्वायर, कार्यालय संख्या 401, 402 और 403, चौथी मंजिल, प्लॉट नंबर 3, सेक्टर–15, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400614 महाराष्ट्र राज्य में से

एचओसीएल कोची यूनिट, अंबलमुगल पीओ, एरणाकुलम जिला – 682302 केरल राज्य में स्थानांतरित करने के लिए सदस्यों की सहमति और इसके द्वारा दी जाती है।

**आगे संकल्प किया जाता है कि** इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप, कंपनी के संस्था के बहिर्नियम (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन) के खंड 2 को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाएगा: – "खंड 2: कंपनी का पंजीकृत कार्यालय केरल राज्य में स्थित होगा"

**आगे यह भी संकल्प किया जाता है कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 88, 92, 94 और ऐसे अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार (इसमें इसके कोई संशोधन या इसके पुनः अधिनियमन जिसे प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ा जाए शामिल है ), सदस्यों की सहमति एतद्द्वारा दी जाती है केरल राज्य एरणाकुलम जिले -682302 में एचओसीएल कोची यूनिट, अंबलमुगल पीओ में कंपनी की कॉमन सील, अन्य रिकॉर्ड, विभिन्न संवैधानिक रजिस्टर और केलहा बहियों, विवरणी (रिटर्न) की प्रतियां, सदस्यों के रजिस्टर और अन्य रजिस्टर / रिकॉर्ड आदि को बनाए बनाए रखना और रखने के लिए सहमति दी जाती है।

**आगे यह भी संकल्प किया जाता है कि** कंपनी सचिव या कंपनी का कोई एक निदेशक या एक प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव इसके द्वारा या संयुक्त रूप से या अलग–अलग रूप से, कंपनी की ओर से क्षेत्रीय निदेशक, कंपनी रजिस्ट्रार, कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय, भारत सरकार और किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण के समक्ष कंपनी की ओर से कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के स्थानांतरण के लिए और मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के स्थिति खंड के प्रस्तावित परिवर्तन के लिए दायर की जाने वाली याचिका के मामले में उपस्थित होने, प्रतिनिधित्व करने, इस तरह के बयान देने, ऐसी जानकारी प्रस्तुत करने और ऐसी चीजें जिनमें कंपनी के संबंधित रजिस्ट्रार के साथ ई–फॉर्म दाखिल करने तक सीमित नहीं है यथापेक्षित करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है।

**हिंदुस्तान आर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के**
**निदेशक मण्डल के आदेश द्वारा**
**हस्ता/–**
**(सुब्रमणियन एच)**
**कंपनी सचिव**
**(एफसीएस 28380)**

**स्थान: सीबीडी बेलापुर**
**दिनांक:30/08/2022**

**पंजीकृत कार्यालय:**
**401,402,403,चौथा तल, वी टाइम्स स्क्वेयर प्लॉट सं 3**
**सेक्टर 15,सीबीडी बेलापुर, नवीं मुंबई, ठाणे महाराष्ट्र 400614 भारत**

**टिप्पणियाँ :**

1. कोविड़-19 महामारी बने रहने के मद्देनजर, कॉरपोरेट मामले मंत्रालय (''एमसीए") ने दिनांक 5 मई 2022 के अपने सामान्य परिपत्र सं 2/2022 जिसे 05 मई, 2020 के सामान्य परिपत्र सं 20/2020, 13 जनवरी, 2021 के सामान्य परिपत्र सं 02/2021 और 08 दिसम्बर ,2021 के सामान्य परिपत्र सं 19/2021 और 14 दिसंबर 2021 के सामान्य परिपत्र सं 21/2021 के परिपत्रों (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्रों" के रूप में संदर्भित है) के साथ पढ़ा जाना है, द्वारा एक सामान्य स्थान पर भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कॉनफेरेंस/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") आयोजित करने की अनुमति दी है।

   कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम"), सेबी (सूचीकरण बाध्यताओं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमों, 2015 ("सेबी सूचीकरण विनियमों"),सेबी परिपत्रों और एमसीए परिपत्रों के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी के 61वीं एजीएम को वीडियो कॉनफेरेंस/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए, कंपनी द्वारा सीडीएसएल के साथ आवश्यक व्यवस्था की गई है और वीडियो कॉनफेरेंस/ओएवीएम के माध्यम से आगामी एजीएम में उपस्थित होने और भाग लेने के संबंध में पालन करने की कार्यविधि के लिए अनुदेश इस नोटिस का हिस्सा है। एजीएम की कार्यवाही कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित करना माना जाएगा।

2. कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार, एजीएम में भाग लेने और वोट करने के लिए हकदार एक सदस्य को उसकी ओर से उपस्थित होने और मतदान करने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का अधिकार है और प्रॉक्सी को कंपनी का सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि यह एजीएम वीडियो कॉनफेरेंस/ओएवीएम के माध्यम से एमसीए परिपत्रों के मुताबिक आयोजित की जा रही है, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति अनावश्यक बना दी गयी है। तदनुसार, सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा एजीएम के लिए उपलब्ध नहीं होगी और इसलिए प्रॉक्सी फॉर्म, उपस्थिति पर्ची इस सूचना के साथ संलग्न नहीं हैं।

3. वीडियो कॉनफेरेंस के माध्यम से सदस्यों की भागीदारी की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार एजीएम के कोरम के प्रयोजनार्थ की जाएगी।

4. संस्थागत शेयरधारकों (अर्थात् व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरआई आदि के अलावा) को संबंधित बोर्ड संकल्प/प्राधिकरण पत्र आदि की स्कैन की गई प्रतिलिपि (पीडीएफ/जेपीजी फारमैट) भेजने की आवश्यकता है, इसके साथ अपने प्रतिनिधि को अपनी ओर से वीडियो कॉनफेरेंस/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने और सुदूर ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के लिए अधिकृत करने हेतु विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (ओं) के प्रमाणित नमूना हस्ताक्षर भेजना है। उक्त प्रस्ताव/प्राधिकरण ई–मेल के माध्यम से संवीक्षक को divya.dsmco@gmail.com पर और कंपनी को cs@hoclindia.com पर भेजा जाएगा।

5. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में विशेष व्यापार के संबंध में एक व्याख्यात्मक विवरण इस सूचना के साथ जोडा गया है।

6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 (5) के अनुसार, कंपनी के लेखा परीक्षकों को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा नियुक्त या पुनर्नियुक्त किया जाना है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142 के अनुसार, लेखा परीक्षकों को पारिश्रमिक कंपनी द्वारा एजीएम में या इस तरह से तय किया जाएगा जैसा कि कंपनी सामान्य बैठक में निर्धारित कर सकती है। वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की जानी बाकी है। तदनुसार, सदस्य बोर्ड को वर्ष 2022–23 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों को उचित पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए अधिकृत कर सकते हैं।

7. शेयरधारक कृपया नोट करें कि कंम्पनी के रजिस्ट्रार तथा हस्तांतरण एजेंट बिगशेयर सर्विसेस प्रा लि ने अपने निगमित कार्यालय/प्रचालन कार्यालय को निम्नानुसार नए पते में अंतरित किया है

   बिगशेयर सर्विसेस प्रा लि, कार्यालय सं एस–6,छठा तल, पिनाक्कल बिज़नस पार्क, आहुरा सेंटर के सामने, महाकाली कैवस रोड, अंधेरी(पूर्व) मुंबई – 400 093 महाराष्ट्र ।

   सदस्य आरटीए के साथ पत्राचार उनके ई मेल:investor@bigshareonline.com और vinod.y@bigshareonline.com पर कर सकते हैं।

   कंपनी नीचे उल्लिखित महत्वपूर्ण सूचनाओं को 61वीं एजीएम सूचना के साथ भेजी जा रही है:

   **महत्वपूर्ण जानकारी:**

   i. सेबी के दिनांक 20 अप्रैल 2018 के परिपत्र सं सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/डीओपी1/सीआईआर/पी/2018/73 के अनुसरण में, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों जिनके फ़ोलियो में पैन और बैंक विवरण नहीं है/ अपूर्ण हैं, को अनिवार्य रूप से कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) को पैन और बैंक संबंधी विवरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

   ii. सेबी के दिनांक 08 जून, 2018 की अधिसूचना जिसे 24 जनवरी,2022 के साथ पढ़ा जाए, के अनुसार प्रतिभूतियों के अंतरण/प्रेषण/प्रतिस्थापन करने के लिए आवेदन पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक डीपोसटारी के साथ डिमटेरियलाइज्ड रूप में रखा जाता है। अत: भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि आपके शेयरों को यथाशीघ्र डिमटेरियलाइज्ड रूप में प्राप्त करें।

   III. सेबी के परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडीऽआरटीएएमबी/पी/परि/2021/655 दिनांक 3 नवंबर, 2021 और सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडीऽआरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2021/687 दिनांक 14 दिसंबर, 2021 ने भौतिक रूप में शेयर धारण करनेवाले सदस्य द्वारा पैन, केवाई और नामांकन विवरण 31 मार्च, 2023 तक प्रस्तुत करना अनिवार्य बना दिया है।

   IV. भौतिक शेयर रखने वाले सदस्य विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म – आईएसआर 1 की हार्ड कॉपी आरटीए में उल्लिखित प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ जमा करके अद्यतन बैंक विवरण प्रदान कर सकते हैं। उक्त प्रपत्र https://www.hoclindia.com/disclosures .पर उपलब्ध है।

   V. वे सदस्य जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं और जिन्होंने अभी तक अपना नामांकन पंजीकृत नहीं कराया है,उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपना नामांकन दर्ज करने के लिए फॉर्म-एसएच 13, अपने नामांकन विवरण में परिवर्तन करने के लिए फॉर्म-एसएच 14, सदस्य के हस्ताक्षर को अपडेट करने के लिए फॉर्म-आईएसआर 2 और नामांकन से बाहर निकलने के लिए फॉर्म-आईएसआर3को संबंधित दस्तावेजों के साथ आरटीए को जमा करें।प्रासंगिक प्रपत्र https://www.hoclindia.com/disclosures पर उपलब्ध हैं।

VI. सेबी के परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडीञ्आरटीएएमबी/पी/परिर/2022/8,दिनांक 25जनवरी, 2022 और सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडीञ्आरटीएएमबी/पी/परि/2022/70, दिनांक 25 मई, 2022 के अनुसार सूचीबद्ध कंपनियां डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने, दावा न किए गए उचंत खाते से दावा, प्रतिभूति प्रमाणपत्र के नवीनीकरण/विनिमय, पृष्ठांकन, शेयर प्रमाणपत्र के उप–विभाजन/विभाजन आदि से संबंधित विभिन्न निवेशक अनुरोधों पर विचार करते समय केवल डीमैट मोड में प्रतिभूतियां तत्काल प्रभाव से जारी करेंगी। इसलिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे आरटीए को संबंधित दस्तावेजों के साथ विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म-आईएसआर 4 की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करें। प्रासंगिक प्रपत्र https://www.hoclindia.com/disclosure पर उपलब्ध है।

VII. सेबी ने दिनांक 18 मई, 2022 के परिपत्र सं सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडीञ्आरटीएएमबी/पी/परि/ 2022/65 के माध्यम से शेयरों के अंतरण की प्रक्रिया को सरल और मानकीकृत किया है। इसलिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे संबंधित दस्तावेजों के साथ आरटीए को विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म-आईएसआर 5 की हार्ड कॉपी जमा करके शेयरों के अंतरण के लिए सेवा का अनुरोध करें। प्रासंगिक प्रपत्र https://www.hoclindia.com/disclosures पर उपलब्ध है।

8. शेयरधारकों से अनुरोध है कि कंम्पनी में पंजीकृत अपने पते, अपने पैन, केवाईसी विवरण में किसी प्रकार के परिवर्तन की सूचना आरटीए को तत्काल उपलब्ध कराएं।

9. कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर हस्तांतरण **बुक्स शुक्रवार दिनांक 23 सितंबर, 2022 से गुरुवार 29 सितंबर, 2022 तक (दोनों दिन मिलाकर)** बंद रहेंगे।

10. अधिनियम की धारा 170 के तहत अनुरक्षित निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक का रजिस्टर और उनकी शेयरधारिता और अधिनियम की धारा 189 के तहत अनुरक्षित ठेके का रजिस्टर या व्यवस्था जिसमें निदेशक रुचि रखते हैं, एजीएम के दौरान सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध होगा। नोटिस में निर्दिष्ट सभी दस्तावेज बिना किसी शुल्क के सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक निरीक्षण के लिए इस सूचना के परिचालन की तारीख से 61वीं एजीएम की तारीख यानी 29-09-2022तक भी उपलब्ध होंगे। सदस्य जो ऐसे दस्तावेजों का निरीक्षण करने के लिए cs@hoclindia.com (ई मेल आईडी) पर एक ईमेल भेज सकते हैं।

11. अधिनियम की धारा 108 जिसे संबंधित नियमों और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("सूची विनियमन") के विनियमन 44 के अनुपालन में, कंपनी ने अपने सदस्यों को केंद्रीय डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ("ई–वोटिंग") सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने मतदान की सुविधा प्रदान की है। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले दूरस्थ ई–वोटिंग करके अपना मतदान किया हैं, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं लेकिन फिर से मतदान करने के हकदार नहीं होंगे। डिमटेरियलाइज्ड, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों द्वारा दूरस्थ रूप से मतदान करने का तरीका और जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उन्हें ई–वोटिंग सेक्शन के लिए निर्देश प्रदान किए गए हैं, जो इस नोटिस का हिस्सा है। निदेशक मंडल ने सर्वश्री डी एस मोमाया एंड कंपनी (एफ़आरएन सं एल2022एमएच012300),पेशेवर कंपनी सचिवों को संवीक्षक के रूप में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई–वोटिंग की जांच करने के लिए नियुक्त किया है।

12. **ई–वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 26 सितंबर, 2022 को 9.00 बजे (आईएसटी) से शुरू होती है और बुधवार, 28 सितंबर, 2022 को शाम 5.00 बजे (आईएसटी)** समाप्त होती है। इस अवधि के दौरान, कट–ऑफ डेट के अनुसार, यानी **22-09-2022** (कट ऑफ तारीख) को भौतिक या डिमटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखनेवाल सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने वोट डाल सकते हैं। इसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। किसी सदस्य को किसी भी प्रस्ताव पर फिर से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिस पर पहले ही वोट डाला जा चुका है। सदस्यों के मतदान अधिकार निर्दिष्ट तारीख यानी यानी **22-09-2022** (कट ऑफ तारीख) को कंपनी के प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर उनके शेयर के अनुपात में होंगे।

13. एजीएम के दौरान मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। वीसी के माध्यम से एजीएम में उपस्थित सदस्य और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से रोक नहीं गया है, एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट करने के लिए पात्र होंगे।

14. 61वीं एजीएम सूचना और वार्षिक रिपोर्ट भेजने की कट ऑफ तारीख 26 अगस्त 2022 है। कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयरों को प्राप्त करता है और नोटिस भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तारीख को शेयर रखता है, को अपना अनुरोध vinod.y@bigshareonline.com को भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। फिरभि, यदि उसने रिमोट ई वोटिंग के लिए सीडीएसएल में पहले ही पंजीकृत किया है तो वह अपना मौजूदा यूसर आईडी और पासवर्ड का उपयोग मतदान करने के लिए किया जा सकता/सकती है।

15. एमसीए/सेबी के परिपत्रों के अनुपालन में, 61वीं वार्षिक रिपोर्ट 2021-22, 61वीं एजीएम की सूचना और ई–वोटिंग के निर्देश केवल उन्हीं सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजे जा रहे हैं जिनके ईमेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी प्रतिभागी (यों) के साथ निर्दिष्ट तारीख 26-08-2022 के अनुसार पंजीकृत हैं। एजीएम सूचना की भौतिक प्रति और वार्षिक प्रतिवेतन 2021–22 उन सदस्यों जो इसके लिए अनुरोध करते हैं, को भेज दी जाएगी।

16. हम सदस्यों से आग्रह करते हैं कि वे ईमेल के माध्यम से कंपनी की सूचना प्राप्त करने का चयन करके पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करें। डिमैट मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने ईमेल पते को पंजीकृत करें, और भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 की प्रतियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में प्राप्त करने के लिए कंपनी के आरटीए, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ investor@bigshareonline.com पर अपने ई-मेल पते का अद्यतन करें।

17. सदस्य यह भी नोट कर सकते हैं कि 61वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 कंपनी की वेबसाइट, https:// www.hoclindia.com/financial-year-wise-annual-reports पर,स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

18. सेबी के सूचीकरण विनियमों के विनियम 40 जो समय–समय पर संशोधित है, के अनुसार सूचीबद्ध कंपनियों की प्रतिभूतियों को प्रतिभूतियों के प्रसारण या हस्तांतरण के लिए अनुरोध के मामले को छोड़कर,1 अप्रैल,2019 से प्रभावी रूप में केवल डीमैटरियलाइज्ड रूप में स्थानांतरित किया जा सकता है। इसे देखते हुए और भौतिक शेयरों से जुड़े सभी जोखिमों को खत्म करने के लिए और पोर्टफोलियो प्रबंधन में सुगमता के लिए, भौतिक रूप में शेयरों को रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी होल्डिंग को डीमैटरियलाइज्ड रूप में परिवर्तित करने पर विचार करें। सदस्य इस संबंध में सहायता के लिए कंपनी या कंपनी के रजिस्ट्रारों और ट्रांसफर एजेंटों, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क कर सकते हैं।

19. सेबी ने प्रतिभूति बाजार में प्रत्येक भागीदार द्वारा स्थायी खाता संख्या (पैन) प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। इसलिए, इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य से अनुरोध करते हैं कि अपने डिपोसिटरी प्रतिभागी को अपना पैन प्रदान करें। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को आरटीए यानि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को अपना पैन विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है।

20. चूंकि एजीएम वीडियो कोन्फ़ेरेंस / ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी, इस नोटिस में प्रॉक्सि फॉर्म, उपस्थिति पर्ची और रूट मैप संलग्न नहीं किया गया है।

**सीडीएसएल ई–वोटिंग प्रणाली रिमोट ई–वोटिंग और– एजीएम के दौरान ई–वोटिंग**

1. जैसा कि आप जानते हैं, कोविड़-19 वैश्विक महामारी के कारण उत्पन्न होने वाली स्थिति को देखते हुए, कंपनियों की आम बैठकें कॉरपोरेट मामले मंत्रालय (एमसीए) द्वारा ज़ारी सामान्य परिपत्रों की सं 14/2020,17/2020, 20/2020, 02/2021,19/2021,21/2021,2/2022 जो क्रमशः दिनांक 8 अप्रैल, 2020,13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020,13 जनवरी, 2021 और 8 दिसम्बर, 2021,14 दिसम्बर 2021 और 5 मई, 2022 को ज़ारी किए गए थे, के दिशा–निर्देशों के अनुसार आयोजित किया जाएगा। आगामी एजीएम/ईजीएम इस प्रकार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य श्रव्य दृश्य साधनों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। अतः, सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आगामी एजीएम/ईजीएम में भाग ले सकते हैं।

2. कंपनी आधनियम 2013 की धारा 108 के प्रावधानों जिसे कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली 2014 के नियम 20 (यथा संशोधित) और सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकंटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015 (यथा संशोधित) के विनियम 44 के प्रावधानों और एमसीए के दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020 और 05 मई, 2020 के परिपत्रों के अनुपालन में कंपनी एजीएम/ईजीएम में किए जाने वाले कार्य के संबंध में अपने सदस्यों को दूरस्थ ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इस प्रयोजन के लिए, कंपनी ने अधिकृत ई–वोटिंग एजेंसी के रूप में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ एक समझौता किया है। दूरस्थ ई–वोटिंग के साथ–साथ ईजीएम/एजीएम की तारीख पर ई–वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके सदस्य द्वारा वोट डालने की सुविधा सीडीएसएल द्वारा प्रदान की जाएगी।

3. सदस्य नोटिस में उल्लिखित कार्यविधि का पालन करके बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले वीसी/ ओएवीएम मोड में ईजीएम/एजीएम में शामिल हो सकते हैं। ईजीएम/एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भागीदारी की सुविधा पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर कम से कम 1000 सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें बड़े

शेयरधारक (2% या अधिक शेयर होल्डिंग वाले शेयरधारक), प्रमोटर, संस्थागत निवेशक, निदेशक, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, लेखापरीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और हितधारक संबंध समिति के अध्यक्ष, लेखापरीक्षकों आदि शामिल नहीं होंगे जिन्हें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रतिबंध के बिना ईजीएम/एजीएम में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

4. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम/ईजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम का पता लगाने के उद्देश्य से गिनी जाएगी।

5. कॉरपोरेट मामले मंत्रालय (एमसीए) के परिपत्रों के अनुसार, सदस्यों को मतदान के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करने और उनके द्वारा वोट देने की सुविधा इस एजीएम/ईजीएम के लिए उपलब्ध नहीं है। हालाँकि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 112 और धारा 113 के अनुसरण में, भारत के राष्ट्रपति या राज्य के राज्यपाल या निकाय निगम के अध्यक्ष के रूप में सदस्यों के प्रतिनिधि वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम/ईजीएम में भाग ले सकते हैं और ई–वोटिंग द्वारा अपने वोट डाल सकते हैं।

6. कॉरपोरेट मामले मंत्रालय (एमसीए) द्वारा ज़ारी दिनांक 13 अप्रैल, 2020 की परिपत्र संख्या 17/2020 के अनुसार एजीएम बुलाने की सूचना कंपनी की वेबसाइट http://www.hoclindia.com /announcements पर अपलोड किया गया है। प्रस्तुत सूचना को स्टॉक एक्स्चेंज यानि बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com से भी प्राप्त किया जा सकता है। एजीएम की सूचना सीडीएसएल (एजीएम के दौरान रिमोट ई वोटिंग सुविधा और ई–वोटिंग प्रणाली प्रदान करनेवाला अभिकरण) की वेबसाइट www.evotingindia.com माध्यम से प्रसारित किया जाता है।

**रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग वीसी/ओएवीएम के ज़रिए बैठक में शामिल होनेके लिए शेयरधारकों का अनुदेश नीचे दिया जाता है:**

**ई–मतदान के लिए अनुदेश**

(i) मतदान की अवधि **26 सितम्बर, 2022 सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरु होकर 28 सितम्बर 2022 को सायं 500 बजे (आईएसटी)** समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान कंपनी के शेयरधारी जो कट ऑफ तारीख **22 सितम्बर, 2022 तक कंपनी** के शेयर भौतिक रूप में या डीमैट रूप में धारण करते हैं वे अपना मत इलेक्ट्रोनिक माध्यम से डाल सकते हैं। उसके बाद वोट करने के लिए सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मोडयूल को बंद किया जाएगा।

(ii) शेयरधारी जिन्होने बैठक की तारीख के पहले ही अपना मतदान किया हो, बैठक केंद्र में मतदान करने के लिए हकदार नहीं है।

(iii) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के तहत सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/परि/पी/2020/242 दिनांक 09.12.2020 के अनुसार, सूचीबद्ध संस्थाओं को सभी शेयरधारकों के प्रस्तावों के संबंध में अपने शेयरधारकों को रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। फिरभि, यह देखा गया है कि सार्वजनिक गैर–संस्थागत शेयरधारकों/खुदरा शेयरधारकों की भागीदारी नगण्य स्तर पर है।

वर्तमान में, भारत में सूचीबद्ध संस्थाओं को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाले कई ई–वोटिंग सेवा प्रदाता (ईएसपी) हैं। इसके लिए शेयरधारकों द्वारा विभिन्न ईएसपी पर पंजीकरण और कई यूजर आईडी और पासवर्ड के रखरखाव की आवश्यकता होती है।

सार्वजनिक परामर्श के अनुसरण में मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए, **सभी डीमैट खाताधारकों को उनके डीमैट खातों/डिपॉजिटरी की वेबसाइटों/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से एकल लॉगिन क्रेडेंशियल के जरिए ई–वोटिंग** को सक्षम करने का निर्णय लिया गया है। डीमैट खाताधारक ईएसपी के साथ फिर से पंजीकरण किए बिना अपना वोट डालने में सक्षम होंगे, जिससे न केवल निर्बाध प्रमाणीकरण की सुविधा होगी बल्कि ई–वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने की आसानी और सुविधा भी बढ़ेगी।

(iv) सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा पर सेबी के परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/ सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 9 दिसंबर,2020 के अनुसार डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ बनाए गए अपने डीमैट खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेट करें।

उपरोक्त सेबी के परिपत्र के अनुसरण में सीडीएसएल/एनडीएसएल डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को ई वोटिंग करने और बैठक में भाग लेने के लिए लॉगिन तरीका नीचे दिए जाते हैं

| शेयरधारकों का प्रकार | लॉगिन विधि |
|---|---|
| सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | 1. जिन उपयोगकर्ताओं ने सीडीएसएल आसान / सबसे आसान सुविधा का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। बिना किसी और प्रमाणीकरण के ईवोटिंग पेज पर पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। उपयोगकर्ताओं के लिए ईसी/ईसीएस्ट में लॉगिन करने के लिए URL https://web.cdslindia .com/myeasi/home/login या www.cdslindia.com पर जाएं और लॉग इन आइकन पर क्लिक करें और न्यू सिस्टम मईईसी चुनें।<br>2. सफल लॉगिन के बाद ईसी/ईसीएस्ट उपयोगकर्ता कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार पात्र कंपनियों के लिए ई-वोटिंग विकल्प देख सकेंगे, जहां इवोटिंग चल रही है। इवोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर, उपयोगकर्ता रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता का ई-वोटिंग पेज देख सकेगा। इसके अतिरिक्त, सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं यानी सीडीएसएल/ एनएसडीएल/ कार्वी/लिंकइनटाइम की प्रणाली तक पहुंचने के लिए लिंक भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि उपयोगकर्ता सीधे ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर जा सकें।<br>3. यदि उपयोगकर्ता ईसी/ईसीएस्ट के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण करने का विकल्प https://web.cdslindia.com/myeasi/Registration/Easi Registration पर उपलब्ध है।<br>4. वैकल्पिक रूप से, उपयोगकर्ता www.cdslindia.com होम पेज पर उपलब्ध ई-वोटिंग लिंक से डीमैट खाता संख्या और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई-वोटिंग पेज तक पहुंच सकते हैं या https://evoting.cdslindia com/Evoting/ EvotingLogin पर क्लिक कर सकते हैं। सिस्टम डीमैट खाते में दर्ज पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, उपयोगकर्ता उस ई-वोटिंग विकल्प को देखने में सक्षम होगा जहां वोटिंग चल रही है और सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की प्रणाली को सीधे एक्सेस करने में भी सक्षम होगा। |
| एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | 1) यदि आप पहले से ही एनएसडीएल IDeAS सुविधा के लिए पंजीकृत हैं, तो कृपया एनएसडीएल की ई-सर्विसेज वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर यूआरएल https://eservices.nsdl.com टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें। एक बार ई-सेवाओं का होम पेज लॉन्च होने के बाद, "लॉगिनह्न के तहत "बेनिफिशियल ओनरह्न आइकन पर क्लिक करें, जो 9आइडीएएस"(IDeAS) सेक्शन के तहत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आप ई-वोटिंग सेवाओं को देख पाएंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के तहत "एक्सेस टू ई-वोटिंगह्न पर क्लिक करें और आप ई-वोटिंग पेज देख पाएंगे। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग करने के लिए आपको ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुन: निर्देशित किया जाएगा।<br>2) यदि उपयोगकर्ता आईडीईएएस (IDeAS) ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है। "आईडीईएएस'' पोर्टल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करें चुनें या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। |

| | |
|---|---|
| | 3) एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर यूआरएल https://www.evoting.nsdl.com / टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें। ई–वोटिंग सिस्टम का होम पेज लॉन्च होने के बाद, "लॉगिनह्न आइकन पर क्लिक करें जो 9शेयरधारक/सदस्य" सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी (यानी एनएसडीएल के साथ आपका सोलह अंकों का डीमैट खाता नंबर), पासवर्ड/ओटीपी और एक सत्यापन कोड दर्ज करना होगा जैसा कि स्क्रीन पर दिखाया गया है। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर भेज दिया जाएगा, जहां आप ई–वोटिंग पेज देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग करने के लिए आपको ई–वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर रीडायरेक्ट किया जाएगा। |
| व्यक्तिगत शेयरधारक (डीमैट रूप में प्रतिभूति धरण करनेवाले) अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के जरिए लॉगिन करें | आप ई–वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत डिपॉजिटरी प्रतिभागी के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगिन कर सकते हैं। सफल प्रमाणीकरण के बाद आप ई–वोटिंग विकल्प देख पाएंगे। एक बार आप ई–वोटिंग विकल्प पर क्लिक करें, सफल प्रमाणीकरण के बाद आपको एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा। जिसमें आप ई–वोटिंग सुविधा देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और आप को रिमोट ई वोटिंग अवधि के दौरान अपने वोट डालने के लिए या बैठक के दौरान वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए ई–वोटिंग सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा। |

**महत्वपूर्ण नोट: जो सदस्य यूजर आईडी/पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगेट यूजर आईडी और फॉरगेट पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें।**

डिपॉजिटरी यानी सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी मुद्दे के लिए डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क

| लॉगिन प्रकार | हेल्पडेस्क विवरण |
|---|---|
| **सीडीएसएल** के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | सदस्य जो लॉगिन करने में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना कर रहे हैं, वे helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या 022- 23058738 और 022-23058542-43 पर संपर्क करें। |
| **एनएसडीएल** के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | सदस्य जो लॉगिन करने में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना कर रहे हैं, वे evoting@nsdllindia.com पर अनुरोध भेजकर एनडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं। |

(v) डीमैट फॉर्म में गैर व्यक्तिगत शेयरधारकों को छोड़कर भौतिक शेयरधारकों के मामले में ई–वोटिंग और वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए लॉगिन विधि।

1) शेयरधारक को ई वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉगिन करना चाहिए ।

2) "शेयरहोल्डर्स'' मॉड्यूल पर क्लिक करें।

3) अब अपना यूजर आईडी दर्ज करें

(क) सीडीएसएल के लिए:16 डिजिट का बेनिफिशेयरी आईडी,

(ख) एनएसडीएल के लिए: 8 कैरेक्टर डीपी आईडी और उसके बाद 8 डिजिट का क्लाइंट आईडी,

(ग) प्रत्यक्ष रुप से शेयर धारण करने वाले सदस्य कंपनी के पास पंजीकृत फोलियो नंबर एन्टर करें

4) आगे प्रदर्शित इमेज वेरिफिकेशन पर एन्टर करें और लॉगिन पर क्लिक करें।

5) यदि आप डीमैटीकृत शेयर धारण करते हैं और www?evotingindia.com में लॉगिन किया गया है और किसी भी कंपनी का वोट इससे पहले किया गया हो तो आपके विद्यमान पासवर्ड का उपयोग किया जाना है।

6) यदि आप पहली बार उपयोग कर रहे हैं तो नीचे दिये अनुदेशों का पालन करें।

| | **भौतिक रूप में शेयरधारण करने वालों को और शेयरो को डीमैट में धारण करनेवाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को छोडकर** |
|---|---|
| पैन | आयकर विभाग द्वारा जारी आपके पैन का 10 डिजिट अल्फा न्यूमरिक एन्टर करें (डीमैट शेयर धारकों तथा प्रत्यक्ष शेयर धारकों दोनो के लिए लागू है) सदस्य जो जिन्होंने अपना पैन का कंपनी/डिपाजिटरी प्रतिभागी के साथ अद्यतन नहीं किया है, से अनुरोध है कंपनी /आरटीए द्वारा भेज दी गयी क्रमांक का उपयोग करें या कंपनी /आरटीए से संपर्क करें। |
| लाभांश बैंक विवरण या जन्मतिथि | लॉगिन करने के लिए अपना डीमैट खाता में दर्ज या कंपनी के रिकार्ड में दर्ज किए गए अनुसार लाभांश बैंक विवण या जन्मतिथि (दिवस/मास/वर्ष ?रमैट) में दर्ज करे। ङयदि डिपाजिटरी (निक्षेपागार) या कंपनी के साथ दोनों विवरण दर्ज नही किया गया है तो कृपया अनुदेश (V) में उल्लेखित अनुसार लाभांश बैक विवरण क्षेत्र में सदस्य आईडी या फोलियो संख्या दें। |

(vi) इन विवरणों को उपयुक्त रूप में दर्ज करने के बाद "सबमिट" टैब क्लिक करें।

(vii) भौतिक रूप से शेयर धारण करने वाले शेयरधारक सीधे अपनी कंपनी चयन स्क्रीन पर पहुंचेगा। फिर भी सदस्य जो डीमेट रूप में शेयर धारण करते हैं अब "पासवर्ड क्रिएशन" मेनू पर पहुंच जाएगा। जहाँ उन्हें नए पास वर्ड क्षेत्र में अपना लॉगिन पासवर्ड अनिवार्य रूप से एंटर करना है। कृपया नोट करें कि इस पासवर्ड का उपयोग डीमैट धारक अन्य किसी कंपनी जहाँ उन्हे वोट करने की पात्रता हो, के सकंल्प के लिए वोट करने के लिए किया जा सकता है। बशर्ते कंपनी सीडीएसएल प्लेटफार्म पर ई-वोटिंग चयन करते हो, यह सख्ती से सिफारिश की जाती है। आपका पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को नहीं बताएं और आपका पासवर्ड गोपनीय रूप से रखने में सबसे अधिक ध्यान दें।

(viii) शेयरधारक जो भौतिक रूप से शेयर धारण करते हैं प्रस्तुत विवरणों का उपयोग केवल सूचना में निहित संकल्पों पर ई–वोटिंग के लिए किया जा सकता है।

(ix) ईवीएसएन पर संगत ढकंपनी नाम ल पर दबाएं जिस पर आप वोट करना चाहते हैं।

(x) वोटिंग पृष्ठ पर आप "रिज्योलुशन डिस्क्रप्शन'' और उक्त के विरुद्ध वोटिंग के लिए विकल्प एस/नो/ देखेंगे। अपनी इच्छानुसार यस या नो विकल्प का चयन करें। विकल्प यस का आशय है कि आप संकल्प से सहमत हैं और नो का आशय है कि आप संकल्प से सहमत नहीं हैं।

(xi) यदि आप संपूर्ण रिजोलुशन विवरण देखना चाहे तो रिजोलुशन फाइल लिंक पर दबाएं।

(xii) संकल्प चयन करने के बाद, आप वोट करना चाहते हैं, सबमिट पर क्लिक करें। पुष्टि करने संबंधी एक बाक्स दिखाई पडेगा,यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं तो ओके क्लिक करें अन्यथा आपके वोट में परिवर्तन करना है तो कैन्सल पर दबाएं और उसी प्रकार अपना वोट संशोधित करें।

(xiii) संकल्प पर आपके वोट की पुष्टि होने के बाद आपके वोट पर संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(xiv) आप वोटिंग पृष्ठ पर दिए गए विकल्प क्लिक हियर टू प्रिंट दबाने पर अपने द्वारा किए गए वोट का प्रिंट ले सकते हैं।

(xv) यदि डीमैट खाता धारक परिवर्तित पासवड भूल जाते हैं तो तब यूजर आईडी तथा इमेज वेरिफिकेशन कोड दबाएं और फॉरगेट पासवर्ड दबाएं तथा सिस्टिम द्वारा मांगे गए विवरण प्रदान करें।

**(xvi) गैर–व्यक्तिगत शेयरधारकों और संरक्षकों के लिए अतिरिक्त सुविध - केवल रिमोट वोटिंग के लिए**

★ गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों (अर्थात व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरई आदि को छो?कर) और संरक्षकों का www.evotingindia.com लागऑन तथा अपने को "कॉर्पोरेट'' के रूप में पंजीकृत करने की अपेक्षा है ।

★ उन्हें पंजीकरण प्रपत्र जिसमें संस्था की मोहर और हस्ताक्षर हो, की स्कैन की गई प्रति helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल करें।

★ लॉगिन विवरण प्राप्त होने के बाद उन्हें एडमिन लॉगिन और पासवर्ड का उपयोग कर एक अनुपालन उपयोगकर्ता का सृजन किया जाना है। अनुपालन उपयोगकर्ता उस यूजर खाते जिसपर वे वोट करना चाहते है को जोडने मे सक्षम हो जाएंगे।

★ लॉगिन से जु? खातों की सूची को helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल करना चाहिए और खातों के अनुमोदन करने के बाद वे अपना मतदान कर सकेंगे।

★ बोर्ड संकल्प और पावर ऑफ एटोर्नी जिनको उन्होंने संरक्षक के पक्ष में जारी किया है, का स्कैन की गई प्रति यदि कोई हो तो, सिस्टम में पीडीएफ फारमेट में संवीक्षक को उक्त की जांच के लिए अपलोड किया जाना चाहिए।

★ वैकल्पिक रूप से गैर–व्यक्तिगत शेयरधारकों को संगत बोर्ड संकल्प/ प्राधिकार पत्र आदि के स्कैन की गई प्रति पीडीएफ/जेपीजी फारमेट में विधिवत प्राधिकृत अधिकारियों जिन्हें वोट करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, के साक्ष्यंकित नमूना हस्ताक्षर सहित संवीक्षक और कंपनी को cs@hoclindia.com (कंपनी द्वारा नामति ईमेल पता) में भेजने की आवश्यकता है, यदि उन्होने व्यक्तिगत टैब से वोट किया है और सीडीएसएल ई वोटिंग प्रणाली में संवीक्षक के लिए उक्त की जांच के लिए अपलोड नहीं किया है।

**वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम/ईजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों और बैठक के दौरान ई वोटिंग के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:**

1. बैठक में भाग लेने और एजीएम के दिवस पर ई वोटिंग की कार्यविधि ई वोटिंग के लिए ऊपर उल्लिखित अनुदेश के बराबर है।
2. बैठक में भाग लेने हेतु वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक ई वोटिंग के लिए ऊपर उल्लिखित अनुदेशों के अनुसार सफल रूप से लॉगिन करने पर जहाँ कंपनी का ईवीएसएन प्रदर्शित किया जाएगा, उपलब्ध होगी ।
3. शेयरधारक जिन्होने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान किया है बैठक में भाग ले सकते है लेकिन एजीएम में वोट करने के लिए हकदार नहीं होंगे।
4. शेयरधारकों को बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप / आईपैड के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
5. आगे, बैठक के दौरान किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिए शेयरधारकों को कैमरा की अनुमति और अच्छी स्पीड के साथ इंटरनेट का उपयोग करने की आवश्यकता होगी।
6. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल उपकरणों या टैबलेट्स से या मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से जुडने वाले लैपटाप प्रतिभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में विचलन के कारण ऑडियो/वीडियो की हानि का अनुभव हो सकता है। इसलिए किसी भी प्रकार के उपरोक्त गड़बड़ियों (ग्लिच) को कम करने के लिए स्थायी वाई–फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करने की सिफारिश की जाती है।
7. शेयरधारक जो बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं/प्रश्न करना चाहते हैं, कम से कम बैठक के 14 दिन पहले अनुरोध भेजकर अपने को एक वक्ता के रूप में पंजीकृत करें। इसके लिए उनके नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो संख्या, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए का अनुरोध कंपनी ईमेल आईडी पर भेजें। जिन शेयरधारकों को एजीएम के दौरान बोलने की इच्छा नहीं है, लेकिन पूछताछ है तो अपनी पूछताछ उनके नाम, डीमैटै खाता संख्या/ फोलियो नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर (कंपनी ईमेल आईडी) का उल्लेख कर बैठक से 14 दिन पहले कंपनी के ईमेल आईडी में भेजा जा सकता हैं। इन प्रश्नों का उत्तर कंपनी द्वारा ईमेल द्वारा उपयुक्त रूप से दिया जाएगा।
8. जिन शेयरधारकों ने खुद को एक वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, केवल उन्हें बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न करने की अनुमति दी जाएगी।
9. केवल ऐसे शेयरधारक, जो ईजीएम / एजीएम में वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से उपस्थित हैं और उन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से संकल्पों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से रोक नहीं है, को ईजीएम / एजीएम के दौरान उपलब्ध ई मतदान प्रणाली के माध्यम से वोट करने के लिए पात्र होंगे।
10. यदि ईजीएम/एजीएम के दौरान उपलब्ध ई–वोटिंग के माध्यम से शेयरधारकों द्वारा कोई वोट दिया जाता है और अगर वही शेयरधारकों ने वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग नहीं लिया है, तो ऐसे शेयरधारकों द्वारा डाले गए वोटों को अमान्य माना जाएगा। बैठक के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा केवल बैठक में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए उपलब्ध है।

**सूचना में प्रस्तावित संकल्पों पर ई वोटिंग के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त करने हेतु डिपॉज़िटिरीस के साथ जिनका ई मेल पता पंजीकृत नहीं किए गए उन शेयरधारकों के लिए कार्यविधि :**

1. भौतिक शेयरधारकों के लिए– कृपया आवश्यक विवरण जैसे कि फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई कॉपी (आगे और पीछे),पैन (पैन कार्ड की स्वसत्यापित स्कैन कॉपी), आधार (आधार की स्वसत्यापित **स्कैन की गई प्रति) कार्ड) कंपनी/आरटीए के ईमेल आईडी** पर प्रदान करें।
2. डीमैट शेयरधारकों के लिए– कृपया डीमैट खाता विवरण (सीडीएसएल–16 अंक के लाभार्थी आईडी या एनएसडीएल– 16 अंक डीपीआईडीःसीएलआईडी), नामक्लाईंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड के स्व प्रमाणित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधारकार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन की गई प्रति) कंपनी/आरटीए के ईमेल आईडी पर प्रदान करें यदि आपको एजीएम में भाग लेने और सीडीएसएलई वोटिंग प्रणाली के माध्यम से ई–वोटिंग के संबंध में किसी प्रकार के प्रश्न और समस्या हो तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई- मेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क करें।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों को श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड,ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व),मुंबई– 400013 को संबोधित किया जा सकता है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।

**हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के**
**निदेशक मण्डल के आदेश द्वारा**
**हस्ता–**
**(सुब्रमनियन)**
**कंपनी सचिव**
**(एफसीएस 28380)**

**स्थान:सीबीडी बेलापुर**
**दिनांक:30/08/2022**

**पंजीकृत कार्यालय**
**401,402,403,चौथा तल, वी टाइम्स स्क्वेयर प्लॉट सं 3**
**सेक्टर 15,सीबीडी बेलापुर, नवीं मुंबई, ठाणे महाराष्ट्र 400614 भारत**

**सूचना में उल्लिखित मदों के क्रम में सेबी (एलओडीआर) के विनियम 36 (3) के अधीन अपेक्षित वार्षिक आम बैठक में पुनः नियुक्ति की मांग करने वाले निदेशक का अतिरिक्त विवरण**

| विवरण | श्री सतेन्द्र सिंह |
|---|---|
| डीआईएन | 05195060 |
| जन्म तिथि | 28/08/1971 |
| आयु | 51 वर्ष |
| नियुक्ति की तारीख | 21/12/2021 |
| निदेशक/केएमपी के साथ संबंध | नहीं |
| कंपनी में शेयरधारिता | नहीं |
| योग्यताएं | बी टेक, एमए (पब्लिक पॉलिसी) आईएएस (1995 बैच) झारखंड संवर्ग |

| | |
|---|---|
| विशिष्ट कार्य क्षेत्रों में विशेषज्ञता | श्री सत्येन्द्र सिंह, भारतीय प्रशासनिक सेवा 1995 बैच के झारखंड संवर्ग के अधिकारी है। वे फिलहाल अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार,नई दिल्ली में कार्य कर रहे हैं।<br>श्री सत्येन्द्र सिंह ने रुडकी विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग किया। आपने ड्यूक विश्वविद्यालय से पब्लिक पॉलिसी में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की। आपने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विविध अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में भाग लिया है। |
| 31 मार्च 2022 को कंपनी में धारित शेयरों की संख्या | शून्य |
| अन्य कंपनियों में निदेशक का पद | **राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइसेर्स लिमिटेड** |
| अन्य कंपनियों जहां वे 31 मार्च 2022 को निदेशक है, के निदेशकों की समिति में अध्यक्ष/सदस्य | शून्य |
| वर्ष 2021–22 के दौरान भाग लिए बोर्ड बैठकों की संख्या | दो (2) |

**कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 102 के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरण**

**मद सं 4-वर्ष 2022–23 के लिए लागत लेखापरीक्षकों की नियुक्ति**

कंपनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') की धारा 148 और कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियमावली 2014 (''नियम'') के प्रावधानों के अनुसार कंपनी को उपरोक्त धारा के अनुसरण में जारी नियमों के अधीन निर्धारित उत्पादों और सेवाओं के लिए कंपनी के लागत अभिलेखों की लेखापरीक्षा के लिए लागत लेखापरीक्षकों को नियुक्त करने की आवश्यकता है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने मेसर्स आर.एम. बंसल एंड कंपनी, लागत लेखाकार (फर्म पंजीकरण संख्या (000022) को वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी द्वारा अनुरक्षित लागत अभिलेखों की लागत लेखा परीक्षा कुल शुल्क 50,000/- रुपए और जीएसटी पर करने के लिए तथा तसंबंधी अनुपालन प्रमाण पत्र जारी करने और वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कोची यूनिट के उत्पादों के संबंध में एक्सबीआरएल ई–फोर्म्स से संबन्धित लागत लेखापरीक्षा रिपोर्टों के ई–फाइल कार्य में मदद के लिए कंपनी के लागत लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त करने के लिए मंजूरी दी।

मेसर्स आर.एम. बंसल एंड कंपनी, लागत लेखाकर ने कंपनी के लागत लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए अपनी पात्रता के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए हैं। अधिनियम की धारा 148 जिसे नियमों के साथ पढ़ा जाए के प्रावधानों के अनुसार, लागत लेखा परीक्षक को देय पारिश्रमिक कंपनी के शेयरधारकों द्वारा अनुसमर्थित किया जाना है। तदनुसार, उक्त प्रयोजन के लिए सदस्यों की सहमति मांगी गई है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए सूचना के मद संख्या 4 में निर्धारित सामान्य संकल्प की सिफारिश करते हैं।

कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, जिसमें उनके रिश्तेदार भी शामिल हैं, कंपनी में अपनी शेयरधारिता, यदि कोई हो, की सीमा तक अपेक्षित संकल्प में रुचि या संबंध नहीं रखते हैं।

**मद संख्या 5: श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव (डीआईएन 09699641) की सरकारी नामित निदेशक के रूप में नियुक्ति**

कंपनी के संस्था के बहिर्नियम के अनुसार, निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति के पास निहित है। तदनुसार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन और पेट्रोकेमिकल विभाग, भारत सरकार ने दिनांक 30 मार्च, 2022 के आदेश संख्या पी–510 11/6/2011–केमिकल–III-सीपीसी के तहत श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) के निदेशक मंडल में सरकारी नामिती निदेशक के रूप में 30 मार्च, 2022 से तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो नियुक्त किया है।

कंपनी को श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव से कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत आवश्यक सभी वैधानिक प्रकटीकरण/ घोषणाएं प्राप्त हुई हैं। निदेशक मंडल ने 26 मई, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव को एचओसीएल के निदेशक मंडल में सरकारी नामिती निदेशक के रूप में 30 मार्च, 2022 से तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त करने के सरकारी आदेश को नोट किया।

संस्था के बहिर्नियम के अनुसार, हालांकि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152(2) के प्रावधानों के अनुसार, एचओसीएल के निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति भारत सरकार के पास निहित है, प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति कंपनी द्वारा आम बैठक में की जाएगी। इसलिए, निदेशक मंडल विशेष संकल्प के माध्यम से सदस्यों के अनुमोदन के लिए मद संख्या 5 में निर्धारित संकल्प की सिफारिश करता है।

श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव, जिनसे संकल्प संबंधित है, को छोड़कर कोई भी निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार, मद संख्या 5 में निर्धारित प्रस्तावित प्रस्ताव को पारित करने में, वित्तीय या अन्यथा, रुचि या संबंधित नहीं हैं।

श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव की प्रोफाइल

| | |
|---|---|
| **डीआईएन** | **09699641** |
| जन्म तिथि | 14/11/1980 |
| नियुक्ति तारीख | 30.03.2022 |
| निदेशक/केएमपी के साथ संबंध | नहीं |
| कंपनी में शेयरधारिता | नहीं |
| भुगतान के लिए प्रस्तावित पारिश्रमिक | शून्य |
| विशिष्ट कार्यक्षेत्र में विशेज्ञता | सरकारी क्षेत्र में अनुभव |
| 31 मार्च 2022 को कंपनी में शेयरधारिता | शून्य |
| अन्य सूचीबद्ध कंपनियों में निदेशक के पद | शून्य |
| अन्य कंपनियों जहां वे 31 मार्च 2022 को निदेशक है, के निदेशकों की समिति में अध्यक्ष/सदस्य | शून्य |
| वर्ष 2021–22 के दौरान भाग लिए बोर्ड बैठकों की संख्या | लागू नहीं |

**सूचना की मद संख्या 6: डॉ भारत जे कनाबर (डीआईएन 09466694) की गैर–सरकारी अंशकालिक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति**

कंपनी के संस्था के बहिर्नियम के अनुसार, निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति के पास निहित है। तदनुसार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, भारत सरकार ने दिनांक 24 दिसंबर, 2021 के आदेश संख्या पी–53013/8/2019–सीएचईएम।III-सीपीसी के तहत डॉ भारत जे कनबर को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) के निदेशक मंडल में तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति आदेश की अधिसूचना की तिथि से या अगले आदेश तक अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया।। डॉ भरत जे कनबर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) और सेबी एलओडीआरआर के विनियमन 16 के तहत निर्धारित एक स्वतंत्र निदेशक की आवश्यकता को पूरा करते हैं।

कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत डॉ भारत जे कनबर से सभी वैधानिक प्रकटीकरण /घोषणाएं प्राप्त हुई हैं। निदेशक मंडल ने माना है कि डॉ भारत जे कनबर के पास इस भूमिका के लिए प्रमुख आवश्यकताओं के रूप में विविध कौशल, नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं में विशेषज्ञता चिकित्सा क्षेत्र में अनुभव है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, निदेशक मंडल ने 28 जनवरी, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में 24 दिसंबर, 2021 से प्रभावी तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए या भारत सरकार के अगले आदेश तक एचओसीएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में डॉ भारत जे कनबर की नियुक्ति के सरकारी आदेश को नोट किया। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(13) के प्रावधानों के अनुसार, स्वतंत्र निदेशक रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं है। तदनुसार, डॉ भरत जे कनबर 24 दिसंबर, 2021 से या सरकार के अगले आदेश तक तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं।

संस्था के बहिर्नियम के अनुसार, हालांकि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152(2) के प्रावधानों के अनुसार, एचओसीएल के निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति भारत सरकार के पास निहित है, प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति कंपनी द्वारा आम बैठक में की जाएगी। इसलिए, बोर्ड विशेष संकल्प के माध्यम से सदस्यों के अनुमोदन के लिए मद संख्या 6 में निर्धारित संकल्प की सिफारिश करता है।

डॉ भरत जे कनाबर, जिनसे संकल्प संबंधित है, को छोड़कर कोई भी निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार, मद संख्या 6 में निर्धारित प्रस्तावित प्रस्ताव को पारित करने में, वित्तीय या अन्यथा, रुचि या संबंधित नहीं हैं।

**डॉ भारत जे कनाबर की प्रोफाइल**

| | |
|---|---|
| **डीआईएन** | **09466694** |
| जन्म तिथि | 06/07/1955 |
| नियुक्ति तारीख | 24.12.2021 |
| निदेशक/केएमपी के साथ संबंध | नहीं |
| कंपनी में शेयरधारिता | नहीं |
| भुगतान के लिए प्रस्तावित पारिश्रमिक | शून्य |

| | |
|---|---|
| विशिष्ट कार्यक्षेत्र में विशेज्ञता | चिकित्सा पेशेवर के रूप में अनुभव हासिल |
| 31 मार्च 2022 को कंपनी में शेयरधारिता | शून्य |
| अन्य सूचीबद्ध कंपनियों में निदेशक के पद | हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन्स में स्वतंत्र निदेशक |
| अन्य कंपनियों जहां वे 31 मार्च 2022 को निदेशक है, के निदेशकों की समिति में अध्यक्ष/सदस्य | तीन(3) समितियां |
| वर्ष 2021–22 के दौरान भाग लिए बोर्ड बैठकों की संख्या | तीन(3) |

**मद संख्या 7: श्री प्रत्यूष मंडल (डीआईएन 09461918) की गैर सरकारी अंशकालिक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति**

कंपनी के संस्था के बहिर्नियम के अनुसार, निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति के पास निहित है। तदनुसार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, भारत सरकार ने दिनांक 24 दिसंबर, 2021 के आदेश संख्या पी–53013/8/2019–सीएचईएम III-सीपीसी के तहत श्री प्रत्यूष मंडल को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) के निदेशक मंडल में तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति आदेश की अधिसूचना की तिथि से या अगले आदेश तक अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया।। श्री प्रत्यूष मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) और सेबी एलओडीआरआर के विनियमन 16 के तहत निर्धारित एक स्वतंत्र निदेशक की आवश्यकता को पूरा करते हैं।

कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत श्री प्रत्यूष मंडल से सभी वैधानिक प्रकटीकरण /घोषणाएं प्राप्त हुई हैं। निदेशक मंडल ने माना है कि श्री प्रत्यूष मंडल के पास इस भूमिका के लिए प्रमुख आवश्यकताओं के रूप में विविध कौशल, नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं में विशेषज्ञता चिकित्सा क्षेत्र में अनुभव है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, निदेशक मंडल ने 28 जनवरी, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में 24 दिसंबर, 2021 से प्रभावी तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए या भारत सरकार के अगले आदेश तक एचओसीएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में श्री प्रत्यूष मंडल की नियुक्ति के सरकारी आदेश को नोट किया। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(13) के प्रावधानों के अनुसार, स्वतंत्र निदेशक रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं है। तदनुसार, श्री प्रत्यूष मंडल 24 दिसंबर, 2021 से या सरकार के अगले आदेश तक तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं।

संस्था के बहिर्नियम के अनुसार, हालांकि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152(2) के प्रावधानों के अनुसार, एचओसीएल के निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति भारत सरकार के पास निहित है, प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति कंपनी द्वारा आम बैठक में की जाएगी। इसलिए, बोर्ड विशेष संकल्प के माध्यम से सदस्यों के अनुमोदन के लिए मद संख्या 6 में निर्धारित संकल्प की सिफारिश करता है।

श्री प्रत्यूष मंडल, जिनसे संकल्प संबंधित है, को छोड़कर कोई भी निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार, मद संख्या 6 में निर्धारित प्रस्तावित प्रस्ताव को पारित करने में, वित्तीय या अन्यथा, रुचि या संबंधित नहीं हैं।

**श्री प्रत्यूष मंडल की प्रोफाइल**

| **डीआईएन** | **09461918** |
|---|---|
| जन्म तिथि | 05/07/1979 |
| नियुक्ति तारीख | 24.12.2021 |
| निदेशक/केएमपी के साथ संबंध | नहीं |
| कंपनी में शेयरधारिता | नहीं |
| भुगतान के लिए प्रस्तावित पारिश्रमिक | शून्य |
| विशिष्ट कार्यक्षेत्र में विशेज्ञता | समाज के कमजोर, युवा महिलाओं औए पिछडे तबके के बेहतर विकास के लिए सामाजिक सेवा में अनुभव |
| 31 मार्च 2022 को कंपनी में शेयरधारिता | शून्य |
| अन्य सूचीबद्ध कंपनियों में निदेशक के पद | शून्य |
| अन्य कंपनियों जहां वे 31 मार्च 2022 को निदेशक है, के निदेशकों की समिति में अध्यक्ष/सदस्य | शून्य |
| वर्ष 2021–22 के दौरान भाग लिए बोर्ड बैठकों की संख्या | तीन(3) |

**मद संख्या 8: पंजीकृत कार्यालय को महाराष्ट्र से केरल में स्थानांतरित करना**

भारत सरकार ने 25 मई, 2017 को कंपनी के लिए एक पुनर्गठन योजना को अनुमोदन दिया। अनुमोदित पुनर्गठन योजना के अनुसार और कंपनी के शेयरधारकों के पूर्व अनुमोदन के साथ, रसायनी इकाई का संचालन बंद कर दिया गया था, कर्मचारियों को वीआरएस दिया गया था और चल संपत्ति की बिक्री पूरे हो गए हैं। हालांकि, ग्रामीणों / किसान जो खाली जमीन पर खेती कर रहे हैं के विरोध के कारण जमीन की बिक्री आंशिक रूप से पूरी हो गई है। इसे देखते हुए, पंजीकृत कार्यालय को स्थानांतरित करने की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद, भूमि बिक्री संबंधी मामलों को केरल में पंजीकृत कार्यालय के वास्तविक स्थानांतरण से पहले कंपनी द्वारा विचार किया जाएगा।

कंपनी के निदेशक मंडल ने 26 मई, 2022 को हुई बैठक में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को सीबीडी, बेलापुर, नवी–मुंबई, महाराष्ट्र से कोची, केरल में स्थानांतरित करने की मंजूरी दी थी, जो शेयरधारकों की मंजूरी और प्रशासनिक मंत्रालय और अन्य नियामक प्राधिकरणों से अंतिम अनुमोदन के अधीन है।

पंजीकृत कार्यालय को मुंबई से कोची स्थानांतरित करने का औचित्य नीचे दिया गया है: –

- कोची एचओसीएल की एकमात्र इकाई है जो अभी काम कर रही है। शीर्ष प्रबंधन का निर्माण इकाई के मामलों पर प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण और नियंत्रण होगा, विशेष रूप से इस तथ्य के मद्देनजर कि कोची इकाई के वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही सेवानिवृत्त हो गए हैं/सेवानिवृत्त हो रहे है।
- कॉर्पोरेट कार्यालय भवन के किराए पर बचत – मुंबई में कार्यालय के रखरखाव के लिए भारी किराए का भुगतान किया जाता है, जबकि निदेशकों के कार्यालय को समायोजित करने के लिए कोची में पर्याप्त कार्यालय स्थान और सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- मजदूरी बिल पर बचत– कोची में एचआरए मुंबई की तुलना में 10% कम है। एचआरए पर बचत होगी।
- जनशक्ति का बेहतर उपयोग–कारपोरेट कार्यालय और कोची इकाई की जनशक्ति को एक स्थान पर एक साथ जोड़कर जनशक्ति का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है। भूमि बिक्री मामलों आदि के लिए तैनात कर्मचारी पूरी तरह से उसी पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।
- शीर्ष प्रबंधन और वरिष्ठ अधिकारियों के संयंत्र के दौरे और इसके विपरीत यात्रा खर्च पर बचत।
- विनिर्माण स्थल पर ही निर्णयकर्ताओं की उपलब्धता के कारण त्वरित संचार और मौके पर निर्णय लेने के साथ अधिक कुशल प्रशासन ।

इसके अलावा, कंपनी (निगमन) नियम, 2014 और अन्य लागू नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 12, 13 और ऐसे अन्य लागू प्रावधानों के प्रावधानों के अनुसार, यदि कंपनी का पंजीकृत कार्यालय किसी शहर,कस्बे या गांव जहां अधिनियम के प्रारंभ होने के समय कार्यालय स्थित है, की स्थानीय सीमा के बाहर स्थानांतरित किया गया है तो एक विशेष संकल्प पारित करने की आवश्यकता है और परिणामस्वरूप कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन होता है।

प्रस्तावित परिवर्तन के परिणामस्वरूप, कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के खंड 2 को नीचे दिए गए अनुसार प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है: –

**खंड 2: "कंपनी का पंजीकृत कार्यालय केरल राज्य, कोची में स्थित होगा।"**

इसके अलावा, यदि कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक रजिस्ट्रार के अधिकार क्षेत्र से दूसरे रजिस्ट्रार में बदल दिया जाता है, तो क्षेत्रीय निदेशक से पुष्टि/अनुमोदन भी आवश्यक है।

जैसा कि कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक है, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र से कोची, केरल में स्थानांतरित करने और कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन को बदलने के लिए सदस्यों की मंजूरी मांगी जाती है।

इसलिए निदेशक मंडल सदस्यों के अनुमोदन के लिए नोटिस के मद संख्या 8 में निर्धारित विशेष संकल्प की सिफारिश करता है।

कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, जिसमें उनके रिश्तेदार भी शामिल हैं, कंपनी में अपनी शेयरधारिता, यदि कोई हो, की सीमा तक अपेक्षित संकल्प में रुचि या संबंध नहीं रखते हैं।

**हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के**
**निदेशक मण्डल के आदेश द्वारा**
**हस्ता–**

**स्थान:सीबीडी बेलापुर** **(सुब्रमनियन)**
**दिनांक:30/08/2022** **कंपनी सचिव**
**(एफसीएस 28380)**

**पंजीकृत कार्यालय**
**401,402,403,चौथा तल, वी टाइम्स स्क्वेयर प्लॉट सं 3**
**सेक्टर 15,सीबीडी बेलापुर, नवीं मुंबई, ठाणे महाराष्ट्र 400614 भारत**

## निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशक मंडल वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए लेखों पर लेखापरीक्षकों का विवरण के साथ आपकी कंपनी की 61वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

**1. वित्तीय परिणाम**

31.03.2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम तथा पिछले वर्ष के लिए कंपनी के परिचालन के तुलनात्मक आंकड़े नीचे दिये जाते हैं:

**(रुपए लाख में)**

| विवरण | 2021-22 | 2020-21 |
|---|---|---|
| परिचालन के राजस्व | 43,367.39 | 41,157.80 |
| अन्य आय | 3,142.73 | 1,961.29 |
| **कुल** | **46,510.12** | **43,119.09** |
| व्यय मूल्यह्रास छोड़कर | 48,718.22 | 41,401.19 |
| **मूल्यह्रास तथा कर पूर्व लाभ** | **(2,208.10)** | **1,717.90** |
| घटाएँ मूल्यह्रास | 116.37 | 120.79 |
| **कर पूर्व लाभ/(हानि)** | **(2,324.47)** | **1,597.11** |
| घटाएँ: कर के लिए प्रावधान | 0.00 | 0.00 |
| **कर बाद लाभ/(हानि)** | **(2,324.47)** | **1,597.11** |
| **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय, कर का निवल** | **1,602.93** | **1,542.78** |
| **वर्ष के लिए कुल अन्य व्यापक आय** | **(721.54)** | **3,139.89** |

**2. भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन**

कंपनी रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करती है, जो हर साल निष्पादन मापदंडों और लक्ष्यों को निर्धारित करती है। कंपनी ने वर्ष 2020-21 के लिए "अच्छा" रेटिंग प्राप्त की।

**3. कोविड़–19 के असर विश्लेषण**

**क)** 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के दौरान कोविड़-19 महामारी की वजह से विचारणीय वित्तीय प्रभाव नहीं है।

**ख)** कोविड़-19 ने उद्योग और वाणिज्य के सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है। इसने हमारे उत्पादों का उपयोग करने वाले लॉजिस्टिक्स, ऑटो, ड्रग्स, फार्मास्युटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं सहित सभी क्षेत्रों को गंभीर रूप से प्रभावित किया हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कोविड-19 के प्रभाव से मांग या कीमतों में गिरावट हो सकती है, कारखाने के संचालन को निलंबित या काफी कम किया जा सकता है और माल आदि के अंतरराज्यीय परिवहन को प्रभावित किया जा सकता है।

हमारे वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार, मूर्त संपत्ति, अमूर्त संपत्ति, व्यापार प्राप्य, निवेश और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों पर कोई महत्वपूर्ण असर नहीं होने की उम्मीद है और हम भविष्य की आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव पर निगरानी जारी रखेंगे। प्रबंधन कार्यशील संस्था के रूप में बनाए रखने की क्षमता में और जब कभी देय होने पर अपनी देयताओं को पूरा करने की क्षमता में कोई जोखिम नहीं देखता है हैं। हालांकि, कंपनी के वित्तीय विवरणों पर कोविड–19 का वास्तविक प्रभाव अनुमान से भिन्न हो सकता है।

**4. समेकित वित्तीय विवरण**

कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") और इंड एएस 110 के प्रावधानों के अनुसार– 31.03.2022 को समाप्त अवधि के लिए समेकित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय विवरण वार्षिक रिपोर्ट में प्रदान किया गया है।

**5. लाभांश**

चालू वर्ष के दौरान हुए हानि को देखते हुए, निदेशक मंडल समीक्षाधीन वर्ष के लिए किसी लाभांश की अनुशंसा नहीं करता है।

**6. कारोबार के स्वरूप में परिवर्तन,यदि कोई हो तो:**

सहायक कंपनी हिदुस्तान फ्लोरोकार्बन लिमिटेड को बंद करने के लिए भारत सरकार के निर्णय के परिणामस्वरूप, भारत सरकार से ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 75.87 करोड़ रुपए की राशि सहायक कंपनी को जारी की गई है। यह कर्मचारियों को वीआरएस/ वीएसएस से संबंधित खर्चों को पूरा करने और बैंक और अन्य देनदारियों के बकाया का निपटान करने के लिए है।

**7. वित्तीय विशिष्टताएं**

वर्ष 2021-22 के दौरान, कंपनी ने 7.86% की वृद्धि दर्ज करते हुए 465.10 करोड़ रुपये की सकल आय हासिल की है, जबकि पिछले वर्ष की सकल आय 431.19 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने पिछले वर्ष के दौरान 15.97 करोड़ रुपये की शुद्ध लाभ के मुकाबले वर्ष के दौरान 23.24 करोड़ रुपये का निवल हानि अर्जित किया है।

**8. निदेशकमंडल की बैठकों की संख्या (निदेशक मंडल तथा समितियों की बैठकों की तिथियों सहित जिसमें प्रत्येक निदेशक द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उपस्थिति दर्शाई गयी है।)**

वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की आठ (8) बैठकें निम्नलिखित तिथियों पर की गई :

11 जून 2021, 30 जुलाई 2021, 23 सितम्बर 2021, 29 अक्टूबर 2021, 03 दिसम्बर 2021, 28 जनवरी 2022, 25 मार्च 2022 और 28 मार्च 2022.

वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की बैठकें निम्नलिखित तारीख पर की गई

28 जनवरी 2022, 25 मार्च 2022

अन्य विवरण इस रिपोर्ट के अनुबंध IV की निगमित अभिशासन रिपोर्ट में दिए गए हैं।

**9. वार्षिक विवरणी का सार**

कंपनी अधिनियम **2013** की धारा 134 की उप धारा 3(क) जिसे कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12 के साथ पढ़ा जाए, के अनुसरण में 31.03.2022 को वार्षिक विवरणी का सार फॉर्म एमजीटी–9 में बोर्ड की रिपोर्ट अनुबंध **I** के रूप में दिया गया है।

**10. सहायक कंपनी**

आपकी कंपनी की एक (1) सहायक कंपनी है नामत: हिंदुस्तान फ्लोरोकार्बन लिमिटेड (एचएफएल)। रसायन और उर्वरक मंत्रालय,रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के दिनांक 29 जनवरी, 2020 की पत्र सं पी. 51015/06/2019-केमि–III के माध्यम से एचएफएल को बंद करने का निर्देश देते हुए आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति के निर्णय की जानकारी दी, जिसे शेयरधारकों द्वारा 30 मार्च, 2020 को अनुमोदित किया गया था। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) जिसे कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 5 के साथ पढ़ा जाए, एक विवरण फॉर्म एओसी-1 में जिसमें सहायक कंपनी की वित्तीय विवरण की मुख्य विशेषताएं शामिल हैं, बोर्ड की रिपोर्ट के अनुबंध **II** में संलग्न किया गया है।

**11. संबंधित पार्टी लेन–देन**

वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए सभी संबंधित पार्टी लेनदेन आर्म्स लेङ्ग्त के आधार पर थे और व्यवसाय के सामान्य क्रम में थे। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के दौरान संबंधित पक्षों के साथ कोई महत्वपूर्ण लेनदेन नहीं हुआ था जो कंपनी के हितों के विपरीत था। इंड एएस–24 के तहत अपेक्षित उपयुक्त प्रकटीकरण को वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों की नोट संख्या **38** में किए गए हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188(1) के अनुसार संबंधित पक्षों के साथ किए गए अनुबंध/व्यवस्था/लेन–देन का विवरण, निर्धारित प्रपत्र एओसी–**2** में अनुबंध **III** के रूप में संलग्न है जो इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

**12. प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट**

इस संबंध में विवरण वार्षिक रिपोर्ट के अनुबंध IV के रूप में कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट का हिस्सा है।

**13. कॉरपोरेट अभिशासन**

वित्तीय वर्ष 2021-22 के अधिकांश अवधि में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों और और सेबी (सूचिकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाओं) विनियम 2015 और इसके तहत बनाए गए विभिन्न नियमों/ विनियम के तहत कॉ

पोरेट प्रशासन की विभिन्न आवश्यकताओं को उस सीमा तक गैर–अनुपालन किया गया है। इस संबंध में विवरण वार्षिक रिपोर्ट के अनुबंध **V** के रूप में वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है। निगमित अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करने वाला पेशेवर कंपनी सचिवों से अपेक्षित प्रमाण पत्र निगमित अभिशासन पर रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

**14. सरकारी उद्यम विभाग द्वारा जारी निगमित अभिभासन मार्गदर्शी तत्वों का अनुपालन।**

सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार ने निगमित अभिशासन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुपालन के आधार पर सीपीएसई को ग्रेड करने के उद्देश्य से कुछ मापदंडों को निर्धारित किया है और यह रिपोर्ट रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार को तिमाही/वार्षिक आधार पर प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। डीपीई द्वारा सीपीएसई के लिए निर्धारित कॉर्पोरेट अभिशासन संबंधी दिशानिर्देशों का अनुपालन कंपनी द्वारा किया गया है और नियमित रूप से रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। 31.03.2022 को समाप्त चौथी तिमाही / वर्ष के लिए लागू ग्रेड ''उत्कृष्ट'' है।

**15. तरीका जिसके अंतर्गत निदेशक मंडल, उसकी समितियों तथा वैयक्तिक निदेशकों के कार्य निष्पादन का औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन किए गए हैं:**

अधिनियम की धारा 134 (3) (पी) के प्रावधान सरकारी कंपनी पर लागू नहीं होंगे यदि निदेशक का मूल्यांकन मंत्रालय द्वारा किए जाते हैं, जो कि अपनी मूल्यांकन पद्धति के अनुसार प्रशासनिक रूप से कंपनी के प्रभारी है। एचओसीएल, सरकारी क्षेत्र की कंपनी होने के कारण, निदेशकों के कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रशासनिक मंत्रालय (रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय) द्वारा लागू सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है।

**16. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक:**

कंपनी के मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक निम्नानुसार हैं:

क) श्री सजीव बी,अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डडीआईएन: 09344438,

ख) श्री पी.ओ लुईस, सीएफओ और महाप्रबंधक (वित्त)

ग) श्री सुब्रमणियन एच, कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी (एसीएस:28380)

**17. निदेशकों और/या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों के ब्यौरे जिन्हें वर्ष के दौरान नियुक्त किए गए है/ त्यागपत्र दिए गए हैं:**

i) 31 जुलाई 2021 को अधिवर्षिता पर श्री एस बी भिड़े की सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय,रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के दिनांक 2 अगस्त, 2021 के आदेश सं पी. 51011/01/2021-केमि–**III** सीपीसी के अनुसार श्री एस सी मुदगेरीकर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइर्स लिमिटेड (आरसीएफ) ने हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से तीन माह की अवधि के लिए या आगे के आदेश जो भी पहले हो तक ग्रहण किया। यह अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइर्स लिमिटेड (आरसीएफ़) के अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के अतिरिक्त है।

ii) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के दिनांक 6 सितंबर, 2021 के आदेश सं पी. 51011/01/2021-केमि–**III** सीपीसी के फलस्वरूप श्री सजीव बी, मुख्य महा प्रबन्धक, एचओसीएल को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने तारीख से उनकी अधिवर्षिता की तारीख 31 मई 2025 या आगे के आदेश तक जो भी पहले हो नियुक्त किया जाता है। श्री सजीव बी एचओसीएल की सहायक कंपनी हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन लिमिटेड (एचएफएल) के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त पदभार भी वहन करता है।

भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के दिनांक 10 मार्च, 2022 के आदेश सं पी. 53011/02/2019-केमि–**III**-सीपीसी के अनुसार श्री सजीव बी, सीएमडी को एचओसीएल के निदेशक (वित्त) के पद का अतिरिक्त प्रभार 22 सितम्बर 2021 से नौ महीने की अवधि के लिए या इस पद के लिए नियमित पदधारी नियुक्त करने तक या आगे आदेश तक जो भी पहले हो सौंप दिया गया है।

iii) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के 21 दिसम्बर 2021 के आदेश संख्या 51015/12/2014-केमि–III-सीपीसी के अनुसार श्री सतेन्द्र सिंह, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में श्री आशिष उपाध्याय के स्थान पर सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

iv) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के 24 दिसम्बर 2021 के आदेश संख्या 53013/8/2019-केमि–III-सीपीसी के अनुसार डॉ भरत जे कनाबर को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में आदेश की तारीख से तीन(3) वर्ष की अवधि के लिए या आगे अन्य आदेश तक नियुक्त किया।

v) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के 24 दिसम्बर 2021 के आदेश संख्या 53013/8/2019-केमि–III-सीपीसी के अनुसार श्री प्रत्युष मंडल को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में आदेश की तारीख से तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए या आगे अन्य आदेश तक नियुक्त किया।

vi) श्रीमती सुशीला एस कुलकर्णी, कंपनी के कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी ने हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) की सेवा से 28 फरवरी 2022 को सेवानिवृत्त किया है, तदनुसार, कंपनी सचिव का प्रभार श्री सुब्रमणियन एच को 28.02.2022 को अंतरित किया। उसके बाद श्री सुब्रमणियन एच को 01.03.2022 से एचओसीएल के कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

vii) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के 30 मार्च 2021 के आदेश संख्या 51011/06/2011-केमि–III-सीपीसी के अनुसार श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव, निदेशक, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में श्री समीर कुमार विस्वास, अपर सचिव,रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग जिन्हें विभाग से 31 जनवरी, 2022 को कार्यमुक्त किया गया था, के स्थान पर तीन वर्षों की अवधि के लिए या आगे अन्य आदेश होने तक सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

**18. कर्मचारियों के विवरण**

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के तहत निर्दिष्ट सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के विवरण के बारे में जानकारी लागू नहीं है क्योंकि कंपनी के किसी भी कर्मचारी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक नहीं लिया है। ।

**19. लेखापरीक्षा समिति (एसी) का संयोजन तथा इस समिति(एसी) की किसी भी सिफारिश को स्वीकार न करना (केवल सार्वजनिक एवं सूचीबद्ध कंपनियाँ के लिए)**

31 मार्च, 2022 को लेखापरीक्षा समिति में केवल दो सदस्य हैं। निदेशक मंडल में एक और स्वतंत्र निदेशक की रिक्ति है। मंत्रालय द्वारा जब कभी स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति की जाती है,कंपनी लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया जाएगा।

इस रिपोर्ट के अनुबंध IV में निगमित अभिशासन रिपोर्ट में इसकी संरचना, लेखा परीक्षा समिति/उप–समिति की बैठकों का विवरण दिया गया है।

**20. निदेशक मंडल की समितियाँ**

वित्तीय वर्ष **2021-22** के अधिकांश अवधि में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता रही थी। फिरभी, 24 दिसंबर 2022 को भारत सरकार ने एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो (**2**) स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की। 28 जनवरी 2022 को आयोजित कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में निम्नलिखित समितियों का पुनर्गठन किया गया :

i. लेखापरीक्षा समिति

ii. नामांकन और पारिश्रमिक समिति

iii. शेयरधारी संबंध समिति

iv. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

**21. साचिविक मानक**

लागू साचिविक मानकों यथा एसएस–1 और एसएस–2 जो क्रमश: निदेशक मंडल की बैठकों और सामान्य बैठकों से संबन्धित हैं, का विधिवत अनुपालन कंपनी द्वारा किया गया है।

**22. निदेशकों का जिम्मेदारी विवरण**

आपके निदेशक कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(5) की शर्तों के अनुसार निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करते हैं -

i 31,मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखों को तैयार करने में सामग्री के प्रस्थान संबंधी उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू मानकों का अनुसरण किया गया है।

ii जैसाकि लेखों पर टिप्पणियों में बताया गया है ऐसे लेखा नीतियों का लगातार प्रयोग किया गया है और निर्णय तथा अनुमान लगाया जाता है कि वे उचित तथा विवेकपूर्ण है ताकि वे 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के कार्यों तथा उस अवधि के दौरान कंपनी के लाभ या हानि को सही तथा उचित ढंग से दर्शाते है।

iii जैसाकि इसका उचित तथा पर्याप्त ध्यान रखते हैं कि कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा करने और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं की रोकथाम तथा पहचान करने के लिए पर्याप्त लेखा रिकार्ड रखे गए हैं।

iv जैसा कि 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखे कार्यशील संस्था (गोइंग कनसर्न) के आधार पर तैयार किए हैं

v जैसाकि सभी लागू क़ानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निदेशकों ने उचित प्रणाली अपनायी है और प्रणाली पर्याप्त हैं तथा प्रभावी ढंग से कार्य करा रही है।

vi यह है कि निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की थी और इस तरह की प्रणाली पर्याप्त रही और प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है।

**23. स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा-**

वित्तीय वर्ष **2021-22** के अधिकांश अवधि में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता रही थी। फिर भी, भारत सरकार ने 24 दिसंबर 2022 को एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो (**2**) स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की। तदनुसार, सेबी( सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटन अपेक्षाओं) विनियम 2015 के विनियम 25(3) के प्रावधानों के अनुपालन में स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठक 25 मार्च 2022 को आयोजित की और समीक्षाधीन वर्ष (वित्तीय वर्ष 2021–22) के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा की अपेक्षाओं का यथाविधि अनुपालन किया गया।

**24. स्वतंत्र निदेशकों की पुन:नियुक्ति पर प्रकटीकरण**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई स्वतंत्र निदेशकों की पुन: नियुक्ति नहीं की गई ।(2021-22)

**25. निदेशकों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक जिसमें योग्यताओं की पहचान करने के मानदंड, सकारात्मक लक्षण, निदेशकों की स्वतंत्रता आदि सम्मिलित है, पर कंपनी की नीति.**

कॉर्पोरेट मामलों मंत्रालय द्वारा जारी किए गए 5 जून, 2015 की अधिसूचना के अनुसार, निदेशकों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक जिसमें योग्यताओं की पहचान करने के मानदंड, सकारात्मक लक्षण, निदेशकों की स्वतंत्रता आदि सम्मिलित है, पर इसकी नीति के प्रकटन संबंधी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (ई) का प्रावधान और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 की उप–धारा (3) के तहत प्रदान किए गए अन्य मामले एक सरकारी कंपनी पर लागू नहीं हैं।

कंपनी केंद्र सरकार का एक उद्यम है और कंपनी के निदेशक मंडल में सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार/भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है और रसायन और पेट्रो रसायन विभाग के पर्यवेक्षण, नियंत्रण और निदेशों पर है तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग के विहित निर्देशों का पालन किया जा रहा है। स्वतंत्र तथा अन्य निदेशकों की नियुक्ति की सेवा शर्तें सरकारी आदेशों के अनुसार है और इसको कंपनी की वेबसाइट पर प्रकट की गई है।

**26. मध्यम कर्मचारियों के पारिश्रमिक के मुकाबले निदेशकों के पारिश्रमिक का अनुपात तथा अन्य निहित विस्तृत प्रकटीकरण तथा ब्यौरे:**

अधिनियम की धारा 134 (3) (ई) के प्रावधान एक सरकारी कंपनी पर लागू नहीं हैं। नतीजतन, निदेशकों की नियुक्ति और अन्य मामलों पर कंपनी की नीति संबंधी विवरण अधिनियम की धारा 178 (3) के तहत प्रदान नहीं किया गया है। वैसे ही, अधिनियम की धारा 197 सरकारी कंपनी पर लागू नहीं होगी। परिणामस्वरूप, प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक के मध्यस्थ कर्मचारी के पारिश्रमिक के अनुपात का प्रकटन और इस तरह के अन्य विवरण जिसमें कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी के नाम और अन्य विवरण दिखाते हैं, जो यदि वित्तीय वर्ष के पूरे समय/आंशिक समय में कार्यरत हैं, अधिनियम की धारा 197 (12) के संदर्भ में जिसे कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5 (1) / (2) के साथ पा जाए, नियमों में निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक की प्राप्ति प्रदान नहीं की गई। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और पूर्ण समय निदेशकों ने इसके किसी भी सहायक कंपनियों से कोई भी पारिश्रमिक या कमीशन प्राप्त नहीं किया है। एचओसीएल, एक सरकारी कंपनी होने के कारण, इसके निदेशकों की नियुक्ति/नामांकन सरकारी/डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा किया जाता है, जिसमें योग्यता और अन्य मामलों के लिए वेतन नियतन मानदंड भी शामिल होता है।

**27. लेखापरीक्षक**

क) <u>सांविधिक लेखापरीक्षक</u>

सर्वश्री बीएसजे एंड एसोसिएट,सनदी लेखाकारों को वर्ष 2021-2022 के लिए निगमित कार्यालय और कोची इकाई के सांविधिक लेखापरीक्षकों के रूप में सीएंडएजी द्वारा नियुक्त किया गया है।

लेखापरीक्षकों ने उनकी स्वतंत्रता और कंपनी के साथ संबंध के स्वतंत्र व्यवहार पुष्टि की घोषणा प्रस्तुत की है। यह भी घोषणा करते हैं कि उन्होंने कंपनी के लिए कोई प्रतिबंधित गैर-लेखापरीक्षा समनुदेश नहीं लिया है। लेखा परीक्षा समिति स्वतंत्रता और लेखापरीक्षकों के उद्देश्य और लेखापरीक्षा प्रक्रिया की प्रभाविता की समीक्षा करती है। लेखापरीक्षक कंपनी की वार्षिक सभा बैठक में भाग लिया जाता है।

लेखापरीक्षकों ने वर्ष के लिए अपनी रिपोर्ट में कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किए गए धोखाधड़ी के कोई दृष्टांत रिपोर्ट नहीं किया है।

ख) <u>लागत लेखापरीक्षक</u>

निदेशक मंडल ने मेसर्स सी.वाई. एंड एसोसिएट्स, लागत लेखाकार को वित्त वर्ष 2021-2022 के लिए आपकी कंपनी के लागत लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है। 29 सितम्बर 2021 को सम्पन्न 60 वीं एजीएम में सदस्यों ने लागत लेखापरीक्षकों के लिए भुगतानयोग्य पारिश्रमिक का अनुसमर्थन किया है।

ग) <u>आंतरिक लेखापरीक्षक</u>

सर्वश्री आइसक एंड सुरेश, सनदी लेखाकारों को वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए आपकी कंपनी के निगमित कार्यालय और कोची इकाई के आंतरिक लेखापरीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है।

घ) <u>सीएजी लेखापरीक्षक</u>

अनुपूरक लेखापरीक्षा वाणिज्यिक लेखा परीक्षा प्रधान निदेशक (शिप्पिंग),मुंबई द्वारा किया जाता है। सीएजी लेखापरीक्षकों ने ''शून्य'' टिप्पणी रिपोर्ट जारी की है जो वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।

ड) <u>साचिविक लेखापरीक्षक</u>

निदेशक मंडल ने डी एस मोमाया एंड कंपनी, पेशेवर कंपनी सचिव को वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए साचिविक लेखापरीक्षा आयोजित करने के लिए नियुक्त किया है। 31 मार्च,2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए साचिविक लेखापरीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ अनुबंध के रूप में संलग्न है और कंपनी अधिनियम की धारा 204 और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटन अपेक्षाओं) के विनियम 24 ए के साथ अनुपालन

किया है। कंपनी ने सेबी एलओडीडीआर के विनियम 24ए के अधीन वर्ष 2021-22 के लिए पेशेवर कंपनी सचिव डी एस मोमाया से वार्षिक साचिविक अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त किया है। साचिविक लेखापरीक्षा रिपोर्ट के निरीक्षण और प्रबंधन के उत्तर नीचे दिये जाते हैं।

| क्रमांक. | निरीक्षण | प्रबंधन का उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | वर्ष 2021–22 के बाजार पूंजीकरण के अनुसार कंपनी 1627 रैंक पर है। इसलिए यह शीर्ष 2000 कंपनियों में है, कंपनी को बोर्ड में न्यूनतम 6 निदेशकों की आवश्यकता है। लेकिन मार्च, 31 2022 तक कंपनी के बोर्ड में केवल 5 निदेशक हैं . | एचओसीएल रसायन और उर्वरक मंत्रालय (रसा एवं उर्व मंत्रालय), रसायन और पेट्रो रसायन विभाग (डीसीपीसी), भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सीपीएसई (केंद्रीय पीएसयू / पीएसई) है। इसलिए, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय प्रशासनिक मंत्रालय है और कंपनी के आर्टिक्ल्स ऑ फ एसोसिएशन (एओए) के अनुसार, एचओसीएल कंपनी के निदेशक मंडल को नियुक्त करने की शक्तियां भारत सरकार/प्रशासनिक मंत्रालय के पास हैं। तदनुसार, एचओसीएल ने पहले ही ईमेल दिनांक 02.02.2022 के माध्यम से हमारी प्रस्तुति भेज दी थी और हमारी कंपनी के बोर्ड में एक स्वतंत्र महिला निदेशक की नियुक्ति पर जल्द से जल्द विचार करने के लिए बोर्ड की सिफारिशों के साथ प्रशासनिक मंत्रालय से अनुरोध किया था। जैसे ही एचओसीएल को मंत्रालय से आदेश प्राप्त होगा, निदेशकों की कुल संख्या छह (6) हो जाएगी। |
| 2. | सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं (एलओडीआर) विनियम, 2015 और कंपनी अधिनियम 2013 के प्रासंगिक विनियमों के अनुपालन में लेखा परीक्षा समिति, हितधारक संबंध समिति और नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) का स्वतंत्र निदेशकों के सही मिश्रण के साथ विधिवत गठित नहीं हैं। | एचओसीएल रसायन और उर्वरक मंत्रालय (रसा एवं उर्व मंत्रालय), रसायन और पेट्रो रसायन विभाग (डीसीपीसी), भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सीपीएसई (केंद्रीय पीएसयू / पीएसई) है। इसलिए, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय प्रशासनिक मंत्रालय है और कंपनी के आर्टिक्ल्स ऑफ एसोसिएशन (एओए) के अनुसार, एचओसीएल के निदेशक मंडल को नियुक्त करने की शक्तियां भारत सरकार/प्रशासनिक मंत्रालय के पास हैं। जैसे ही एक और स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति होगी, समितियों का पुनर्गठन किया जाएगा। . |
| 3. | हालांकि, लेखा परीक्षा समिति पुनर्गठित हुई है, इसमें केवल दो स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। यह सेबी एलओडीआर विनियमों के विनियमन 18 के अनुपालन में नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि लेखा परीक्षा समिति में सदस्यों के रूप में न्यूनतम तीन निदेशक होंगे। इसी तरह, कंपनी के एनआरसी में दो स्वतंत्र निदेशक और एक कार्यकारी निदेशक शामिल हैं जो सेबी एलओडीआर विनियमन के विनियमन 19 के अनुपालन में नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि समिति के सभी निदेशक गैर–कार्यकारी निदेशक होंगे। | 24.12.2021 को, प्रशासनिक मंत्रालय ने एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो (2) स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की थी, हालांकि तीन (3) स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए मांग प्रस्तुत की गई थी। तत्पश्चात, 28.01.2022 को आयोजित बोर्ड की बैठक में, बोर्ड ने तीन (3) सदस्यीय लेखा परीक्षा समिति का गठन किया जिसमें दो (2) स्वतंत्र निदेशक शामिल थे, जिसमें एक स्वतंत्र निदेशक समिति के अध्यक्ष के रूप में और एक गैर–कार्यकारी निदेशक / स्वतंत्र निदेशक नामित किया जाना था। / जल्द ही नियुक्त किया गया। तदनुसार, एचओसीएल ने उपलब्ध स्वतंत्र निदेशकों के साथ लेखापरीक्षा समिति का गठन किया। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, एचओसीएल प्रशासनिक मंत्रालय से एक और स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहा है। जैसे ही नियुक्ति होगी, ऑडिट कमेटी का फिर से गठन किया जाएगा। 31.03.2022 को एचओसीएल निदेशक मंडल की संरचना इस प्रकार है: एक (1) कार्यकारी निदेशक (सीएमडी), दो (2) सरकार द्वारा नामित निदेशक और दो (2) स्वतंत्र निदेशक। इसलिए, जब भी मंत्रालय द्वारा स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति की जाएगी, कंपनी नामांकन और पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन करेगी। |

## 28. वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए सतर्कता मामलों के विवरण

| 01.04.2021 को अथशेष | 01.04.2021 से 31.03.2022 तक प्राप्त सतर्कता मामले | निपटाए | शेष |
|---|---|---|---|
| शून्य | 01 | 01 | शून्य |

## 29. लंबित सीएजी पैरा की स्थिति और प्रबंधन का उत्तर

| ऑडिट पैरा का नाम | पैरा का संक्षिप्त | रिपोर्ट की स्थिति |
|---|---|---|
| सीएजी रिपोर्ट 2014 की 13 के पैरा 21 | एचओसीएल स्कूल के स्वायत्त प्रबंधन को महात्मा एजुकेशन सोसाइटी को हस्तांतरित करने में अनियमितताएं और महात्मा एजुकेशन सोसाइटी को अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए अनाधिकृत पक्षधरता और 6.54 करोड़ रुपये का पट्टा किराया वसूलने में भी विफल रहा। | एचओसीएल ने 16.10.2006 को महात्मा एजुकेशन सोसाइटी (एमईएस) को 30 साल की अवधि के लिए स्कूल के प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचा सुविधाओं को पट्टे पर देने के लिए एक समझौता किया है। एमईएस के प्रबंधन ने व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए समझौते की शर्तों के उल्लंघन में परिसर में नए भवनों और सुविधाओं का निर्माण किया है। कंपनी ने एमईएस के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार समाप्ति के लिए नोटिस भेजा है। एमईएस ने जिला में टर्मिनेशन नोटिस को चुनौती देते हुए मजिस्ट्रेट कोर्ट अलीबाग में एक याचिका दायर की है। । एमईएस ने एचओसीएल और एमईएस के बीच विवाद में मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिला न्यायालय ने एमईएस की मध्यस्थता याचिका के अंतिम निस्तारण पर रोक लगा दी है। कंपनी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट द्वारा दिए गए स्टे को खाली करने के लिए एक याचिका दायर की है। |

## 30. सुरक्षा,स्वास्थ्य एवं पर्यावरण

स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए आवधिक चिकित्सा जांच के साथ प्रपत्र सं 23 के अधीन स्वास्थ्य जांच की सांविधिक अपेक्षाओं का पालन किया है। उन लोगों के लिए ऑडियोमेट्री जांच किए गए जो शब्दों के संपर्क में हैं और अन्य वैधानिक नियमित जांच के अलावा बेंजीन हैंडलर के लिए ऑटोटॉक्सिसिटी परीक्षण किए गए थे।

स्वच्छता, कोविड सावधानियों और दिशा–निर्देशों पर समय–समय पर जागरूकता सत्र चलाया गया । प्रसार को नियंत्रित करने के लिए, नियमित रूप से धूमन और कीटाणुशोधन किया जाता था।

पर्यावरण के प्रति अपनी वचनबद्धता में कारखाने से और आसपास के वातावरण में प्रदूषकों का स्तर निर्धारित स्तर से काफी नीचे होना हमने सुनिश्चित किया है।

आरएलएनजी (पुन: गैसीकृत तरलीकृत प्राकृतिक गैस) के उपयोग को जारी रखने से वायु प्रदूषण में जबरदस्त कमी आई है।

पर्यावरण की रक्षा संबंधी कार्य के रूप में, जागरूकता सत्र, प्रतियोगिताएं, स्वच्छ भारत गतिविधियां, "हरित मिशन" के तहत सब्जी की खेती के लिए कर्मचारियों को बढ़ावा देना, संगठन के पूरे कर्मचारियों को शामिल करते हुए संयंत्र परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विनियमों के अनुपालन के लिए ऑन–लाइन एफ्लुएंट मॉनिटरिंग और स्टैक मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है।

कंपनी ने वर्ष के दौरान कोविड़-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए कई उपायों को लागू किया है जैसे सुरक्षात्मक के उपयोग जैसे मास्क का उपयोग, हाथ की स्वच्छता, सुरक्षित दूरी आदि जैसे उपाय को प्रोत्साहित किया। इस संबंध में कर्मचारियों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। इसके अलावा सभी वर्ग के कर्मचारियों को होमियो रोकथाम दवाएं उपलब्ध कराई गईं। कर्मचारियों के लिए विभिन्न स्थानों पर गरम पानी का डिस्पेंसर उपलब्ध कराया गया। शारीरिक दूरी सुनिश्चित करने के लिए भोजनालय के मेज़ और कैंटीन के वॉश एरिया में पार्टिशन लगा दिया।

हमारे उत्पादों में से हाइड्रोजन पेरोक्साइड (H202) का व्यापक उपयोग एक कीटाणुनाशक के रूप में किया गया है। कंपनी ने इस उत्पाद का वितरण कुछ संस्थानों/स्थानीय निकायों को मुफ्त में किया है। हाइड्रोजन पेरोक्साइड को बढ़ावा देने के लिए, कर्मचारियों को 6% केंद्रित H2O2 को एक लीटर कांटाइनर में उपलब्ध किया गया।

निवारक उपायों के हिस्से के रूप में, प्रशिक्षु अधिनियम के तहत प्रशिक्षुओं को तैनात करने की चयन प्रक्रिया ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित की गई थी। चयनित उम्मीदवारों को नेगेटिव आरटीपीसीआर टेस्ट के साथ प्रशिक्षण की अनुमति दी गई थी। लोगों को जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न स्थानों पर कोविड –19 पर पोस्टर प्रदर्शित किए गए।

सुरक्षा में सुधार के रूप में, संयंत्र और कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संगठन द्वारा कई सकारात्मक उपाय किए गए हैं। गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ-9001), पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ-14001) और व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ–45001) को एकीकृत करते हुए आईएमएस (एकीकृत प्रबंधन प्रणाली) को लागू किया गया था।

यह सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय पहलुओं को अधिक महत्व देता है। एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसओ 50001) का कार्यान्वयन प्रगति पर है।

मौजूदा दुर्घटना/घटना जांच प्रक्रिया को 29 जांच बिंदुओं के साथ संशोधित किया गया है और गंभीरता के आधार पर जांच की जाती है। वर्ष 2021 के लिए संगठन में कोई रिपोर्ट योग्य दुर्घटना नहीं होने के कारण 747920 सुरक्षित मानव घंटे हासिल किए।

कोविड़-19 ने उद्योग और वाणिज्य के सभी क्षेत्रों जैसे लॉजिस्टिक्स, ऑटो, ड्रग्स, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक सामानों को प्रभावित किया है जहां हमारे उत्पादों का उपयोग किया जाता है। कोविड़–19 के प्रभाव से मांग या कीमतों में गिरावट, कारखाने के संचालन को निलंबित या महत्वपूर्ण रूप से कम करने और माल की अंतर राज्यीय परिवहन की आवाजाही को प्रभावित करना आदि हो सकता है।

हमारे वर्तमान आकलन के अनुसार मूर्त संपत्ति, अमूर्त संपत्ति, व्यापार प्राप्य, निवेश और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं होने की उम्मीद है और हम भविष्य की आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव की निगरानी करना जारी रखते हैं। प्रबंधन चालू संस्था के रूप में जारी रखने और अपनी देयताओं को पूरा करने की क्षमता में कोई जोखिम नहीं देखता है और जब वे देय होते हैं। हालांकि, कंपनी के वित्तीय विवरण पर कोविड़ –19 का वास्तविक प्रभाव उस अनुमान से भिन्न हो सकता है।

**11. सावधानी विवरण**

इस प्रबंधन चर्चा तथा विश्लेषण विवरण में वर्णित कंपनी के उद्देश्य, पूर्वानुमान, आकलन तथा अपेक्षाएँ लागू कानून तथा विनियमों के भीतर प्रगामी विवरण हो सकते हैं। वास्तविक परिणाम उन अभिव्यक्त या विवक्षित से काफी हद तक या भौतिक रूप से भिन्न हो सकते हैं। कंपनी के परिचालनों को प्रभावित करनेवाली महत्वपूर्ण बातों में रसायन उद्योगों में झुकता हुआ रुख जो भूमंडलीय तथा स्वदेशी दोनों में, भारत में राजनैतिक तथा आर्थिक–पर्यावरण क्षेत्र में या विदेशों के मुख्य बाजारों में, कर नियमों, मुकदमेबाजी, जनशक्ति खर्च, विनियम दरों में उतार चढ़ाव, ब्याज या अन्य लागतों में महत्वपूर्ण बदलाव सम्मिलित है।

**हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के**
**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**
**हस्ता/-**
**(सजीव बी)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
डीआईएन: 09344438

**दिनांक : 26.05.2022**
**स्थान : सीबीडी, बेलापुर**

**अनुबंध V**

**वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2015 की अनुसूची V के अनुसार कॉरपोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट**

"**दूरदर्शिता (विज़न)**": बुनियादी रसायनों का उत्पादन और विपणन पर्यावरण अनुकूल तरीके में निपुणता से और आर्थिक रूप से करना।''

"**लक्ष्य (मिज़न)**": संसाधनों के उपयोग में दक्षता और उत्पादकता के इष्टतम स्तर को बनाए रखना और निवेश पर इष्टतम प्रतिलाभ प्राप्त करना। ''

**1. अभिशासन के कोड पर सूचीबद्ध कंपनी के दर्शन का संक्षिप्त विवरण**

भारत सरकार द्वारा स्थापित अभिशासन कोड के अनुसार कार्पोरेट अभिशासन में कंपनी के प्रबंधन, उसके निदेशक मंडल, उसके शेयरधारकों तथा अन्य शेयरधारियों के बीच संबंधों का एक समूह सम्मिलित हैं। कार्पोरेट अभिशासन एक ऐसी सैद्धांतिक प्रक्रिया तथा संरचना प्रदान करता है जिसके माध्यम से कंपनी के उद्देश्य, उद्देश्यों को प्राप्त करने के उपाय तथा कार्यनिष्पादन की देख–रेख करने की प्रणाली तैयार है। कार्पोरेट अभिशासन, प्रबंधन द्वारा स्वीकृत सिद्धांतों का समुच्चय है जो कार्पोरेशन के वास्तविक स्वामी के रूप में शेयरधारियों के अहस्तांतरणीय अधिकार है और शेयरधारियों की ओर से एक न्यासी के रूप में अपना शासन है। यह मूल्य, नैतिक व्यापार आचरण और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और कंपनी के प्रबंधन में वैयक्तिक तथा कार्पोरेट निधि के बीच अंतर/प्रतिष्ठा बनाए रखता है।

हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) अपने व्यापार गतिविधियों के आचरण पर विश्वास रखती है और कंपनी से जुड़े हुए सभी शेयरधारकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, लेनदारों, भारत सरकार, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग, विभिन्न राज्य सरकारों, अन्य सरकारी एजेंसियाँ /विभाग तथा व्यापक तौर पर समाज के मूल्य को बढ़ावा देती है। अनिवार्य रूप से इसमें अच्छे कार्पोरेट अभिशासन अमल करना शामिल है। एचओसीएल पारदर्शिता, जवाबदेही और उद्यम की समृद्धि में उच्चतम स्तर प्राप्त करने में विश्वास रखता है। एचओसीएल अपने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों को अपनी उत्पाद प्रतिबद्धता में सत्यनिष्ठा और मूल्य वर्धन सुनिश्चित करते हुए वैश्विक मान्यता में मोल लगाता है।

**2. निदेशक मंडल:**

**क) निदेशक मंडल का संयोजन और संवर्ग**

ई.जी. प्रमॉटर, कार्यपालक, गैर–कार्यपालक, स्वतंत्र गैर–कार्यपालक, नामित निदेशक-संस्थान प्रतिनिधि और ऋणदाता या इक्विटी निवेशक के रूप में

कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (समय–समय पर संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी के निदेशकों की संख्या न तो तीन से कम होनी चाहिए और न ही पंद्रह से अधिक होनी चाहिए। निदेशकों को किसी प्रकार के अर्हता शेयर्स रखना अपेक्षित नहीं है।

31-03-2022 तक एचओसीएल के निदेशक मंडल में 1 कार्यकारी निदेशक(यानी सीएमडी, एचओसीएल), और 2 सरकारी नामित निदेशकों के साथ दो गैर सरकारी स्वतंत्र निदेशक शामिल थे, सभी को अपने संबंधित क्षेत्रों में अग्रणी पेशेवरों के रूप में स्वीकार किया गया है।

हमारी कंपनी (एचओसीएल) भारत सरकार का एक उपक्रम (केंद्रीय सार्वजनिक उद्यम) है और कंपनी के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल में सभी निदेशकों को नियुक्त करने का अधिकार भारत सरकार पर निहित है। दिनांक 31.03.2022 को एचओसीएल के निदेशक मंडल में 2 स्वतंत्र निदेशक हैं, यथा डॉ भरत जे कनाबर और श्री प्रत्युष मंडल और एचओसीएल के निदेशक मंडल में एक स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति संबंधी सरकार के आदेश की प्रतीक्षा की जाती है।

**निदेशक मंडल के संयोजन:–**

31-03-2021 तक कंपनी के निदेशक मंडल में 3 निदेशक हैं अर्थात श्री सजीव बी (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक),श्री सतेन्द्र सिंह, अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार (सरकारी नामित निदेशक), श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव (सरकारी नामित निदेशक), डॉ भरत जे कनाबर (गैर सरकारी स्वतंत्र निदेशक) और श्री प्रत्युष मंडल (गैर सरकारी स्वतंत्र निदेशक)।

इस संदर्भ में, कंपनी को डॉ. भरत जे कनाबर एवं श्री प्रत्यूष मंडल को एचओसीएल के निदेशक मंडल में गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करते हुए सरकार के दिनांक 24–12–2021 के आदेश प्राप्त हुआ है। । नतीजतन, वर्तमान में कंपनी के निदेशक मंडल में केवल 2 स्वतंत्र निदेशक हैं, जबकि कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक की न्यूनतम आवश्यकता 3 संख्या है। कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2014 के नियम 3 के प्रावधानों के अनुसार एचओसीएल के निदेशक मंडल में एक महिला निदेशक की भी रिक्ति है और इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुपालन में एक (1) स्वतंत्र महिला निदेशक का पद रिक्त है।

28–01–2022 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में एचओसीएल बोर्ड में एक स्वतंत्र महिला निदेशक की रिक्ति के संबंध में मामला उठाया गया था। इसके अलावा, इस संबंध में कंपनी ने एचओसीएल बोर्ड में एक महिला स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति के लिए डीसीपीसी/प्रशासनिक से अनुरोध किया था। तदनुसार, हमारी कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की प्रतीक्षा है।

**ख) 31.03.2022 को अन्य बोर्ड समितियों की संख्या जिसमें निदेशक एक सदस्य या अध्यक्ष है (वित्तीय वर्ष 2021-22):**

| शीर्षक (श्री./ सुश्री) | निदेशक संवर्ग का नाम (अध्यक्ष / कार्यकारी / गैर–कार्यकारी / स्वतंत्र / नामिती) | इस सूचीबद्ध संस्था सहित सूचीबद्ध संस्था में निदेशकता की संख्या | सूचीबद्ध इस संस्था (सूचीबद्ध नियम के विनियम 26 (1) देखें) सहित लेखपरीक्षा/ हितधारक समिति(यों) सदस्यता की संख्या |
|---|---|---|---|
| श्री. | सजीव बी<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | 2 | 1 |
| श्री | सतेन्द्र सिंह<br>सरकार नामिती निदेशक | 4 | 0 |
| श्री | कनिष्क कान्त श्रीवास्तव<br>सरकार नामिती निदेशक | 1 | 1 |
| डॉ | भरत जे कनाबर<br>गैर सरकारी स्वतंत्र निदेशक | 2 | 4 |
| श्री | प्रत्युष मंडल<br>गैर सरकारी स्वतंत्र निदेशक | 1 | 2 |

| निदेशक का नाम | सूचीबद्ध संस्था के नाम जहां व्यक्ति निदेशक है और निदेशकता का संवर्ग |
|---|---|
| श्री सजीव बी | क) हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन्स लिमिटेड - अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) |
| श्री सतेन्द्र सिंह | क) हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड – सरकार नामिती निदेशक<br>ख) नेशनल अलुमिनियम कंपनी - सरकार नामिती निदेशक<br>ग) खंजी बिदेश इंडिया लिमिटेड – सरकार नामिती निदेशक |
| श्री. कनिष्क कान्त शिवासत्व | लागू नहीं |
| डॉ भरत जे कनाबर | क) हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन्स लिमिटेड -एचओसीएल<br>नामिती स्वतंत्र निदेशक |
| श्री प्रत्युष मंडल | लागू नहीं |

**ग) वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल/केएमपी में परिवर्तन:**

एलओडीआरआर के विनियम 36(3) के अनुपालन में निम्नलिखित सूचना प्रस्तुत किया जाता है:

i) 31 जुलाई 2021 को अधिवर्षिता पर श्री एस बी भिडे की सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के दिनांक 2 अगस्त, 2021 के आदेश सं पी. 51011/01/2021-केमि–III सीपीसी के अनुसार श्री एस सी मुदगेरीकर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) ने हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से तीन माह की अवधि के लिए या आगे आदेश होने तक, जो भी पहले हो ग्रहण किया। यह अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) के अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के अतिरिक्त है।

ii) तदनुसार, श्री एस सी मुदगेरीकर कंपनी के सीएमडी का पद वहन करते ही,भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के दिनांक 6 सितंबर, 2021 के आदेश सं पी. 51011/01/2021-केमि–III सीपीसी के फलस्वरूप श्री सजीव बी, मुख्य महा प्रबन्धक, एचओसीएल को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने तारीख से उनकी अधिवर्षिता की तारीख 31 मई 2025 या आगे के आदेश तक जो भी पहले हो, नियुक्त किया जाता है। श्री सजीव बी एचओसीएल की सहायक कंपनी हिंदुस्तान फ्लुरोकार्बन लिमिटेड (एचएफएल) के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त पदभार भी वहन करता है।

iii) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के 21 दिसम्बर 2021 के आदेश संख्या 51015/12/2014-केमि–III-सीपीसी के अनुसार श्री सतेन्द्र सिंह, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में श्री आशिष उपाध्याय के स्थान पर सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

iv) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के 24 दिसम्बर 2021 के आदेश संख्या 53013/8/2019-केमि–III-सीपीसी के अनुसार डॉ भरत जे कनबर को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में गैर– सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में आदेश की तारीख से तीन(3) वर्ष की अवधि के लिए या आगे अन्य आदेश तक नियुक्त किया।

v) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के 24 दिसम्बर 2021 के आदेश संख्या 53013/8/2019-केमि–III-सीपीसी के अनुसार श्री प्रत्युष मंडल को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में गैर– सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में आदेश की तारीख से तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए या आगे अन्य आदेश तक नियुक्त किया।

vi) श्रीमती सुशीला एस कुलकर्णी, कंपनी के कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी ने हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) की सेवा से 28 फरवरी 2022 को सेवानिवृत्त किया है, तदनुसार, कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी का प्रभार श्री सुब्रमणियन एच को 28.02.2022 को अंतरित किया।

vii) भारत सरकार, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के 30 मार्च 2021 के आदेश संख्या 51011/06/2011-केमि–III-सीपीसी के अनुसार श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव, निदेशक, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में श्री समीर कुमार विस्वास, अपर सचिव,रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग जिन्हें विभाग से 31 जनवरी, 2022 को कार्यमुक्त किया गया था, के स्थान पर तीन वर्षों की अवधि के लिए या आगे अन्य आदेश होने तक सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

घ) निदेशक मण्डल की बैठकों में और पिछली वार्षिक आम बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति;

| निदेशक | उपस्थित बोर्ड बैठकों की संख्या | पिछली एजीएम में उपस्थिति |
|---|---|---|
| श्री सजीव बी | 6 | हाँ |
| श्री सतेन्द्र सिंह (21.12.2021 से) | 2 | नहीं |
| श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव (30.03.2022 से) | 0 | लागू नहीं |
| डॉ भरत जे कनाबर (24.12.2021 से) | 3 | लागू नहीं |
| श्री प्रत्युष मंडल (24.12.2021 से) | 3 | लागू नहीं |
| श्री समीर कुमार विस्वास (30.03.2022 तक) | 6 | नहीं |
| श्री एस बी भिड़े (31.07.2021 तक) | 2 | लागू नहीं |
| श्री एस सी मुदगेरीकर (02.08.2021 से 05.09.2021 तक) | 0 | लागू नहीं |
| श्री आशीष उपाध्याय (22.11.2021 से 21.12.2021 तक) | 1 | नहीं |
| सुश्री निरूपमा कोतरु (31.07.2021 तक) | 0 | नहीं |
| श्री राजेश अग्रवाल (27.05.2021 से 07.10.2021 तक) | 2 | नहीं |
| श्रीमती अल्का तिवारी (26.05.2021 तक) | 0 | नहीं |

ङ) वित्तिय वर्ष 2021-22 के दौरान सम्पन्न निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या और बोर्ड बैठक सम्पन्न तारीख : -

कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तिय वर्ष 2021-22 के दौरान 8 बैठकें की जो निम्नानुसार है:

11 जून 2021, 30 जुलाई 2021, 23 सितम्बर 2021, 29 अक्तूबर 2021, 3 दिसम्बर 2021, 28 जनवरी 2022, 25 मार्च 2022 और 28 मार्च 2022

च) निदेशको के बीच परस्पर संबंध का प्रकटीकरण :– लागू नहीं.

छ) गैर सरकारी निदेशकों द्वारा धारित शयरों की संख्या और परिवर्तनीय लिखत;- शून्य;

ज) वेब लिंक जहां स्वतंत्र निदेशको को दिये गए आपसी परिचय कार्यक्रमों के विवरण प्रकट किया गया है. - https://www.hoclindia.com/corporate-governance

झ) निदेशक मंडल के कौशल / विशेषज्ञता / क्षमता:

i. अपने व्यवसाय (यों) और क्षेत्र (त्रों) के संदर्भ में प्रभावी संचालन के लिए यथा अपेक्षित निदेशक मंडल द्वारा पहचाने जाने वाले मुख्य कौशल / विशेषज्ञता / दक्षताओं की सूची और बोर्ड में वास्तव में उपलब्ध ऐसे गुण;-

ii. निदेशकों के नाम जिन्हें इस प्रकार कौशल/विशेषज्ञता/सक्षमता है: -

| निदेशक के नाम एवं पदनाम | शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव |
|---|---|
| श्री सजीव बी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | बी ई केमिकल। श्री संजीव बी को खरीदारी और सामाग्री के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। आप मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, फायर एंड सेफ्टी और इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग अनुभाग से संबंधित उपकरणों और पुर्जों की खरीद के अलावा सभी प्रमुख कच्चे माल और ईंधन की खरीद के प्रभारी भी थे। निम्नलिखित कार्यात्मक क्षेत्रों में महाप्रबंधक और उपरोक्त पदों पर कार्य किया। विपणन, तैयार उत्पाद, कॉर्पोरेट दीर्घकालीन योजना, तकनीकी सेवाएं, उत्पादन और सामग्री |
| श्री सतेंद्र सिंह, सरकार नामिती निदेशक | श्री सतेंद्र सिंह झारखंड कैडर से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1995 बैच का हैं। आप वर्तमान में रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं।<br>श्री सतेन्द्र सिंह ने रुड़की विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.ई. किया है। उन्होंने ड्यूक यूनिवर्सिटी, यूएसए से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर में विभिन्न अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में भाग लिया है। |
| श्री कनिष्क कान्त श्रीवासत्व सरकार नामिती निदेशक | श्री कनिष्क कांत श्रीवास्तव का जन्म 14.11.1980 को हुआ था। आपको सांख्यिकी में मास्टर डिग्री है। आप नई दिल्ली के रहने वाले हैं। आपको सरकारी सेवाओं में अनुभव है। वर्तमान में आप रसायन और पेट्रोरसायन विभाग में निदेशक (रसायन) हैं।, |
| डॉ भारत जे कनाबर स्वतंत्र निदेशक | डॉ भरत जे कनबर गुजरात के मूल निवासी हैं। आपका जन्म 06.07.1955 में हुआ था। भरत जे कनबर, कंसल्टिंग सर्जन गुजरात के अमरेली में 37 साल से प्रैक्टिस कर रहे हैं। आप 2006 से अमरेली रेड–क्रॉस ब्लड बैंक के अध्यक्ष हैं। आप कई गैर सरकारी संगठनों में सक्रिय हैं। आपने जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए कोविड की दोनों लहरों के दौरान बड़े पैमाने पर काम किया है। |
| श्री प्रत्युष मंडल स्वतंत्र निदेशक | श्री प्रत्यूष मंडल पश्चिम बंगाल के हावड़ा के मूल निवासी हैं। आप जन्म 05.07.1979 में हुआ था। श्री प्रत्यूष मंडल ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से बीएससी की डिग्री पूरी की है। शिक्षा पूरी करने के बाद आप ने शेयर बाजार क्षेत्र में नौकरी के साथ करियर की शुरुआत की। शेयर बाजार में पांच साल काम करने के बाद आप सामाजिक कार्यों में चले गए हैं। आपने फुलेश्वर अन्नपूर्णा ग्रामीण विकास केंद्र (सरकार पंजीकृत) नामक एनजीओ की स्थापना की है और इसके और अन्य संगठनों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कार्य कर रहे हैं।<br>श्री प्रत्यूष मंडल दस वर्ष से भी अधिक समय से कमजोर, युवा, महिलाओं और समाज के पिछड़ा वर्ग की बेहतरी और विकास के लिए समाज सेवा के लिए समर्पित है। |

त्र) निदेशक मंडल पुष्टि करते हैं कि स्वतंत्र निदेशक इन विनियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं-

ट) एक स्वतंत्र निदेशक के इस्तीफे के विस्तृत कारण जो अपने कार्यकाल की समाप्ति से पहले इस्तीफा दे देते हैं और ऐसे निदेशक द्वारा पुष्टि की जाती है कि प्रदान किए गए के अलावा कोई अन्य भौतिक कारण नहीं हैं।

लागू नहीं है

**3) लेखा परीक्षा समिति :**

**(क) संयोजन,सदस्यों तथा अध्यक्षा का नाम;**

24 दिसंबर 2021 को सरकार ने एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो (2) स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की। कंपनी के निदेशक मंडल ने 26 मई 2022 को सम्पन्न अपनी बैठक में तीन सदस्यों यथा डॉ भारत जे कनाबर, श्री प्रत्युष मंडल और श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव को लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों के साथ लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया।

**(ख) विचारार्थ विषय का संक्षिप्त विवरण;-**

लेखापरीक्षा समिति का मुख्य उद्देशय वित्तीय रेपोर्टिंग प्रणाली, लेखापरीक्षा प्रणाली की चूक प्रदान करना और कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 177 और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 18 के अधीन आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और निर्धारित ऐसे अन्य कार्यों की समीक्षा करना है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के सूचीबद्ध विनियमों और अन्य लागू प्रावधानों के कॉर्पोरेट प्रशासन पर विनियमों में प्रदान किए गए सभी मामलों के अलावा, बोर्ड/समिति (जब मिले) ने आंतरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों की समीक्षा की, सांविधिक लेखा परीक्षकों से समय–समय पर मुलाकात की और उनके निष्कर्षों पर चर्चा की, सुझाव, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, लेखा मानकों का अनुपालन, लेखापरीक्षा का दायरा, संशोधित राय, लेखापरीक्षा रिपोर्ट में लेखापरीक्षा योग्यताओं का प्रभाव, लेखापरीक्षकों की योग्यताओं के प्रबंधन के उत्तर, लेखापरीक्षकों की टिप्पणियों आदि और अन्य संबंधित मामले पर चर्च की।

बोर्ड/समिति (जब मिले) ने कंपनी द्वारा अपनाई जाने वाली प्रमुख लेखा नीतियों की भी समीक्षा की। बैठकों के दौरान बोर्ड/समिति ने सीएमडी, अन्य निदेशकों, सीएफओ और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों जैसा कि वह अपनी बैठकों में उचित समझे, को भी आमंत्रित किया । अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आंतरिक लेखापरीक्षा प्रमुख विशेष आमंत्रित के रूप में बोर्ड/लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में भाग लेते हैं। बैठक में भाग लेने के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों/शाखा लेखापरीक्षकों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाता है। कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं।

**(ग) बैठकें और उपस्थिति:**

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान निम्नलिखित लेखापरीक्षा समिति की बैठक हुई :

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी की लेखापरीक्षा समिति ने दो बार बैठकें की :

28 जनवरी 2022 और 25 मार्च 2022 को ।

| लेखापरीक्षा समिति | उपस्थित लेखापरीक्षा समितियों की बैठक |
|---|---|
| डॉ भरत जे कनाबर | 2 |
| श्री प्रत्युष मंडल | 2 |

**4) नामांकन और पारिश्रमिक समिति:**

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अधिकावधि में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण नामांकन और पारिश्रमिक समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा सकी। सरकार ने 24 दिसंबर 2021 को एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो (2) स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की। 28 जनवरी 2022 को सम्पन्न अपनी बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने दो स्वतंत्र सदस्यों के साथ बोर्ड की नामांकन और पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया।

**विचारार्थ विषय का संक्षिप्त विवरण;**

कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 178 और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 19 प्रावधानों के अनुसरण में नामांकन और पारिश्रमिक समिति (समिति) की भूमिका, विचारार्थ विषय और कर्तव्य अन्यों के साथ निम्नलिखित में शामिल होगा :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के तहत:

क) उन व्यक्तियों जो निदेशक बनने के लिए योग्य हैं या जिन्हें वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है, की पहचान करना, बोर्ड को उनकी नियुक्ति और हटाने की सिफारिश करना और प्रत्येक निदेशक के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा;

ख) निदेशक की योग्यता, सकारात्मक गुण और स्वतंत्रता निर्धारित करने के लिए मानदंड तैयार करना;

ग) निदेशक मंडल को निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित नीति की सिफारिश करना;

**सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 19 के अनुसार:**

1. निदेशक की योग्यता, सकारात्मक गुण और स्वतंत्रता निर्धारित करने के लिए मानदंड तैयार करना निदेशक मंडल को निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित नीति की सिफारिश करना;
2. स्वतंत्र निदेशकों और निदेशक मंडल के कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना;
3. निदेशक मंडल की विविधता पर नीति तैयार करना;
4. निर्धारित मानदंडों के अनुसार उन व्यक्तियों जो निदेशक बनने के लिए योग्य हैं या जिन्हें वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है, और निदेशक मंडल को उनकी नियुक्ति और हटाने की सिफारिश करना;
5. स्वतंत्र निदेशकों की कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर, स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति का कार्यकाल को क्या ब?ाया जाना या जारी रखना है;;''

इसके अलावा, शेयरधारकों के सवालों के उत्तर देने के लिए समिति के अध्यक्ष एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं। हालांकि, प्रश्नों का उत्तर कौन देगा, यह निर्णय अध्यक्ष पर निर्भर है। आगे, समिति की बैठकों में निर्दिष्ट संख्या (कोरम) 1/3 या 2 निदेशक जो भी अधिक हो, होंगे और समिति की बैठक कम से कम वर्ष में दो बार (अर्ध वार्षिक) या इस तरह के अंतराल पर जो सदस्य आपस में निर्णय लेने के बाद, की जाएगी। समिति की बैठकों से संबंधित अन्य प्रावधानों के संबंध में, कंपनी के संस्था के अंतर्नियमों के तहत दिए गए समान प्रावधान लागू होंगे।

हालांकि, एक सीपीएसई कंपनी के अलावा, नामांकन और पारिश्रमिक मामलों से संबंधित सभी मुद्दों के संबंध में डीपीई के दिशानिर्देशों का भी पालन किया जा रहा है।

संयोजन, सदस्य तथा अध्यक्ष का नाम;

(ख) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियमन 19 के लागू प्रावधानों के अनुसरण में समिति में सदस्यों के रूप में 3 निदेशक शामिल है यथा डॉ भरत जे कनाबर, श्री प्रत्युष मंडल और श्री कनिष्क कान्त श्रीवासत्व। डॉ भरत जे कनाबर नामांकन और पारिश्रमिक समिति के अध्यक्ष और श्री सुब्रमणियान एच कंपनी सचिव एचओसीएल समिति के सचिव है।

(ग) वर्ष के दौरान बैठक और उपस्थिति; वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अधिकवधि में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान नामांकन और पारिश्रमिक समिति की बैठक नहीं की जा सकी।

(घ) स्वतंत्र निदेशकों के लिए प्रदर्शन मूल्यांकन मानदंड –विवरण समिति के विचारार्थ विषय में दिए गए हैं।

**5) हितधारकों के संबंध की समिति (13-02-2019 को गठित):**

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 20 में हितधारकों की संबंध समिति गठति करने के लिए अधिदेश है। इसमें समिति के अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र निदेशक (यथा गैर कार्यकारी निदेशक) और बोर्ड द्वारा यथा निर्णीत अन्य सदस्यों शामिल हैं। कथित हितधारकों के संबंध में समिति प्रतिभूति धारकों की शिकायतों का समाधान करेगी।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अधिकावधि में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण हितधारकों के संबंध में समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा सकी। 24 दिसंबर 2021 सरकार ने एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो (2) स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की। 28 जनवरी 2022 को सम्पन्न अपनी बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने दो स्वतंत्र सदस्यों के साथ बोर्ड की हितधारकों के संबंध में समिति का पुनर्गठन दो गैर सरकारी स्वतंत्र निदेशकों को शामिल कर किया। इसमें डॉ भरत जे कनाबर अध्यक्ष और श्री प्रत्युष मंडल और सजीव बी, सीएमडी, एचओसीएल को हितधारकों के संबंध में समिति के सदस्य के रूप में और समिति के सचिव के रूप में कंपनी सचिव कार्य करेंगे।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान डीमैट के लिए कोई शिकायत और अनुरोध लंबित नहीं है। इस समिति को शेयरधारकों और निवेशकों के शिकायतों के समाधान के लिए विशेष रूप से अपेक्षित शक्तियां तथा प्राधिकार दिया है, इस संबंधी सभी कार्य कंपनी के आरटीए द्वारा उचित रूप से संभाला और निर्वाह किया जा रहा है।

**(क) विचारार्थ विषय का संक्षिप्त विवरण:**

I) समिति कंपनी के प्रतिभूति धारकों की शिकायतों पर विचार और समाधान करेगी;

ii) समिति तिमाही आधार पर या वर्ष में एक/दो बार या आवश्यकतानुसार बैठक आयोजित करेगी;

iii) समिति के सचिव के रूप में कंपनी सचिव कार्य करेगा;

iv) समिति की बैठक के लिए आवश्यक संख्या संरचना के 1/3 या दो सदस्य जो भी अधिक हो, है।

v) समिति कंपनी के प्रतिभूति धारकों की शिकायतों पर विचार और समाधान करेगी इसमें शेयरों के अंतरण संबंधी, घोषित लाभांश की अप्राप्ति यदि कोई हो तो, आदि शिकायतें शामिल है।

vi) बोर्ड या समिति द्वारा लिए गए निर्णया के अनुसार समिति के कार्यक्षेत्र में आनेवाले अन्य विषय या मामले।

(ख) हितधारकों के संबंध समिति की बैठक: वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अधिकवधि में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हितधारक संबंध समिति की बैठक आयोजित

**6) जोखिम प्रबंधन समिति : लागू नहीं**

**7) निदेशकों के पारिश्रमिक:**

(क) सूचीबद्ध इकाई की तुलना में गैर–कार्यकारी निदेशकों के सभी आर्थिक संबंध या लेन–देन वार्षिक रिपोर्ट में प्रकट किए जाएंगे; - बैठक शुल्क के भुगतान संबंधी आवश्यक प्रकटन किया गया है।

(ख) गैर–कार्यकारी निदेशकों को भुगतान करने का मानदंड। वैकल्पिक रूप से, यह सूचीबद्ध इकाई की वेबसाइट पर और उसके संबंध में संदर्भ वार्षिक रिपोर्ट में प्रसारित किया जा सकता है,- हाँ बोर्ड और समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए केवल बैठक शुल्क गैर–कार्यकारी निदेशकों को भुगतान की जा रही है।

(ग) पारिश्रमिक के संबंध में प्रकटीकरण: कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अपेक्षित प्रकटीकरण के अतिरिक्त, निम्नलिखित प्रकटीकरण किए जाएंगे: – हाँ

I. निदेशकों के पारिश्रमिक पैकेज के सभी तत्वों को वेतन, लाभ, बोनस, स्टॉक विकल्प, पेंशन इत्यादि जैसे प्रमुख समूहों के तहत सारांश दिया गया.;

**31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों को भुगतान किए गए / देय पारिश्रमिक का विवरण निम्नानुसार है:**

| क्रम सं | निदेशक का नाम | परिलब्धियों सहित वेतन राशि रु.(लाख में) | बैठक शुल्क राशि रु.(लाख में) : | कुल राशि रु. (लाख में: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सजीव बी, सीएमडी | 20.74 | -- | 20.74 |
| 2. | श्री सतेन्द्र सिह , एएस एवं एफए सरकार नामिती निदेशक | लागू नहीं | -- | शून्य |
| 3. | श्री कनिष्क कान्त श्रीवास्तव सरकार नामिती निदेशक | लागू नहीं | -- | शून्य |
| 4. | डॉ भरत जे कनाबर स्वतंत्र निदेशक | लागू नहीं | 0.60 | 0.60 |
| 5. | श्री प्रत्युष मंडल स्वतंत्र निदेशक | लागू नहीं | 0.60 | 0.60 |

अगस्त, 2018 तक, कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों को 5,000/– रुपये प्रति निदेशक/बोर्ड बैठक/समिति बैठक की दर से बैठक शुल्क का भुगतान किया गया और उसके बाद नवंबर 2018 से 10,000/– रुपये प्रति निदेशक/बोर्ड बैठक/समिति बैठक में भाग लेने के लिए भुगतान किया गया। वित्तीय वर्ष 2021-22 अधिकांश अवधि के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में कोई स्वतंत्र निदेशकों नहीं थे । 24 दिसंबर 2021 को सरकार ने एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की। उसके बाद वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान बोर्ड/समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रत्येक को 60,000/- रुपये दो स्वतंत्र निदेशकों को दिये गए।

ii नियत घटक और निष्पादन से जु? प्रोत्साहन और निष्पादन मानदंड सहित कुछ नहीं/शून्य

- कंपनी ने कोई स्टॉक ऑप्शन नहीं दिया है।
- गैर–कार्यकारी निदेशक: कंपनी बोर्ड/ समिति बैठकों में भाग लेने के लिए अपने गैर–कार्यकारी निदेशकों को बैठक शुल्क को छोडकर कोई पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है।.

iii सेवा करार,सूचना अवधि और सर्वरेंस शुल्क : -

कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा पांच वर्ष की अवधि के लिए या सेवानिवृत्ति की आयु पूरा करने तक, जो भी पहले हो, के लिए की जाती हैं। इस अवधि के दौरान भी दोनों पदों की ओर से या तो तीन महीने का नोटिस देकर या उसके बदले तीन महीने का भुगतान करने पर सेवा समाप्त की जा सकती है।

iv स्टॉक विकल्प संबंधी सूचना यदि कोई हो तो और क्या बट्टे दर पर जारी किए गए है साथ ही साथ अवधि जिस पर प्रोद्भूत है और जिस पर प्रयोग करने लायक है– शून्य

**8) स्वतंत्र निदेशकों के लिए कार्यनिष्पादन मूल्यांकन मानदंड:**

लागू नहीं। एचओसीएल एक सरकारी कंपनी पीएसयू होने के कारण बोर्ड के सभी निदेशकों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती हैं। स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी निदेशकों के कार्य निष्पादन संबंधी मूल्यांकन केंद्र सरकार या मंत्रालय के विभाग द्वारा किया जाता है, जो प्रशासनिक रूप से कंपनी के प्रभारी होते हैं।

**9) स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठक:**

वित्तीय वर्ष 2021-22 के अधिकाधिक अवधि के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं थे। 24 दिसंबर 2021 को सरकार ने एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की। उसके बाद स्वतंत्र निदेशकों यथा डॉ भरत जे कनाबर और श्री प्रत्युष मंडल की बैठक 25 मार्च 2022 को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149(8) जिसे अनुसूची IV के साथ पढ़ा जाए और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 25(3) के अनुपालन में की गयी।

**10) शेयर अंतरण समिति (सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 40 के अधीन गठित):**

सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 40 के अधीन उल्लेखितानुसार शेयरों का भौतिक अंतरण और अन्य लेनदेन को अनुमोदित करना।

(ग) समिति का नेतृत्व करने वाले निदेशक का नाम; - श्री सजीव बी, सीएमडी अध्यक्ष के रूप में (कार्यस्थल पर निदेशकों की आसान उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, सभी बॉण्ड/शेयरधारकों/निवेशकों या तो हस्तांतरण/शिकायतों से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से देख–रेख करने के लिए प्रत्येक पखवाड़े में/ मासिक रूप से आवश्यक एसटीसी बैठकों को आयोजित करना। यह सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के निगमित अभिशासन के मानदंडों के अनुपालन में और एक्सचेंजों के लिए उपयुक्त स्पष्टीकरण के लिए हैं।)

(घ) अनुपालन अधिकारी का नाम और पदनाम:-

श्री सुब्रमणियन एच, कंपनी सचिव को अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है और समिति के सदस्य और सचिव के रूप में कार्य करता है.

शेयर/बॉन्ड्स अंतरण प्रणाली:

कंपनी की शेयर अंतरण समिति को कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों (जैसे आरआरटीए. (वैध अंतरण इत्यादि दस्तावेज) से जब कभी प्राप्त होने पर प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने के लिए अधिकृत किया जाता है। डिमटेरियलाइज्ड शेयर सीधे जमाकर्ताओं द्वारा लाभार्थियों को स्थानांतरित कर दिए जाते हैं.

शेयरधारकों और निवेशकों के साथ सभी पत्राचार कंपनी की आरटीए द्वारा कंपनी की तरफ से किया जाता है.

सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 40 के अनुसार कंपनी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि सभी अंतरण निर्धारित अवधि के भीतर पंजीकरण के लिए अनुमोदित हैं। इस तंत्र के लिए, कंपनी सचिव (अनुपालन अधिकारी) और कंपनी के आरटीए को सभी आवश्यक शक्तियों और प्राधिकारियों के साथ यह सौंपा गया है, ताकि वे सभी शेयर/बॉन्ड से संबंधित कार्यों सभी गतिविधियों को पूरा कर सकें। अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने के विचार से, समिति नियमित रूप से बैठकें करती है और शेयरों से संबंधित सभी मामलों को यथा अंतरण, हटाने, संचरण और आरटीए से मांगों के आधार पर शेयरों का रिमटेरियलाइजेशन का अनुमोदन करती है।

निवेशकों से प्राप्त पत्रों का निवेशकों की संतुष्टि में उत्तर दिया गया या समाधान किया गया। शेयरों का अंतरण निर्धारित समय के भीतर व्यवहार में लाया गया था.

वर्ष के दौरान समिति की 5 बार बैठकें हुईं। विवरण इस प्रकार हैं: -21-04-2021,21-10-2021, 12-11-2021,25-11-2021 और 21–12–2021

लंबित शेयर अंतरणों की स्थिति

31 मार्च 2022 को लंबित शेयर अंतरणों के मामले शून्य है (जैसाकि आरटीए ने पुष्टि की है)।

(ङ) 01.04.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि के लिए शिकायत स्थिति:

i. वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त शेयरधारकों की शिकायत संख्या– 2 संख्या

ii. वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त और निपटान की गयी शिकायतों की संख्या :–2 संख्या

iii. शेयरधारकों की संतुष्टि तक नहीं निपटाए गए की संख्या0 संख्या

iv. 31.03.2022 को समाप्त वर्ष की समाप्ति तक लंबित शिकायतों की संख्या:–शून्य

**11) कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी एवं निरंतरता विकास समिति: (लागू नहीं)**

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) एवं निरंतरता विकास समिति एचओसीएल के लिए लागू नहीं है। 24 दिसंबर 2021 सरकार ने एचओसीएल के निदेशक मंडल में दो (2) स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की। उसके बाद, 28 जनवरी 2022 को सम्पन्न अपनी बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने दो स्वतंत्र सदस्यों को शामिल कर बोर्ड की सीएसआर एवं निरंतरता विकास समिति का पुनर्गठन किया। इसमें डॉ भरत जे कनाबर सदस्य एवं अध्यक्ष के रूप में और अन्य स्वतंत्र निदेशक श्री प्रत्युष मंडल और सजीव बी, सीएमडी, एचओसीएल को सीएसआर एवं निरंतरता विकास समिति के सदस्य के रूप और समिति के सचिव के रूप में कंपनी सचिव कार्य करेंगे।

उक्त सीएसआर और एसडी समिति के विचारार्थ विषय जिसमें अन्य भी शामिल है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 और उसके तहत नियम 2014 के अनुसार अनुसूची ब्ध्ध आदि के साथ हैं। यद्यपि कंपनी को संचित हानियों के कारण किसी भी सीएसआर गतिविधियों को करने की आवश्यकता नहीं है, वर्ष 2021-22 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां की गईं:

कोविड़-19 महामारी से लड़ने में मदद करने के लिए, कंपनी ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित का विस्तार किया।

- सामाजिक सेवा संगठन सेवभारती को एफएसीटी के साथ एम्ब्युलेन्स को प्रायोजित किया।
- स्थानीय निवासियों को पेयजल की आपूर्ति जरी करना सुनिश्चित की गई ।

  कोविड़ टीकाकरण अभियान चलाया गया। समीपस्थ पंचायत के लिए फोगगिंग मशीन दिये गए।
- कौशल/ज्ञान बढ़ाने के लिए इंजीनियरिंग/विज्ञान/प्रबंधन कॉलेजों के छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की गयी ।

**12. वार्षिक आम बैठक::**

**क) आयोजित की गई कंपनी की पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों के स्थान और समय;**

कंपनी की पिछली तीन वार्षिक आम बैठकें निम्नलिखित के अनुसार हुई:

| विवरण | वि.वर्ष **2018-2019** | वि.वर्ष **2019-2020** | वि.वर्ष **2020-2021** |
|---|---|---|---|
| दिनांक | 26-09-2019 | 28-09-2020 | 28-09-2021 |
| समय | दोपहर 2.00 | दोपहर 2.00 | दोपहर 3.00 |
| स्थान | द इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनीर्स (इंडिया) ऑडिटोरियम हाल - प्रथम तल, प्लॉट सं106, सेक्टर -15, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई -400614 | सीबीडी बेलापुर में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (ठवीसीठ) / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ठओएवीएमठ) के माध्यम से। | सीबीडी बेलापुर में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (ठवीसीठ) / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ठओएवीएमठ) के माध्यम से। |

- पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों में क्या कोई विशेष संकल्प पारित किया गया है हाँ
- क्या पिछले वर्ष/वर्ष के दौरान डाक मतपत्र के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव पारित किया गया था- नहीं/कोई नहीं

**13. 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सीईओ/सीए?ओ का प्रमाणीकरण. यह प्रमाणित किया जाता है:**

क. वर्ष के लिए वित्तीय विवरण और नकद प्रवाह विवरण अपनी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार संशोधित किया है:

1) इन विवरणों में कोई खास असत्य विवरण नहीं है और कोई खास वस्तु स्थिति छुपाई नहीं गई हैं या ऐसे विवरण शामिल नहीं है जो भ्रामक हो;

2) यह विवरण कंपनी के कार्यों की सच्ची और सही स्थिति दर्शाती है और वर्तमान लेखा मानकों,लागू क़ानूनों तथा नियमों के अनुरूप हैं.

ख. हमारी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान ऐसा कोई कारोबार नहीं किया गया है जिसमें धोखाधड़ी हो,गैर कानूनी हो या कंपनी के आचरण नियमों का भंग होता है।

ग. वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने तथा बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और यह है कि उन्होने वित्तीय रिपोर्टिंग पर सूचीबद्ध कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के प्रभावीकरण का मूल्यांकन किया है और उन्होने लेखापरीक्षकों तथा लेखा समिति के आंतरिक नियंत्रण के डिज़ाइन तथा परिचालन में अंतर यदि हो तो के बारे में प्रकटीकरण किया है जिसके बारे में उन्हें जानकारी है तथा उसे दूर करने के लिए उठाए गए कदम या इस अंतर के दूर करने के लिए दिये गए प्रस्ताव का प्रकटीकरण किया है.

घ. हमने लेखा परीक्षकों और लेखा समिति को सूचित किया है: -

(1) वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रणों में महत्वपूर्ण परिवर्तन।

(2) वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन तथा उन्हें वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में प्रकटीकरण किया गया।

(3) महत्वपूर्ण धोखाधड़ी के मामले जो उनके सामने आए हैं और उनमें सम्मिलित, यदि हो तो प्रबंधन या कर्मचारी जो वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण पद्धति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है।

| | हस्ता/- | हस्ता/- |
|---|---|---|
| स्थान : बेलापुर सीबीडी | पी ओ लुईस | सजीव बी |
| दिनांक : 26.05.2022 | मुख्य वित्तीय अधिकारी | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |

**14 निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए आचार संहिता:**

कंपनी ने कंपनी के निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों (कंपनी के निदेशक मंडल के एक स्तर नीचे) पर लागू आचरण और नैतिकता का एक कोड अपनाया (2007 से) है। संहिता में निदेशकों और कर्मचारियों को ईमानदारी से, निष्पक्ष, नैतिक रूप से और पारदर्शिता और अखंडता के साथ कार्य करने की अपेक्षा होती है। निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों को वार्षिक आधार पर आचरण संहिता के अनुपालन की पुष्टि करने की आवश्यकता होती है। कोड कंपनी की वेबसाइट – www.hoclindia.com पर प्रदर्शित है। सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने कोड का अनुपालन किया है और इस संबंध में उनके द्वारा अनुपालन की पुष्टि की गयी है। अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित एक घोषणा नीचे दी गई है:

यह प्रमाणित किया जाता है कि:

सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 26(3) की आवश्यकता के अनुरूप, बोर्ड के सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने पुष्टि की है कि उनके सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास पर, उन्होंने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 'निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचरण संहिता' के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

| | हस्ता/- |
|---|---|
| स्थान: मुंबई | सजीव बी |
| दिनांक : 26.05.2021 | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |

**15. संचार का साधन:**

(क) तिमाही वित्तीय परिणाम;

- ये तिमाही, छ्माही समीक्षित तथा लेखा परीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणाम निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित करने के तुरंत पश्चात स्टॉक एक्स्चेंज को भी प्रस्तुत किए जाते हैं

(ख) समाचार पत्रों जहाँ वित्तीय परिणाम साधारणत: प्रकाशित किया जाता है;

- स्टॉक एक्स्चेंज के साथ किए गए सूचीबद्ध विनियम की आवश्यकताओं के अनुसार ये परिणाम क्षेत्रीय भाषा (नवशक्ति) तथा अंग्रेज़ी राष्ट्रीय दैनिक (द फ्री प्रैस जर्नल) में प्रकाशित किए जाते हैं.

(ग) वेबसाइट, कोई जहाँ प्रदर्शित किया जाता है;

- कंपनी द्वारा तिमाही,छ:माही समीक्षित तथा लेखा परीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरण नियमित रूप से अपनी वेबसाइट www.hoclindia.com पर प्रदर्शित किया जाता है

(घ) क्या सरकारी समाचार प्रकाशनों में भी इसको प्रकाशित किया जाता है. नहीं

(ङ) संस्थागत निवेशकों या विश्लेषकों को प्रस्तुति की जाती है नहीं.

- प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी की इस 61वीं वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।
- जब कभी निदेशक की नियुक्ति या पुन:नियुक्ति होती है तो स्टॉक एक्स्चेंज को ?क्स / स्पीडपोस्ट/ कूरियर सेवा द्वारा सूचित किया जाता है हाँ पंजीकरण सं 29/30 और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अन्य लागू विनियमों के अनुसार निगमित घोषणा के अधीन एक्स्चेंज (बीएसई) के ई–फाइलिंग पोर्टल में ऑनलाइन –फाइलिंग के माध्यम से.

**16. सामान्य शेयरधारकों की सूचना:**

कंपनी (एचओसीएल) सीआईएन L99999MH1960GOI011895

अनुपालन अधिकारी : श्री सुब्रमणियन एच, कंपनी सचिव, सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 6 के अधीन कंपनी का अनुपालन अधिकारी है.

कंपनी की वेबसाइट: www.hoclindia.com

पंजीकृत कार्यालय एवं कॉरपोरेट कार्यालय: कार्यालय सं 401,402,403, चौथा तल, वी– टाइम स्क्वेयर, प्लॉट सं.3,सेक्टर –15 सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई– 400614, महाराष्ट्र.

(क) कंपनी की वर्तमान –61वीं वर्चअल वार्षिक आम बैठक (एजीएम)–तारीख, समय और स्थान;

61वीं वर्चअल वार्षिक आम बैठक

स्थान एवं समय: 29 सितंबर, 2022 दोपहर 2 बजे

स्थान : वीडियो कॉन्फ्रेंस- वर्चअल एजीएम- अध्यक्ष, कंपनी सचिव, वेबलिक के लिए मॉडरेटर आदि- : एचओसीएल बोर्ड रूम पंजीकृत कार्यालय एवं कॉरपोरेट कार्यालय, कार्यालय सं 401,402,403, चौथा तल, वी– टाइम स्क्वेयर, प्लॉट सं. 3,सेक्टर –15 सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई– 400614

(ख) वित्तीय वर्ष;

कंपनी अप्रैल से मार्च अपना वित्तीय वर्ष मानती है.

(ग) लाभांश भुगतान तिथि - लागू नहीं है, पिछले वर्षों के दौरान लगातार हानि के कारण साथ ही पिछले वर्षों के संचित नुकसान आगे ले जाने को ध्यान में रखकर निदेशक मंडल ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान किसी लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

(घ) प्रत्येक स्टॉक एक्सचेंज का नाम और पता जिस पर सूचीबद्ध संस्थाओं की प्रतिभूतियां सूचीबद्ध हैं और प्रत्येक ऐसे स्टॉक एक्सचेंजों प्रत्येक को वार्षिक लिस्टिंग शुल्क के भुगतान के बारे में पुष्टि की जाए : बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड डबीएसई; वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक लिस्टिंग शुल्क के लिए 3,54,000/- की राशि का भुगतान मई, 2022 में बीएसई को आरटीजीएस के माध्यम से किया गया था और इसका विधिवत अनुपालन किया गया था। .

(ङ) स्टॉक/ स्क्रिप्ट कूड: बीएसई पर स्टॉक को: 500449

एनएसडीएल एंड सीडीएसएल पर एचओसीएल इक्विटी शेयर का आईएसआईएन: INE048A01011

(च) बाज़ार मूल्य आंकड़े पिछले वित्तीय वर्ष (2021-22) के प्रत्येक माह के दौरान उच्च, निम्न

| माह | मासिक उच्चतम | मासिक निम्नतम |
|---|---|---|
| अप्रैल, 2021 | 41 | 34.55 |
| मई , 2021 | 45.00 | 36.85 |
| जून, 2021 | 47.90 | 35.35 |
| जुलाई, 2021 | 40.40 | 35.00 |
| अगस्त, 2021 | 39.90 | 28.35 |
| सितम्बर, 2021 | 46.10 | 33 |
| अक्तूबर, 2021 | 45.30 | 33.85 |
| नवंबर, 2021 | 37.80 | 32 |
| दिसंबर, 2021 | 38.30 | 28.55 |
| जनवरी, 2022 | 39.80 | 33 |
| फरवरी, 2022 | 37 | 25.35 |
| मार्च, 2022 | 35.30 | 27.35 |

(छ) विविध सूचकांकों जैसे बीएसई सेंसेक्स,क्रिसिल सूचकांक आदि की तुलना में निष्पादन ;-शून्य

(ज) यदि व्यापार से प्रतिभूतियों को प्रतिबंधित किया गया है तो निदेशक रिपोर्ट इसके संबंध में कारण बताएँगे ;- कोई नहीं/शून्य.

(झ) रेजिस्ट्रार निर्गम के लिए तथा शेयर अंतरण एजेंट; मेसेर्स बिगशेयर सेर्विसेस प्राइ लिमिटेड

कार्यालय सं एस–6, छठा तल, पिनाक्क्ल बिज़नस पार्क, अहुरा केंद्र के आगे, महाकाली कैवस रोड ,अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400093, महाराष्ट्र

(झ) शेयर अंतरण प्रणाली;

कंपनी की शेयर अंतरण समिति को कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों (जैसे आरआरटीए. (वैध अंतरण इत्यादि दस्तावेज) से जब कभी प्राप्त होने पर प्रतिभूतियों को अंतरित करने के लिए अधिकृत किया जाता है। डिमटेरियलाइज्ड शेयर सीधे जमाकर्ताओं द्वारा लाभार्थियों को अंतरित कर दिए जाते हैं।

शेयरधारकों और निवेशकों के साथ सभी पत्राचार कंपनी की आरटीए द्वारा कंपनी की तरफ से किया जाता है।

कंपनी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि सभी अंतरण निर्धारित अवधि के भीतर पंजीकरण के लिए अनुमोदित हैं। और इस तंत्र के लिए कंपनी सचिव (अनुपालन अधिकारी) और कंपनी के आरटीए को सभी आवश्यक शक्तियों और प्राधिकारियों के साथ सौंपा गया है, ताकि वे सभी शेयर/बॉन्ड से संबंधित कार्यों सभी गतिविधियों को पूरा कर सकें। अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने के विचार से, समिति नियमित रूप से बैठकें करती है और आरटीए से मांगों के आधार पर शेयरों से संबंधित सभी मामलों को यथा हस्तांतरण, हटाने, संचरण, डिमटेरियलाइजेशन और रिमटेरियलाइजेशन का अनुमोदन करती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान डीमैट के लिए कोई शिकायतें और अनुरोध लंबित नहीं थे।

समिति को शेयरधारकों और निवेशकों की शिकायतों के निवारण को विशेष रूप से ध्यान में रखने के लिए आवश्यक शक्तियों और प्राधिकार प्राप्त है, जिन्हें कंपनी के आरटीए द्वारा उचित रूप से प्रबंधन और निपटाया जा रहा है।

निवेशकों से प्राप्त पत्रों का निवेशकों की संतुष्टि में उत्तर दिया गया या समाधान या गया। शेयरों का अंतरण निर्धारित समय के भीतर व्यवहार में लाया गया था।

(ट) शेयरधारिता का वितरण;

दिनांक 31-03-2022 को: (एनएसडीएल-सीडीएसएल-भौतिक)

| नामिक शेयरधारिता | | शेयरधारकों की संख्या | कुल का प्रतिशत | शेयर राशि | कुल का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| रु | रु | | | रु. | |
| 1 | 500 | 43861 | 88.3849 | 61541350 | 9.1616 |
| 501 | 10000 | 2833 | 5.7088 | 24265650 | 3.6124 |
| 10001 | 20000 | 1445 | 2.9118 | 22682960 | 3.3768 |
| 20001 | 30000 | 477 | 0.9612 | 12377990 | 1.8427 |
| 30001 | 40000 | 224 | 0.4514 | 8256580 | 1.2291 |
| 40001 | 50000 | 233 | 0.4695 | 11274670 | 1.6785 |
| 50001 | 100000 | 327 | 0.6589 | 25015800 | 3.7241 |
| 100001 | 999999999999 | 225 | 0.4534 | 506316000 | 75.3748 |
| कुल | | **49625** | 100.00 | **671731000** | **100** |

(ठ) शेयरों का डिमटेरियलीकरण और चलनिधि:- एचओसीएल इक्विटी शेयर आईएसआईएन:

आईएनइ 048A01011

कंपनी के शेयरों का व्यापार अनिवार्य रूप से डिमटेरियलीकृत मोड में किया जाता हैं। शेयरधारकों को शेयरों को डिमटेरियलीकृत करने में सुविधा देने के लिए, कंपनी ने दोनों जमाकर्ताओं अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरीज सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं. 31मार्च, 2022 को कंपनी की शेयर पूंजी का 97.06% डिमटेरियलीकरण किया गया है (एनएसडीएल–17.21%) और सीडीएसएल–79.85%) – डिमटेरियलीकृत कुल खाते 34206 है जिसमें 6,51,98,766 शेयर शामिल हैं

(ड) बकाया वैश्विक डिपॉजिटरी रसीदें या अमेरिकी डिपॉजिटरी रसीदें या वारंट या किसी भी परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन तिथि और इक्विटी पर संभावित प्रभाव; - शून्य / कोई नहीं.

(ण) कमोडिटी मूल्य जोखिम या विदेशी मुद्रा जोखिम और हेजिंग गतिविधियों; - शून्य / कोई नहीं

(प) संयंत्र स्थान:-

| क्रमांक | स्थान | मुख्य उत्पाद |
|---|---|---|
| 1. | कोची | फिनोल कॉम्प्लेक्स |

पत्राचार के लिए पता: -

i. पंजीकृत एवं कॉरपोरेट कार्यालय: 401,402,403, चौथा तल, वी– टाइम स्क्वेयर, प्लॉट सं. 3,सेक्टर –15, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई– 400614, महाराष्ट्र

ii. आर एंड टी एजेंट का पता:

सर्वश्री बिगशेयर सर्विसेस प्रा लिमिटेड

कार्यालय सं एस–6, छठा तल, पिनाक्कल बिज़नेस पार्क, अहुरा केंद्र के आगे, महाकाली कैवस रोड ,अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400093, महाराष्ट्र,

(थ) प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी संशोधन के साथ–साथ कंपनी द्वारा प्राप्त सभी क्रेडिट रेटिंग की सूची, इस तरह की इकाई के सभी कर्ज लिखत या किसी भी मियादी जमा कार्यक्रम या किसी भी योजना या निधि जुटाने में शामिल सूचीबद्ध कंपनी के प्रस्ताव वाली लिस्ट के प्रस्ताव के लिए, चाहे भारत में या विदेश में लागू नहीं.

**17. विविध सूचकांकों की तुलना में निष्पादन:**

| अवधि | सेंसेक्स | बीएसई -पीएसयू इंडेक्स | एचओसीएल मूल्य रु. (बीएसई) |
|---|---|---|---|
| मार्च 2021 | 52,416.33 | 1,370.75 | 42.45 |
| मार्च 2022 | 59,099.75 | 1,641.40 | 35.25 |

**18. अन्य प्रकटीकरण :**

क) कोई सार्थक महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी कारोबार पर प्रकटीकरण जिसमें कंपनी के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ता हो : कोई नहीं

(ख) वेब लिंक जहाँ ''महत्वपूर्ण'' सहायक कंपनियों के निर्धारण हेतु नीति प्रकट किया गया है; -

www.hoclindia.com/corporate-governance

i) एचओसीएल की एक सहायक कंपनी का 9 महत्व 9 तभी माना जाएगा यदि संबंधित सहायक कंपनी के तुरंत पूर्ववर्ती वर्ष के आय या निवल मूल्य क्रमश: एचओसीएल और इसकी सहायक कंपनियों के समेकित आय या निवल मूल्य का बीस प्रतिशत से अधिक हो.

आगे, एचओसीएल अपना महत्व की सहायक कंपनी में शेयरों का निपटान नहीं करेगी जो 50% से कम के लिए अपने शेयरधारिता (या तो स्वयं या सहायक कंपनियों के साथ) को कम करेगा या केंद्रीय सरकार के अनुमोदन के बिना सहायक कंपनी पर नियंत्रण का प्रयोग बंद कर देगा और उन मामलों, जहाँ सरकार द्वारा / न्यायालय / ट्रिब्यूनल द्वारा विधिवत अनुमोदित व्यवस्था की योजना के तहत ऐसा अनावरण किया जाता है को छोड़कर, अपनी आम बैठक में एक विशेष प्रस्ताव पारित किए बिना बंद कर देगा.

ii) आगे, एक वित्तीय वर्ष के दौरान कुल आधार पर महत्व की सहायक कंपनी की परिसंपत्तियों के बीस प्रतिशत से अधिक राशि की संपत्तियों की बिक्री, निपटान और पट्टे पर देने के लिए केंद्र सरकार की पूर्व अनुमोदन और विशेष प्रस्ताव के माध्यम से शेयरधारकों की मंजूरी की आवश्यकता तब तक होगी, जब तक कि अदालत / ट्रिब्यूनल द्वारा अनुमोदित व्यवस्था की योजना के तहत बिक्री / निपटान / पट्टा पर किया जाता है

(ग) वेब लिंक जहां संबंधित पार्टी लेनदेन से क्रय–विक्रय की नीति है ; www.hoclindia.com

कंपनी के निदेशको /या प्रबन्धन या सहयाक कंपनियों या रिश्तेदारों के पास कोई सार्थक

महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी कारोबार जिसमें कंपनी के हितों पर प्रतिकूल असर प?ता हो.

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान कंपनी द्वारा गैर– अनुपालन के विवरण, पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर सूचीबद्ध कंपनी पर स्टॉक एक्सचेंज (जों) या बोर्ड या किसी वैधानिक प्राधिकारी द्वारा लगाए गए दंड, कटुआलोचना के विवरण; - कोई नहीं। क्योंकि एक्सचेंजों (बीएसई) को समय समय पर उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए गए .

(ड) सतर्क तंत्र – सचेतक (व्हिसिल ब्लोअर) नीति:

कंपनी ने शिकायतों की प्राप्ति,प्रतिधारण और उसके निपटान के लिए कार्यविधि स्थापित की है।.

आपकी कंपनी ने धोखाधड़ी रोकथाम नीति स्थापित की है। नीति के अनुपालन के एक हिस्से के रूप में, कंपनी ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। धोखाधड़ी की रोकथाम नीति को इसके लिए बनाई गयी है कि धोखाधड़ी पता लगाने और उसके रोकथाम करने, संदिग्ध और पायी गयी किसी भी धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग या धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में निपटने के लिए एक प्रणाली प्रदान करने के लिए तैयार की गयी है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग नहीं मिली थी।

इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी में अधिक पारदर्शिता, अखंडता और दक्षता लाने के लिए सतर्कता विभाग (सीवीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार) है। सतर्कता विभाग का ध्यान निवारक और सहभागिता सतर्कता पर केन्द्रित है।

सतर्क प्रणाली ब्लोअर पॉलिसी नीति की स्थापना के विवरण और पुष्टि कि किसी भी कर्मियों को लेखापरीक्षा समिति तक पहुंचने से इंकार कर दिया गया है; हाँ – एलओडीआरआर के अनुसार, कंपनी की वेबसाइट www.hoclindia.com पर भी विवरण दिए गए हैं। लेखापरीक्षा समिति पर पहुँच से किसी का इनकार नहीं किया है.

(च) अनिवार्य आवश्यकताओं के अनुपालन और गैर–अनिवार्य आवश्यकताओं को अपनाने के विवरण; - कंपनी ने सभी अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन किया है। बोर्ड और बोर्ड की समिति की संरचना आदि में स्वतंत्र निदेशकों से संबंधित लागू प्रावधानों की सीमा को छोड़कर।

छ) विनियम 32(7क)के तहत यथा निर्धारित अधिमान्य आबंटन या अर्हता प्राप्त संस्थानों की नियुक्ति के जरिए उठायी गयी निधियों के उपयोग के विवरण – लागू नहीं

ज) पेशेवर कंपनी सचिव का एक प्रमाण पत्र कि बोर्ड के किसी भी निदेशक को बोर्ड/ कॉर्पोरेट मामलो मंत्रालय या किसी भी वैधानिक प्राधिकारी द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखने से वंचित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

झ) जहां बोर्ड ने प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में बोर्ड की किसी भी समिति की कोई सिफारिश स्वीकार नहीं की है, जो अनिवार्य रूप से आवश्यक है, उसी के कारणों के साथ उसका खुलासा किया जाना चाहिए: –कोई नहीं

निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई सभी सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है।

झ) सांविधिक लेखा परीक्षक और नेटवर्क फर्म / नेटवर्क इकाई में सभी संस्थाओं के लिए समेकित आधार पर सूचीबद्ध इकाई और इनकी सहायक कंपनियों द्वारा सभी सेवाओं के लिए भुगतान किए गए कुल शुल्क जिनमें से एक सांविधिक लेखापरीक्षक एक हिस्सा है- वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान लेखापरीक्षकों के भुगतान किए गए कुल शुल्क का खुलासा वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है।

ज) कार्यस्थल पर महिलाओं पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में खुलासे:

वर्ष 2021 की वार्षिक रिपोर्ट कार्यस्थल पर महिलाओं पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013

वित्तीय वर्ष के दौरान दर्ज शिकायतों की संख्या– शून्य

वित्तीय वर्ष के दौरान निपटाए गए शिकायतों की संख्या– शून्य

वित्तीय वर्ष के अंत तक लंबित शिकायतों की संख्या– शून्य

किए गए कार्यशालाओं/जागरूकता कार्यक्रम: हमारी समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला में भागा लिया। नए रूप से कार्यभार लिए प्रशिक्षणार्थियों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण प्रदान किया गए।

नियोक्ता द्वारा की गई कार्रवाई का स्वरूप: लागू नहीं।

**19. भेदिया व्यापार की रोकथाम:**

कंपनी ने कंपनी के निदेशकों और नामित कर्मचारियों द्वारा प्रतिभूतियों में व्यापार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से इनसाइडर व्यापार की रोकथाम के लिए आचरण संहिता अपनायी है। कोड में कंपनी के शेयरों में क्रय–विक्रय के लिए पूर्वानुमति की आवश्यकता होती है और कंपनी के संबंध में अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी रखने में और व्यापार विंडो बंद होने की अवधि के दौरान निदेशकों और नामित कर्मचारियों द्वारा कंपनी के शेयरों की खरीद या बिक्री पर रोक लगाती है। कंपनी के कंपनी सचिव संहिता के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी है।

सभी बोर्ड निदेशकों और नामित कर्मचारियों ने कोड के अनुपालन की पुष्टि की है।.

**20. प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट:**

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट निदेशकों की रिपोर्ट के साथ संलग्न किया जाता है,जो इस वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा बनती है। (अनुलग्नक III)

आगे,यह पुष्टि की जाती है कि किसी भी कर्मियों को लेखा परीक्षा समिति तक पहुंचने से इंकार नहीं कर दिया गया है;;

- अनिवार्य अपेक्षाओं के अनुपालन और अनिवार्य अपेक्षाओं को अपनाने का विवरण; - हाँ। – यथा लागू विधिवत अमल में लाया गया है और इस रिपोर्ट में प्रदान किया जाता है;
- वेब लिंक जहां 9 महत्वपूर्ण 9 सहायक कंपनियों के निर्धारण की नीति का खुलासा किया गया है;- -www.hoclindia.com/corporate–governance. अधिनियम और सेबी के एलओडीआर के प्रावधानों के तहत कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक जानकारी / दस्तावेजों को निर्धारित के रूप में प्रदर्शित किया गया था।
- वेब लिंक जहां संबंधित पार्टी लेनदेन से क्रय–विक्रय की नीति है ; लागू नहीं है
- कमोडिटी मूल्य जोखिम और कमोडिटी हेजिंग गतिविधियों का प्रकटीकरण: लागू नहीं है.

**21. उपरोक्त उप–पैरा (2) से (10) की निगमित अभिशासन रिपोर्ट की किसी भी अपेक्षा का गैर–अनुपालन को इसके कारणों के साथ प्रकट किया जाएगा।. - लागू नहीं। (जैसा कि उपरोक्त (2) से (10) के सभी अनुपालन का विधिवत पालन किया गया था)।.;**

31-03-2022 के अनुसार सभी लागू अनुपालन जो बोर्ड की संरचना के संबंध में, अन्य प्रासंगिक और लागू अनुपालन इत्यादि को स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दर्ज सूचीबद्ध विनियमों की सभी अपेक्षाओं के साथ पालन किया गया । इसमें बोर्ड में आवश्यक संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की संरचना के संबंध में लागू प्रावधानों और विनियमों की सीमा को छोड़कर और कंपनी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम होने के नाते, कंपनी के निदेशक मंडल में पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति मंत्रालय द्वारा की जानी है और इस तरह की नियुक्ति की प्रतीक्षा है और स्टॉक एक्सचेंज कंपनी के साथ दर्ज किए गए लिस्टिंग विनियमों की अन्य सभी आवश्यकताओं को कॉरपोरेट अभिशासन अनुपालन के तहत कंपनी सचिव के उत्तरदायित्व में है प्रस्तुत किया है

**22. निगमित अभिशासन रिपोर्ट भी उस सीमा तक प्रकट की जाएगी, जिस पर अनुसूची II के भाग ई में उल्लिखित विवेकपूर्ण अपेक्षाओं को अपनाया गया है - हाँ, यथा लागू.**

अनुसूची II के भाग ई में निर्दिष्ट अपेक्षाएं निम्नलिखित हैं:

क) बोर्ड

एक गैर–कार्यकारी अध्यक्ष कंपनी के खर्च पर अध्यक्ष के कार्यालय को बनाए रखने के लिए हकदार हो सकता है और अपने कर्तव्यों के निष्पादन में किए गए खर्चों की प्रतिपूर्ति की अनुमति भी दे सकता है। – एचओसीएल के संबंध में सरकार ने कंपनी के अध्यक्षा/अध्यक्ष को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

(ख) शेयरधारक का अधिकार.

| नकद और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि/कमी(1+2+3) | (1,135.27) | 936.76 |
| अवधि के प्रारम्भ में नकद और नकदी समतुल्य | 3,304.59 | 2,367.83 |
| **अवधि के अंत में नकद और नकद समतुल्य** | 2,169.32 | 3,304.59 |
| **उपरोक्तानुसार नकद और नकद समतुल्य में निम्नलिखित शामिल है।** | | |
| क) बैक में शेष ( नकद और नकदी समतुल्य के स्वरूप के अनुसार): | | |
| चालू खाता | 233.15 | 107.39 |
| बचत खाता (संदर्भ नोट i) | 310.19 | 171.00 |
| तीन माह से कम मूल परिपक्वता में जमा | 1,624.50 | 3,025.28 |
| ख) हाथ में नकद | 1.48 | 0.92 |
| **कुल** | **2,169.32** | **3,304.59** |

जहां आवश्यक हो चालू वर्ष के वर्गिकरण की पुष्टि के लिए पिछले वर्ष के आंकड़ो को पुन: एकत्रित या पुन: वर्गीकृत किया गया है।

निदेशक मण्डल के लिए और उनकी ओर से

| हस्ता/– | हस्ता/– | हस्ता/– | हस्ता/– |
|---|---|---|---|
| सजीव बी. | डॉ. भरत जे. कनाबर | पी ओ लुईस | सुब्रमणियन एच |
| सीएमडी और सीईओ | निदेशक | मुख्य वित्तीय अधिकारी | कंपनी सचिव |
| डीआईएन 09344438 | डीआईएन 09466694 | | |

स्थान: नवीं मुंबई

दिनांक: 26.05.2022

संलग्न समदिनांकित हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते बी एस जे एवं

एसोसिएट

सनदी लेखाकार

एफआरएन: 010560ए

हस्ता/–

सीए जोजो अगस्टिन

साझेदार

सदस्यता सं .214088

यूडीआईएन: 22214088AKDYEI7538

स्थान: एरणाकुलम

दिनांक: 30.05.2022

**31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ**

**1. निगमित सूचना**

हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (कंपनी) भारत में अधिवासित एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है और भारत में लागू कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिनिगमित है। कंपनी के शेयर भारत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध हैं। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 401,402 एवं 403, चौथा तल, "बी टाइम्स स्कवेयर'', सेक्टर-15, सीबीडी बेलापुर, नवीं मुंबई- 400614 में स्थित है। कंपनी मुख्य रूप से थोक औद्योगिक रसायनों और रासायनिक मध्यवर्तियों के कारोबार में नियोजित है।

**2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ**

**2.1 वित्तीय विवरण की तैयारी का आधार**

"इन वित्तीय विवरणों की तैयारी प्रोद्भूत आधार पर ऐतिहासिक लागत परिपाटी के अधीन भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) के अनुसार की जाती है सिवाय कुछ वित्तीय लिखतों का कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") (अधिसूचित हद तक) के प्रावधानों में उचित मूल्यों पर मापा जाता है। इंड एएस को कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 और कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियम, 2016 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित किया गया है।

लेखांकन नीतियों को लगातार प्रयुक्त किया गया है, सिवाय जहाँ एक नए जारी लेखा मानक प्रारंभ में अपनाया जाता है या अब तक उपयोग में रही लेखांकन नीति में बदलाव मौजूदा लेखांकन मानक में संशोधन के लिए आवश्यक होती है।

निम्नलिखित संपत्तियों और देयताओं जिनका मापन उचित मूल्य पर किया गया है को छोडकर अलग वित्तीय विवरणों को प्रोद्भूत आधार पर और ऐतिहासिक लागत आधार के तहत तैयार किया गया है, :

व्युत्पन्न वित्तीय लिखत

परिभाषित हितलाभ योजनाएँ– योजना परिसंपत्तियाँ

कुछ वित्तीय संपत्तियों और देयताओं का मापन उचित मूल्य पर (वित्तीय लिखत के संबंध में लेखांकन नीति देखें) किया जाता है। वित्तीय विवरणों को भारतीय रुपया ("आईएनआर") या ("₹") में प्रस्तुत किया जाता हैं, यह कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भी है और जहाँ भी राशि "0" (शून्य) का प्रतिनिधित्व किया गया है, वहाँ मूल्य एक लाख रुपए से कम माना जाता है।

**महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमान, पूर्वधारणाएं और निर्णय**

कंपनी के अलग–अलग वित्तीय विवरणों की तैयारी में प्रबंधन को अनुमानों और पूर्वधारणाओं को बनाने की आवश्यकता होती है जो राजस्व, व्यय, संपत्तियां और देयताओं की रिपोर्ट की गई राशियों, साथ ही साथ संलग्न प्रकटीकरण और आकस्मिक देयताओं के प्रकटीकरण को प्रभावित करते हैं। इन पूर्वधारणाओं और अनुमानों के बारे में अनिश्चितता का परिणाम हो सकते हैं जिसके लिए भविष्य की अवधि में प्रभावित परिसंपत्तियों या देयताओं की वहनीय राशि के लिए भौतिक समायोजन की आवश्यकता होती है।

**अनुमान और पूर्वधारणाएं**

"इंड एएस के अनुरूप वित्तीय विवरणों की तैयारी में प्रबंधन को अनुमान, निर्णय और पूर्वधारणाओं को बनाने की आवश्यकता है। ये अनुमान, निर्णय और पूर्वधारणाएं लेखांकन नीतियों के प्रयोग और परिसंपत्ति और देयताओं की रिपोर्ट की गयी राशियों, वित्तीय विवरणों की तारीख में आकस्मिक परिसंपत्ति और देयताओं के प्रकटीकरण और इस अवधि के दौरान आय और व्यय की रिपोर्ट की गयी राशियों को प्रभावित करते हैं। लेखांकन नीतियों के प्रयोग में जटिल और वस्तुनिष्ठ निर्णय शामिल महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमानों की आवश्यकता है और इन वित्तीय विवरणों में पूर्वधारणाओं के उपयोग को उपयुक्त स्थानों पर प्रकट किया गया है।

लेखांकन अनुमान समय समय पर बदल सकते हैं। वास्तविक परिणाम ऐसे अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। प्रबंधन अनुमानों से जुड़े परिवेश में परिवर्तन से अवगत हैं, इसीलिए अनुमानों में उचित परिवर्तन किए जाते हैं। अनुमानों में परिवर्तन उस अवधि की वित्तीय विवरणों जहाँ परिवर्तन किए गए हैं,में प्रतिबिंबित हैं,और यदि उनके प्रभाव महत्वपूर्ण है तो वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में प्रकट किया जाता है।

**कर**

इंड-एएस 12 के अनुसार कर व्यय (आयकर और आस्थगित कर): आय पर कर के लिए लेखांकन स्वीकार किया गया है। कारोबार की सामान्य गति के दौरान कई लेन-देन और परिकलनों को लिया जाता हैं जिसके लिए अंतिम कर निर्धारण अनिश्चित है। जहाँ इन मामलों का अंतिम कर परिणाम प्रारंभिक रूप से दर्ज की गई राशि से अलग है, ऐसे अंतर उस अवधि में वर्तमान और आस्थगित कर प्रावधानों को प्रभावित करेंगे, जिसमें कर निर्धारण किया गया है। आस्थगित कर संपत्ति को स्वीकार किया जाता है और केवल इतना हद तक आगे ले जाता है कि एक आभासी निश्चितता है कि संपत्ति की वसूली/उगाही भविष्य में की जाएगी।

**कर्मचारी हितलाभ**

i. अल्पकालिक दायित्व

गैर-मौद्रिक हितलाभ सहित मजदूरी और वेतन के लिए देयताएं उस अवधि जिसमें कर्मचारी संबंधित सेवा प्रदान करते है, की समाप्ति के बाद 12 माह के भीतर पूर्ण रूप से समायोजित किया जाना प्रत्याशित है, को रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति तक संबंधित कर्मचारियों की सेवा के रूप में स्वीकार किया जाता है और जब देयताएं समायोजित किया जाता है उस समय भुगतान के लिए प्रत्याशित राशियों में मापा जाता है। देयताओं को तुलन पत्र में चालू कर्मचारी हितलाभ दायित्व के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

ii. अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी हितलाभ दायित्व

अर्जित छुट्टी और बीमार छुट्टी के लिए देयताओं को उस अवधि जिसमें कर्मचारी संबंधित सेवा प्रदान करते हैं, के अंत के 12 माह के भीतर पूर्ण रूप से समायोजित करने की प्रतीक्षा नहीं है। इसलिए उनका मापन रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संबंध में प्रत्याशित भविष्य के भुगतान के वर्तमान मूल्य के रूप में किया जाता है। इसके लिए पूर्वानुमानित यूनिट क्रेडिट विधि का उपयोग करता है । हितलाभ को रिपोर्टिंग अवधि जिसमें संबंधित दायित्व की शर्तों के अनुमानित शर्तें होती हैं, के अंत में बाजार उपज का उपयोग करते हुए छूट दी जाती है। समायोजन के परिणामस्वरूप पुन: मापन और बीमांकिक पूर्वधारणाओं में परिवर्तन लाभ या हानि में स्वीकार किया जाता है। यदि संस्था को रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीनों के लिए निपटान स्थगित करने शर्त रहित अधिकार नहीं है, दायित्वों को तुलनपत्र में वर्तमान देयताओं के रूप में प्रस्तुत किया जाता हैं। इस समय वास्तविक समायोजन होने की प्रत्याश होने की उम्मीद पर ध्यान देते नहीं है।

iii) रोज़गारोत्तर दायित्व

"कंपनी निम्नलिखित रोज़गारोत्तर योजनाओं का संचालन करती है:

(क) उपदान, पेंशन, रोज़गारोत्तर चिकित्सा योजना जैसी परिभाषित हितलाभ योजनाएं; तथा

(ख) भविष्य निधि जैसी परिभाषित योगदान योजनाएं।

iv. परिभाषित हितलाभ योजनाएं

कंपनी की उपदान योजना एक परिभाषित हितलाभ योजना है। परिभाषित हितलाभ योजना रोज़गार के बाद की लाभ योजना है। परिभाषित हितलाभ योजनाओं के संबंध में कंपनी की शुद्ध दायित्व की गणना वर्तमान और पूर्व अवधि में उनकी सेवाओं के बदले में अर्जित भविष्य के लाभों की राशियों का आकलन करते हुए की जाती है।

v. परिभाषित योगदान योजनाएं

कंपनी की भविष्य निधि योजना एक परिभाषित योगदान योजना है। परिभाषित योगदान योजना रोजगार के बाद की लाभ योजना है जिसके तहत एक संस्था निश्चित योगदान देता है और आगे किसी राशि के भुगतान का कोई दायित्व नहीं होगा। परिभाषित योगदान योजनाओं में योगदान के लिए दायित्व जब वे देय होते हैं, को लाभ और हानि के विवरण में कर्मचारी हितलाभ व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है।

i. उपदान

उपदान रोजगार के बाद की परिभाषित हितलाभ योजना है। उपदान के संबंध में तुलन पत्र में स्वीकार की गयी देयता तुलन पत्र की तिथि पर परिभाषित हितलाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य है। कंपनी की देयता प्रत्येक वर्ष के अंत में वास्तविक रूप से निर्धारित होती है। पुन:मापन के माध्यम से बीमांकिक लाभ / हानि अन्य व्यापक आय में स्वीकार किया जाता है।

पेंशन और उपदान दायित्व

परिभाषित हितलाभ पेंशन और उपदान योजनाओं के संबंध में तुलन पत्र में स्वीकार की गयी देयता या संपत्ति रिपोर्टिंग अवधि के अंत में परिभाषित हितलाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य है जो योजना संपत्तियों के उचित मूल्य को कम करती है। परिभाषित हितलाभ दायित्व की गणना प्रतिवर्ष अनुमानित इकाई क्रेडिट विधि का उपयोग करते हुए बीमांककों द्वारा की जाती है।

भारतीय रुपए में उल्लिखित परिभाषित हितलाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य को सरकारी बॉन्ड पर रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बाजार उपज के संदर्भ में अनुमानित भविष्य के नकदी प्रवाह में छूट देकर निर्धारित किया जाता है। इस बॉन्ड में संबंधित दायित्व की शर्तों के अनुमानित शर्तें हैं। लाभ जो भारतीय रुपए के अलावा अन्य मुद्रा में अंकित हैं, नकदी प्रवाह को उच्च गुणवत्ता वाले कॉरपोरेट बॉन्ड के संदर्भ में निर्धारित बाजार उपज का उपयोग करके छूट दी जाती है, जो मुद्रा में अंकित होते हैं, जिसमें लाभ का भुगतान किया जाएगा, और जिनके पास संबंधित दायित्व की शर्तों का अनुमानित शर्त है ।

निवल ब्याज लागत की गणना परिभाषित हितलाभ दायित्व के निवल बकाए और योजना संपत्तियों के उचित मूल्य पर छूट दर लागू करके की जाती है। यह लागत लाभ और हानि के विवरण में कर्मचारी हितलाभ व्यय में शामिल है।

समायोजन से उत्पन्न होने वाले पुन: मापन लाभ और हानि और बीमांकिक पूर्वधारणाओं में परिवर्तन को उस अवधि जिसमें वे सीधे अन्य व्यापक आय में घटित होते हैं, में स्वीकार किया जाता है। ये इक्विटी में परिवर्तन के विवरण में प्रतिधारित अर्जन और तुलनपत्र में शामिल हैं। योजना संशोधन या कटौती से उत्पन्न परिभाषित हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन को पिछली सेवा लागत के रूप में लाभ या हानि में तत्काल स्वीकार किया जाता हैं।

क) परिभाषित हितलाभ योजनाओं (उपदान लाभ), परिभाषित हितलाभ योजनाओं के संबंध में देयता तुलना पत्र में स्वीकार किया जाता है और योजनाबद्ध परिसंपत्तियों के उचित मूल्य को कम करने के लिए रिपोर्टिंग तिथि पर परिभाषित हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य के रूप में मापा जाता है। परिभाषित हितलाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य प्रत्याशित भविष्य के भुगतानों पर आधारित है जो रिपोर्टिंग तिथि पर निधि से प्राप्त होते हैं, जिसकी गणना सालाना बीमांककों द्वारा की जाती है। प्रत्याशित भावी वेतन स्तर और सेवा की अवधि आदि पर विचार किया जाता है।

ख) भविष्य निधि में कंपनी का योगदान प्रोद्भूत आधार पर लेख बद्ध किया जाता है।

ग) अस्थायी कर्मचारी हितलाभ को उस वर्ष जिसमें संबंधित सेवा प्रदान की जाती है, लाभ और हानि के विवरण में कटौती न की गयी राशि पर एक व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता हैं

घ) लाभप्रदता के आधार पर बोनस अधिनियम, 1965 के भुगतान के प्रावधानों के अनुसार बोनस प्रदान किया जाता है।

ङ) रोजगार के बाद और अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी हितलाभों को उस वर्ष जिसमें कर्मचारी द्वारा संबंधित सेवा प्रदान की जाती है, लाभ और हानि के विवरण में एक व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता हैं। व्यय को बीमांकिक मूल्यांकन तकनीक का उपयोग करते हुए निर्धारित राशि वर्तमान मूल्य पर स्वीकार किया जाता है। रोजगार के बाद और अन्य दीर्घकालिक हितलाभों से संबंधित बीमांकिक लाभ और हानि को लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित की जाती है।

वित्तीय लिखतों का उचित मूल्य मापन

जब तुलन पत्र में दर्ज वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं के उचित मूल्यों को सक्रिय बाजारों में उद्धृत कीमतों के आधार पर मापा नहीं जा सकता है, तब उनके उचित मूल्य को डीसीएफ मॉडल समेत मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करते हुए मापा जाता है। इन मॉडलों के इनपुट को जहां संभव हो, बाजार के अवलोकन से लिया जाता है, लेकिन जहां यह संभव नहीं है, उचित मूल्यों की स्थापना में निर्णयों की कोटि की आवश्यकता होती है। निर्णयों में चलनिधि जोखिम, क्रेडिट जोखिम और अस्थिरता जैसे इनपुट पर विचार शामिल हैं। इन संघटकों के बारे में पूर्वधारणाओं में परिवर्तन वित्तीय लिखतों की रिपोर्ट किए गए उचित मूल्य को प्रभावित कर सकते हैं

अप्रचलित और धीमी गति की वस्तुसूची के खिलाफ प्रावधान

कंपनी अपनी वस्तुसूची की स्थिति की समीक्षा करती है और तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर अप्रचलित और धीमी गति की वस्तुसूची के मदों के खिलाफ प्रावधान करती है क्योंकि जिनकी पहचान अब बिक्री या उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता है। कंपनी प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर वस्तुसूची समीक्षा करती है और अप्रचलित और धीमी गति की वस्तुओं के खिलाफ प्रावधान करती है। कंपनी प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर अनुमान का पुनर्मूल्यांकन करती है जिसमें धीमी गति की मालसूची 50₹ के लिए और अप्रचलित मदों के मामले में 100% के लिए प्रावधान है।

वित्तीय संपत्तियों की क्षति

सरकारी विभागों/कंपनियों से प्राप्य राशियों को छोडकर 3 साल से अधिक के लिए बकाया विविध देनदारों से संबंधित बहियों में संदिग्ध कर्ज/ऋण/अग्रिमों के लिए प्रावधान किया गया है। अन्य देनदारों, ऋण और अग्रिमों के संबंध में, प्रावधान उस हद तक किए जाते हैं जिन्हें प्रबंधन द्वारा वसूली योग्य नहीं माना जाता है।

गैर–वित्तीय संपत्तियों की क्षति

"कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर आकलन करती है कि क्या कोई संकेत है कि कोई संपत्ति खराब हो सकती है। अगर कोई संकेत मौजूद है,या जब किसी परिसंपत्ति के लिए वार्षिक हानि परीक्षण की आवश्यकता होती है, तो कंपनी संपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है।

एक परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि एक परिसंपत्ति के उचित मूल्य से अधिक होने पर निपटान की लागत और उपयोग में इसके मूल्य घटाएँ। यह व्यक्तिगत संपत्ति के लिए तब तक निर्धारित किया जाता है, जब तक कि संपत्ति नकद प्रवाह उत्पन्न नहीं करती है जो कि अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूह से काफी हद तक स्वतंत्र होती है। जहाँ एक परिसंपत्ति की ली जाने वाली राशि इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक है, संपत्ति को क्षति के रूप में माना जाना चाहिए और इसे इसकी वसूली योग्य राशि में कम करके लिखा गया है।

उपयोग में मूल्य का आकलन करने के लिए, अनुमानित भविष्य नकदी प्रवाह को पूर्व–कर छूट दर का उपयोग करके उनके वर्तमान मूल्य पर छूट दी जाती है जो धन के समय मूल्य के वर्तमान बाजार मूल्यांकन और संपत्ति के लिए विशिष्ट जोखिम दर्शाती है। उचित मूल्य निर्धारित करने में, निपटाने की लागत कम करने, हाल के बाजार लेनदेन को ध्यान में रखा जाता है। यदि ऐसे कोई लेनदेन की पहचान नहीं की जा सकती है,तो उपयुक्त मूल्यांकन मॉडल का उपयोग किया जाता है। इन गणनाओं को मूल्यांकन गुणकों, सार्वजनिक रूप से व्यापारिक सहायक कंपनियों के लिए उद्धृत शेयर मूल्य या अन्य उपलब्ध उचित मूल्य संकेतकों द्वारा संपुष्टि की जाती है। "

**2.2 महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश**

**क) चालू बनाम गैर–चालू वर्गीकरण**

"कंपनी चालू/गैर–चालू वर्गीकरण के आधार पर तुलन पत्र में परिसंपत्तियों और देयताओं को प्रस्तुत करती है। एक संपत्ति को चालू के रूप में तब माना जाता है जब निम्नानुसार होता है:

- उगाही के लिए प्रत्याशित या बेचने के लिए नियत या सामान्य प्रचालन चक्र में खपत करने की गयी है,
- व्यापार के उद्देश्य के लिए मुख्य रूप से धारित,
- रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीनों के भीतर वसूली के लिए प्रत्याशित है, या

- रिपोर्टिंग अवधि के कम से कम बारह महीनों के लिए आदान–प्रदान या प्रतिबंधित होने के लिए उपयोग किए जाने तक नकद या नकद समकक्ष अन्य सभी संपत्तियों को गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

  व्यापार प्राप्तियां जिन्हें रिपोर्टिंग तिथि से 12 महीने के भीतर वसूल किया जाना प्रत्याशित है, को चालू के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। 12 महीने से अधिक बकाया को केवल तब तक गैर–चालू के रूप में दिखाया जाएगा जब तक इसकी वसूली के प्रयास किए जाते हैं और यह संभावना है कि रिपोर्टिंग तिथि से 12 महीने के भीतर भुगतान प्राप्त किया जाएगा। इस संबंध में इकाइयों द्वारा एक न्यायिक निर्णय लिया जाएगा।

  देयता चालू है जब:

- यह सामान्य परिचालन चक्र में समायोजित करने के लिए प्रत्याशित है,
- यह मुख्य रूप से व्यापार के उद्देश्य के लिए धारित किया जाता है,
- यह रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीनों के भीतर समायोजित करने के लिए देय है, या
- देय रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीनों के लिए दायित्व के समायोजन को स्थगित करने का कोई अशर्त अधिकार नहीं है, यदि कारोबार के सामान्य गति में वह खरीदे गए सामानों या प्राप्त सेवाओं के कारण होने वाली राशि के संबंध में है, तो देय को व्यापार देय के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

  व्यापार देय जो रिपोर्टिंग तिथि से 12 महीने के भीतर समायोजित करना प्रत्याशित है, चालू के रूप में दिखाया जाएगा।

  कंपनी अन्य सभी देयताओं को गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत करती है।

  आस्थगित कर संपत्तियां और देयताओं को गैर–चालू संपत्तियों और देयताओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

**ख) राजस्व मान्यकरण**

कंपनी रासायनिक उत्पादों के विनिर्माण से मुख्यत: राजस्व प्राप्त करती है।
1 अप्रैल, 2018 से प्रभावी होकर, कंपनी ने इंडएएस 115 प्रयोग किया है, जो यह निर्धारित करने के लिए कि यदि, कितना और कब राजस्व स्वीकार किया जाना है संबंधी समग्र रूपरेखा स्थापित करते हैं। इंडएएस 18 राजस्व और इंडएएस 11 संविदा निर्माण को इंडएएस 115 को प्रतिस्थापित करता है। कंपनी ने इंडएएस 115 को संचित प्रभावी विधि का उपयोग करते हुए अपनाया है। इस मानक को पहली बार प्रयोग करने का प्रभाव प्रारंभिक प्रयुक्ति तारीख (1 अप्रैल, 2018) को स्वीकार किया जाता है। कंपनी के वित्तीय विवरणों पर मानक को अपनाने का प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं है।
राजस्व को तब स्वीकार किया जाता है जब ग्राहकों को वचन दिए गए उत्पादों या सेवाओं के नियंत्रण का अंतरण उस राशि में स्वीकार किया जाता है जो प्रतिफल प्रतिबिंबित करता है जिसे उन उत्पादों या सेवाओं के लिए लेन–देन में कंपनी प्राप्त करना प्रत्याशित है।
राजस्व का मापन लेन–देन मूल्य के आधार पर किया जाता है, जो प्रतिफल है जिसका समायोजन ग्राहक के साथ किए गए करार में निर्धारितानुसार मात्रा बट्टा, सेवा स्तरीय ऋण,निष्पादन बोणस, कीमत रियायत और प्रोत्साहन यदि कोई हो तो, पर किया जाता है। राजस्व में ग्राहकों से वसूल कर शामिल नहीं है।
जैसा कि कंपनी केवल रासायनिक विनिर्माण कारोबार करती है और केवल एक स्थान से प्रचालन करती है, इसलिए भौगोलिक स्थान पर राजस्व का स्वरूप अलग–अलग होता है और औद्योगिक वर्टिकल अपेक्षित नहीं है।

नीचे दिए गए विशिष्ट स्वीकार मानदंडों को राजस्व स्वीकार करने से पहले भी पूरा किया जाना चाहिए।

उत्पादों की बिक्री

उत्पाद की बिक्री से राजस्व को तब स्वीकार किया जाता है जब माल के महत्वपूर्ण जोखिम और स्वामित्व के प्रतिफल खरीदार को अंतरित किया जाता है। उत्पाद की बिक्री से राजस्व का मापन प्राप्त या प्राप्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर, प्रतिलाभ और भत्ते के निवल पर, व्यापार बट्टा, मात्रा घटौती पर किया जाता है।

सेवाएँ प्रदान करना जब कभी सेवाएं प्रदान की जाती हैं, सेवाओं से आय को स्वीकार किया जाता है।

ब्याज आय

वित्तीय परिसंपत्ति से ब्याज आय को प्रभावी ब्याज दर विधि का उपयोग कर स्वीकार किया जाता है। ब्याज आय लाभ और हानि विवरण में अन्य आय में शामिल है।

किराया आय

निवेश आस्तियों पर प्रचालन पट्टे से सृजित किराया आय का पट्टे शर्तो पर सीधी रेखा आधार पर हिसाब में लिया जाता है जब तक प्रत्याशित मुद्रास्फीतिकारक लागत संवृद्धि के लिए क्षतिपूर्ति करने के लिए प्रत्याशित सामान्य मुद्रास्फीति के साथ संवृद्धि बढ़ाने के लिए नहीं है और अपने प्रचालन स्वरूप के कारण लाभ या हानि विवरण में शामिल है।

**ग) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण**

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के मदों जिसमें पूंजीगत कार्य प्रगति पर शामिल है को लागत, संचित मूल्यह्रास और संचित क्षति हानि के निवल, यदि कोई हो, पर प्रतिपादित किया जाता है। लागत में खरीद मूल्य और परिसंपत्ति को इनके लक्षित उपयोग के लिए अपनी कामकाजी स्थिति में लाने की कोई स्रोतजन्य लागत शामिल है। इस तरह की लागत में संयंत्रों और उपकरणों के घटक बदलने और यदि स्वीकार मानदंडों को पूरा किया जाता है,तो लंबी अवधि की निर्माण परियोजनाओं के लिए उधार लागत भी शामिल है।

निश्चित आस्तियों के एक मद से संबंधित अनुवर्ती व्यय को इनकी बही मूल्य में केवल तब जोड़ा जाता है यदि मौजूदा संपत्ति से भविष्य के लाभ उसके पहले मूल्यांकन किए गए कार्य निष्पादन मानक से परे बढ़ जाता है। जब संयंत्र और उपकरणों के महत्वपूर्ण घटकों को अंतराल पर प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता होती है, तो कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची छ में निर्धारितानुसार कंपनी अपने विशिष्ट उपयोगी जीवन के आधार पर उन्हें अलग मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है। अन्य सभी मरम्मत और रख-रखाव लागत को लाभ या हानि के विवरण में जब कभी घटित होती है, स्वीकार किया जाता है। निश्चित आस्तियों में जाड़े/से हटाने के संबंध में, परिसंपत्तियों के अतिरिक्त/जोड़े/हटाने के संदर्भ में प्रो–रेटा आधार पर मूल्यह्रास आस्तियों की जोड़े/हटाने माह के संदर्भ में प्रदान किया जाता है।

प्रबंधन का मानना है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार अनुमानित उपयोगी जीवन काल यथार्थवादी है और उस अवधि के उचित अनुमान को दर्शाता है जिस पर परिसंपत्तियों का उपयोग किए जाने की संभावना है। कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति के उपयोगी जीवन की समीक्षा करती है और इन पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप भविष्य की अवधि में मूल्यह्रास व्यय में परिवर्तन हो सकता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के लिए मूल्यह्रास सीधी रेखा पद्धति पर प्रदान किया जाता ताकि कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुसार संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों अनुमानित उपयोगी जीवनकाल पर लागत कम अवशेष मूल्य का व्यय किया जा सके जो निम्नानुसार है:

1) भवन : 3/5/30/60 वर्ष

2) संयंत्र और उपकरण: 10/12/15/20 वर्ष

3) फर्नीचर और फिक्स्चर: 10 साल

4) वाहन: 8/10 वर्ष

5) कार्यालय उपकरण: 3/5/6/8 वर्ष

6) अमूर्त संपत्ति: 5 वर्ष

निश्चित परिसंपत्तियों के मदों जिन्हें सक्रिय उपयोग से मुक्त किए गए और निपटान के लिए रखी गयी है, का मूल्यन उनके निवल बही मूल्य या निवल वसूली योग्य मूल्य पर किया जाता है। ”

**निवेश परिसंपत्तियाँ**

कंपनी रखाव लागत का उपयोग निवेश परिसंपत्तियों के मानित लागत के रूप में करता है। परिसंपत्ति में निवेश जिसका मूलत: कंपनी द्वारा उपयोग के लिए या प्रचालन में अधिकृत करने के लिए नियत नहीं है, को निवेश परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। निवेश परिसंपत्तियों का मापन प्रारंभ में लेन–देन लागत और जहाँ लागू हो, उधार लागत सहित इनके लागत पर किया जाता है। प्रारंभिक मान्यकरण के फलस्वरूप, निवेश परिसंपत्तियों को लागत कम संचित मूल्यह्रास और संचित क्षति हानि यदि कोई हो तो, में प्रतिपादित है। अनुवर्ती लागत को परिसंपत्ति की वहनीय राशि या अलग परिसंपत्ति के रूप में स्वीकार जो भी उपयुक्त हो, में तब शामिल किया जाता है जब यह संभाव्य है कि मद के साथ संबद्ध भावी आर्थिक फायदाएँ कंपनी में आ जाएगी और मद की लागत का मापन विश्वसनीय रूप से किया जा सकता है। सभी अन्य मरमत्त और अनुरक्षण को रिपोर्टिंग अवधि जिसमें यह उपगत है, के दौरान लाभ या हानि में किया जाता है।

यद्यपि कंपनी निवेश परिसंपत्ति का मापन लागत आधारित मापन का उपयोग कर किया जाता है, निवेश परिसंपत्ति का उचित मूल्य टिप्पणियों में प्रकट किया जाता है। उचित मूल्य का निर्धारण मान्यता प्राप्त बाहरी स्वतंत्र मूल्यांकक द्वारा किए गए वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है।

कंपनी अपनी निवेश परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास इनके उपयोगी जीवन काल पर किया जाता है जो परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण के समान है।

निवेश परिसंपत्तियों का अमान्यकरण या तो जब उनका निपटान किया गया है या जब उन्हें उपयोग से स्थायी रूप से वापस किया जाता है और उनके निपटान से कोई भावी आर्थिक फायदा प्रत्याशित नहीं है। परिसंपत्तियों के निवल निपटान प्राप्तियों और वहनीय राशि के बीच अंतर को अमान्यकरण की अवधि में लाभ या हानि में स्वीकार किया जाता है।

**घ) बिक्री के लिए रखी गयी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण**

बिक्री के लिए रखी गयी के रूप में वर्गीकृत गैर–चालू परिसंपत्तियों या निपटान समूहों का मापन वहनीय राशि से कम और बिक्री के लिए लागत घटा उचित मूल्य पर किया जाता है।

गैर–चालू परिसंपत्तियों या निपटान समूहों को बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी वहनीय राशियों को मुख्य रूप से निरंतर उपयोग के बजाय बिक्री लेन-देन के माध्यम से वसूल की जाएगी। इस स्थिति को केवल तभी पूरा किया माना जाता है जब बिक्री अत्यधिक संभव हो और संपत्ति या निपटान समूह अपनी वर्तमान स्थिति में तत्काल बिक्री के लिए उपलब्ध हो, केवल ऐसी शर्तों के अधीन कि ऐसी संपत्तियों की बिक्री के लिए सामान्य और परंपरागत है। प्रबंधन को बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जिसे बिक्री के लिए धारित वर्गीकरण की तारीख से एक वर्ष के भीतर पूर्ण बिक्री के रूप में स्वीकार के लिए अर्हता प्राप्त करने की प्रतीक्षा की जानी चाहिए और बिक्री की योजना को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्यों से यह संकेत मिलता है कि यह संभव नहीं है कि योजना में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए जाएंगे या योजना वापस ले ली जाएगी।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त परिसंपत्तियों को बिक्री के लिए रखी गयी रूप में वर्गीकृत करने के बाद मूल्यह्रास या परिशोधित नहीं किया जाता है।

पट्टे की अवधि में पट्टे में सुधार

पट्टेवाली भूमि:

पट्टेवाली भूमि पर भुगतान किए गए पट्टे प्रीमियम का परिशोधन पट्टे के जीवनकाल में किया जाता है। , परिसंपत्ति,संयंत्र और उपकरणों के अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी जीवन काल और मूल्यह्रास के तरीकों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और यदि उपयुक्त हो तो भविष्यलक्षी प्रभाव से समायोजित किया जाता है।

**ङ) अमूर्त परिसंपत्तियां**

i) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और एसएपी लाइसेंस लागत शामिल अमूर्त परिसंपत्तियों को अधिग्रहण की तारीख से सीधी रेखा आधार (एसएलएम) पर 5 साल की अवधि में परिशोधित किया जाता है।

ii) अन्य अमूर्त परिसंपत्तियां

अलग से अधिग्रहित अमूर्त संपत्तियों को लागत पर प्रारंभिक स्वीकार पर मापा जाता है। प्रारंभिक स्वीकृति के बाद, निश्चित जीवन सहित अमूर्त संपत्तियों को किसी भी संचित परिशोधन और संचित क्षति नुकसान से कम लागत पर ले लिया जाता है। पूंजीकृत विकास लागत को छोड़कर, आंतरिक रूप से सृजित किए गए अमूर्त परिसंपत्तियों को पूंजीकृत नहीं किया जाता है और उस अवधि जिसमें व्यय उपगत किया गया है, की लाभ या हानि में संबंधित व्यय परिलक्षित होता है। एक निश्चित उपयोगी जीवन काल सहित अमूर्त परिसंपत्ति के लिए परिशोधन अवधि और परिशोधन विधि की समीक्षा कम से कम प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है।

अमूर्त परिसंपत्ति के अमान्यकरण से उत्पन्न होने वाले लाभ या हानि का मापन निवल प्राप्त राशि और परिसंपत्ति की वहनीय राशि के बीच अंतर के रूप में किया जाता है और संपत्ति को जब आमान्य किया जाता है तब लाभ या हानि के विवरण में स्वीकार किया जाता है। अनुसंधान लागत को उपगत किए जाने पर व्यय किया जाता है। व्यक्तिगत परियोजना पर विकास व्यय को एक अमूर्त संपत्ति के रूप में स्वीकार किया जाता है जब कंपनी उपयोग या बिक्री के लिए उपलब्ध परिसंपत्ति की तकनीकी और वाणिज्यक व्यवहार्यता का प्रदर्शन कर सकती है।

एक परिसंपत्ति के रूप में विकास व्यय की प्रारंभिक पहचान के बाद, परिसंपत्ति को लागत घटा किसी भी संचित परिशोधन और संचित क्षति नुकसान पर ले लिया जाता है। परिसंपत्ति का परिशोधन तब शुरू होता है जब विकास पूरा हो जाता है और परिसंपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध होती है। यह भविष्य के प्रत्याशित लाभ की अवधि के दौरान परिशोधित किया जाता है। परिशोधन व्यय को लाभ और हानि के विवरण में तब तक पहचाना जाता है जब तक इस तरह के व्यय किसी अन्य परिसंपत्ति के वहनीय मूल्य का हिस्सा बनता है।

**च) उधार लागत**

उधार लेने की लागत सीधे उस परिसंपत्ति के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए जिम्मेदार है जो, इनके लक्षित उपयोग के लिए तैयार होने के लिए पर्याप्त समयावधि अवश्य लेता है और बिक्री परिसंपत्ति की लागत के हिस्से के रूप में पूंजीकृत की जाती है। सभी अन्य उधार लेने की लागत को उस अवधि में व्यय होती है जिसमें वे घटित होते हैं। उधार लेने की लागत में ब्याज और अन्य लागत शामिल होती है जो संस्था निधि के उधार के संबंध में उपगत करती है। उधार लागत में उधार लेने की लागत में समायोजन के रूप में माने जाने वाला हद तक विनिमय का अंतर भी शामिल है।

**छ) विदेशी मुद्रा लेन-देन और शेष राशि**

विदेशी मुद्रा में लेन-देन को लेन-देन की तारीख पर विनिमय दर लागू करते हुए दर्ज किया जाता है। विदेशी मुद्रा में मौद्रिक परिसंपत्तियां और लेन-देन को लेन-देन की तारीख पर विनिमय दर लागू कर दर्ज किया जाता है। वर्ष के अंत में समायोजन किए बिना शेष विदेशी मुद्रा में अंकित मौद्रिक परिसंपत्तियों और देयताओं का तुलन पत्र की तिथि पर विद्यमान अंतिम दर पर परिवर्तित किया जाता है। गैर–मौद्रिक मदों जिसे विदेशी मुद्रा में अंकित ऐतिहासिक लागत के अनुसार लिया जाता है, को लेनदेन की तारीख पर विनिमय दर का उपयोग करते हुए रिपोर्ट किया जाता है। उपरोक्त के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को लाभ और हानि के विवरण में आय या व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है। मौद्रिक मदों के समायोजन पर उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों, उस दर से जो वर्ष के दौरान प्रारम्भ में दर्ज किया गया था, या पिछले वित्तीय विवरणों में

रिपोर्ट की गई थी, को उस वर्ष में जहाँ वे उत्पन्न होते हैं, आय या व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है। विदेशी मुद्रा उधार पर विदेशी मुद्रा अंतर, दिये गए ऋण, उधार संबंधी व्युत्पन्न अनुबंध पर समायोजन लाभ/हानि और उचित मूल्य लाभ/हानि का लेखा किया जाता है और वित्तीय लागत के अधीन प्रकट किया जाता है। इस तरह के विनिमय अंतर में विदेशी मुद्रा अंतर शामिल नहीं है जिसका संबंध उधार लागत के समायोजन और परिसंपत्तियों की लागत के साथ पूंजीकृत के रूप में माना जाता है।

**ज) उचित मूल्य मापन**

"कंपनी पोर्टफोलियो आधार पर प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर उचित मूल्य पर डेरिवेटिव जैसे वित्तीय लिखतों का मापन करती है। उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसंपत्ति बेचने के लिए प्राप्त किया जाएगा या मापन की तारीख पर बाजार प्रतिभागियों के बीच व्यवस्थित लेन-देन में देयता को स्थानांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा। उचित मूल्य मापन इस धारणा पर आधारित है कि परिसंपत्ति बेचने के लिए लेन-देन या देयता का अंतरण के लिए परिसंपत्ति या देयता के लिए मुख्य बाजार में होता है, या किसी प्रमुख बाजार की अनुपस्थिति में, परिसंपत्ति या देयता के लिए सबसे अधिक फायदेमंद बाजार में होता है। प्रमुख या सबसे फायदेमंद बाजार पर कंपनी द्वारा पहुँच होना चाहिए। परिसंपत्ति या देयता का उचित मूल्य उन पूर्वधारणाओं का उपयोग करके मापा जाता है कि जब परिसंपत्ति या देयता का मूल्य निर्धारण करते समय बाजार प्रतिभागियों का उपयोग इस धारणा के साथ किया जाएगा कि बाजार प्रतिभागी अपने सर्वोत्तम आर्थिक हित में कार्य करते हैं। गैर–वित्तीय परिसंपत्ति का उचित मूल्य का मापन परिसंपत्ति का उपयोगा अपने उच्चतम और सर्वोत्तम उपयोग द्वारा आर्थिक लाभ सृजित करने में बाजार प्रतिभागी की क्षमता को ध्यान में रखता है या किसी अन्य बाजार प्रतिभागी को बेचकर करता है। वे इस परिसंपत्ति का उपयोग अपने उच्चतम और सर्वोत्तम उपयोग में किया जाएगा। कंपनी परिस्थितियों में उपयुक्त मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करती है और जिसके लिए उचित मूल्य मापने के लिए पर्याप्त डेटा, प्रासंगिक अवलोकन इनपुट के उपयोग को अधिकतम करने और अनावश्यक इनपुट के उपयोग को कम करने के लिए उपलब्ध हैं। सभी परिसंपत्तियों और देयताओं जिसके लिए उचित मूल्य का मापन या प्रकटन वित्तीय विवरणों में किया जाता है, को उचित मूल्य पदानुक्रम के भीतर वर्गीकृत किया गया है। निम्नतम स्तर इनपुट जो समग्र रूप से उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण है, के आधार पर निम्नानुसार वर्णित है

स्तर 1 - "समान परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (असमायोजित) बाजार की कीमतें "

स्तर 2 - मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर इनपुट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से देखने योग्य है

स्तर 3 - मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए निम्नतम स्तर इनपुट जो उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण है देखने योग्य नहीं है।

आवर्ती आधार पर वित्तीय विवरणों में स्वीकार की गयी परिसंपत्तियों और देयताओं के लिए कंपनी निर्धारित करती है कि क्या अंतरण प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्गीकरण (समग्र रूप से उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर इनपुट के आधार पर) का पुनर्मूल्यांकन करके पदानुक्रम में स्तरों के बीच घटित हुआ है। उचित मूल्य प्रकटीकरण के प्रयोजन के लिए, कंपनी ने संपत्ति या देयताओं की प्रकृति, विशेषताओं और जोखिमों और उपरोक्त वर्णितानुसार उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर परिसंपत्तियों और देयताओं के वर्ग निर्धारित किए हैं।

यह नोट उचित मूल्य के लिए लेखांकन नीति का सारांश देता है। अन्य उचित मूल्य से संबंधित प्रकटीकरण प्रासंगिक नोट्स में दिए गए हैं।

**झ) पट्टे**

"एक व्यवस्था (या निहित) क्या पट्टा है, का निर्धारण पट्टे की शुरुआत में व्यवस्था के पदार्थ पर आधारित है। एक व्यवस्था पट्टे है या निहित है, अगर व्यवस्था की पूर्ति विशिष्ट परिसंपत्ति या परिसंपत्तियों के उपयोग पर आश्रित है पट्टे की व्यवस्था पर निर्भर है और व्यवस्था संपत्ति या परिसंपत्तियों का उपयोग करने का अधिकार बताती है, भले ही वह अधिकार किसी व्यवस्था में स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट न हो।

1 अप्रैल 2015 से पहले की व्यवस्था के लिए, कंपनी ने यह निर्धारित किया है कि क्या व्यवस्था में परिवर्तन की तिथि पर विद्यमान तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर पट्टा शामिल है । "

एक पट्टेदार के रूप में कंपनी

"एक पट्टे को शुरू होने की तारीख में वित्तीय पट्टे या एक प्रचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। एक पट्टा जो सभी जोखिमों और आकस्मिक प्रतिफल को कंपनी के स्वामित्व के लिए आनुपातिक रूप से अंतरित करता है, को वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। वित्त पट्टे को पट्टे संपत्ति के उचित मूल्य या यदि निम्न है तो न्यूनतम पट्टे भुगतान के वर्तमान मूल्य पर आरंभिक तिथि पट्टे की शुरुआत में पूंजीकृत किया जाता है। पट्टे भुगतानों को वित्त शुल्कों और पट्टे देयता में कटौती के बीच विभाजित किया जाता है ताकि देयता के शेष बकाए पर ब्याज की निरंतर दर प्राप्त हो सके। वित्त शुल्क को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत में स्वीकार किया जाता है, जब तक कि वे योग्यताप्राप्त परिसंपत्तियों के लिए सीधे लाभ नहीं दे रहे हैं, इस मामले में उन्हें उधार लेने की लागत पर कंपनी की सामान्य नीति के अनुसार पूंजीकृत किया जाता है। आकस्मिक किराया उन अवधि में , जिनमें वे खर्च किए जाते हैं व्यय के रूप में स्वीकार किए जाते हैं । पट्टे पर परिसंपत्ति का मूल्यह्रास परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन काल में किया जाता है। हालांकि , अगर कोई उचित निश्चितता नहीं है कि कंपनी पट्टे अवधि के अंत तक स्वामित्व प्राप्त करेगी, परिसंपत्ति का मूल्यह्रास संपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन काल पर कम और लीज अवधि पर किया जाता है।

परिचालित पट्टे के भुगतान को पट्टे की अवधि के दौरान सीधी रेखा के आधार पर लाभ और हानि के विवरण में व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है। "

पट्टेदार के रूप में कंपनी

"पट्टे जिसमें कंपनी परिसंपत्तियों के स्वामित्व के सभी जोखिमों और प्रतिफलों को पर्याप्त रूप से हस्तांतरित नहीं करती है, को परिचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। परिचालन पट्टे से किराए आय संगत पट्टे की अवधि के दौरान सीधी रेखा के आधार पर स्वीकार किया जाता है।

पट्टे को वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब स्वामित्व के सभी जोखिमों और प्रतिफलों को पर्याप्त रूप से कंपनी से पट्टेदार को हस्तांतरित करती है। वित्त पट्टे के तहत पट्टेदार से देय राशियों को पट्टे पर कंपनी के निवल निवेश पर प्राप्य के रूप में दर्ज किया जाता है। वित्त पट्टे की आय लेखांकन अवधि के लिए आबंटित की जाती है ताकि पट्टे के संबंध में बकाया निवल निवेश पर निरंतर आवधिक दर को प्रतिबिंबित किया जा सके। "

**ञ) माल सूची**

(i) भंडार और पुर्जे, पैकिंग सामग्री और कच्चे सामग्रियों का मूल्यन लागत से कम या निवल प्राप्य मूल्य पर किया जाता है और इस उद्देश्य के लिए, लागत का निर्धारण चल भारित औसत के आधार पर किया जाता है। हालांकि, उपर्युक्त वस्तुओं का मूल्यन लागत से कम नहीं किया जाता है यदि तैयार उत्पादों जिसमें उन्हें शामिल किया जाना है, को लागत पर या उससे ऊपर बिक्री करना प्रत्याशित है।

(ii) अर्द्ध तैयार उत्पादों, तैयार उत्पादों और उप–उत्पादों का मूल्यन लागत से कम या निवल वसूली योग्य मूल्य पर किया जाता है और इस उद्देश्य

के लिए, मानक लागत के आधार पर लागत निर्धारित की जाती है जो वास्तविक लागत का अनुमान लगाती है। तैयार माल की लागत में यथा लागू उत्पाद शुल्क शामिल है। भिन्नता, असामान्य रूप से कम मात्रा और प्रचालन निष्पादन के अनन्य, को माल सूची में समायोजित किया जाता है।

(iii) उपोत्पादों का मूल्य अनुमानित निवल वसूलीयोग्य मूल्य पर किया जाता है।

(iv) ट्रेड किए गए सामान का मूल्यन लागत के कम और निवल प्राप्य मूल्य पर किया जाता है। लागत में खरीद की लागत और माल सूचियों को उनके वर्तमान स्थान और स्थिति में लाने में उपगत अन्य लागत शामिल हैं। लागत भारित औसत आधार पर निर्धारित की जाती है।

निवल वसूली योग्य मूल्य का निर्धारण व्यापार की सामान्य गति में अनुमानित बिक्री मूल्य, पूरा होने की अनुमानित लागत और बिक्री करने के लिए आवश्यक अनुमानित लागत घटाकर किया जाता है। ”

**ट) गैर–वित्तीय संपत्तियों की क्षति**

“प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर, कंपनी किसी परिसंपत्ति खराब होने के संकेत का आकलन करती है। यदि कोई संकेत मौजूद है, या जब किसी परिसंपत्ति के लिए वार्षिक क्षति परीक्षण की आवश्यकता होती है, तो कंपनी संपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि किसी परिसंपत्ति या नकद उत्पन्न करने वाली इकाई (सीजीई) निपटान के उचित मूल्य घटा लागत और उपयोग में इसके मूल्य की तुलना में अधिक है। वसूली योग्य राशि एक व्यक्तिगत संपत्ति के लिए निर्धारित की जाती है, जब तक कि संपत्ति नकद प्रवाह उत्पन्न नहीं करती है जो उन अन्य परिसंपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूह से काफी हद तक स्वतंत्र है । जब किसी परिसंपत्ति या सीजीयू की वहनीय राशि इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक हो जाती है, तो परिसंपत्ति को क्षत के रूप माना जाता है और इसकी वसूली योग्य राशि पर बट्टे खाते डाला जाता है।

उपयोग में मूल्य के निर्धारण के लिए, अनुमानित भविष्य नकदी प्रवाह को पूर्व–कर छूट दर का उपयोग करते हुए उनके वर्तमान मूल्य पर छूट दी जाती है जो धन के समय मूल्य और परिसंपत्ति के लिए विशिष्ट जोखिमों के वर्तमान बाजार के आकलन को दर्शाती है। निष्पक्ष मूल्य को निपटाने की कम लागत निर्धारित करने में, हाल के बाजार लेन-देन को ध्यान में रखा जाता है। यदि ऐसे कोई लेन-देन की पहचान नहीं की जा सकती है, तो उपयुक्त मूल्यांकन मॉडल का उपयोग किया जाता है। इन गणनाओं को मूल्यांकन गुणकों, सार्वजनिक रूप से व्यापार की गई कंपनियों या अन्य उपलब्ध उचित मूल्य संकेतकों के लिए उद्धृत शेयर मूल्यों द्वारा संपुष्टि की जाती है। ”

साख को छोड़कर परिसंपत्तियों के लिए, यह निर्धारित करने के लिए प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर एक मूल्यांकन किया जाता है कि क्या पहले स्वीकृत क्षति नुकसान मौजूद नहीं है या कम हो गई है संबंधी संकेत है। यदि ऐसा संकेत मौजूद है, तो कंपनी परिसंपत्ति या सीजीयू की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। चूंकि पिछले क्षति नुकसान स्वीकृत किया गया,परिसंपत्तियों की वसूली योग्य राशि निर्धारित करने के लिए उपयोग की गई धारणाओं में कोई बदलाव आया हो तो तब पहले स्वीकृत क्षति नुकसान को उलट देता है। यह उलट सीमित है ताकि परिसंपत्ति की वहनीय राशि इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक न हो, न ही निर्धारित होने वाली वहनीय राशि से अधिक हो, मूल्यह्रास के निवल, पिछले वर्षों में परिसंपत्ति के लिए कोई क्षति नुकसान स्वीकृत किया गया है। इस तरह के उलटे को लाभ या हानि के विवरण में स्वीकृत है। जब सीजीयू की वसूली योग्य राशि इसकी वहनीय राशि से कम है, तो एक क्षति नुकसान स्वीकार किया जाता है।

**ठ) प्रावधान,आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक संपत्तियां**

कंपनी को जब पिछली घटनाओं के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्व (कानूनी या रचनात्मक) होता है, तब प्रावधानों को स्वीकार किया जाता है, यह संभव है कि आर्थिक लाभों को जोड़ने वाले संसाधनों का प्रवाह दायित्व समायोजित करने के लिए आवश्यक होगा और दायित्व की राशि का विश्वसनीय अनुमान बनाया जा सकता। जब कंपनी को कुछ या सभी प्रावधानों की प्रतिपूर्ति की प्रतीक्षा है, उदाहरण के लिए, बीमा अनुबंध के तहत, प्रतिपूर्ति को अलग परिसंपत्ति के रूप में स्वीकार किया जाता है, लेकिन केवल तभी जब प्रतिपूर्ति लगभग निश्चित होती है। प्रावधान से संबंधित व्यय को लाभ और हानि विवरण में किसी प्रतिपूर्ति के निवल में प्रस्तुत किया जाता है। यदि धन के समय मूल्य का प्रभाव सामग्री है, तो प्रतिबिम्बित मौजूदा कर–पूर्व दर का उपयोग करके प्रावधानों को छूट दी जाती है जो उचित होने पर, उत्तरदायित्व के लिए विशिष्ट जोखिम दर्शाती है। जब छूट का उपयोग किया जाता है, तो समय बीतने के कारण प्रावधान में वृद्धि को वित्त लागत के रूप में स्वीकार किया जाता है। प्रत्येक तुलन पत्र पर प्रावधानों की समीक्षा की जाती है और वर्तमान सर्वोत्तम अनुमानों को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाता है।

पिछली देयताओं से उत्पन्न संभावित दायित्वों के संबंध में आकस्मिक देयताओं को प्रकट किया जाता है और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाएँ घटने या न घटने द्वारा की जाएगी। यह पूरी तरह से उद्यम के नियंत्रण में नहीं, या एक वर्तमान दायित्व जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होता है लेकिन यह स्वीकार नहीं किया जाता है क्योंकि या तो यह संभव नहीं है कि आर्थिक लाभों को जोड़ने वाले संसाधनों का प्रवाह दायित्व को समायोजित करने के लिए आवश्यक होगा, या दायित्व की राशि के विश्वसनीय अनुमान नहीं बनाया जा सकता है।

**ड) वित्तीय लिखत**

एक वित्तीय लिखत कोई अनुबंध है जो एक संस्था की वित्तीय परिसंपत्ति और अन्य संस्था की वित्तीय देयता या इक्विटी लिखत को बढ़त देता है।

वित्तीय परिसंपत्तियां

प्रारंभिक स्वीकृति और मापन

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रारंभिक रूप से उचित मूल्य पर स्वीकार किया जाता है, लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज नहीं किए गए वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में, लेन-देन लागत जो वित्तीय संपत्ति के अधिग्रहण के लिए जिम्मेदार होती है।

परिशोधित लागत पर ऋण लिखत

यदि “निम्नलिखित दोनों शर्तों को पूरा किया जाता है तो एक“ ऋण लिखत ”को अपनी परिशोधित लागत पर मापा जाता है:

क) परिसंपत्ति एक व्यापार मॉडल के भीतर धारित की जाती है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करने के लिए संपत्तियां को धरना है, और

ख) परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाहों के लिए निर्दिष्ट तिथियों जो बकाया मूल राशि पर केवल मूलधन और ब्याज (एसपीपीआई) का भुगतान पर वृद्धि देती है।

प्रारंभिक मापन के बाद, इस तरह की वित्तीय संपत्तियों को बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) तरीके का उपयोग करते हुए लागत में मापा जाता है। परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण और फीस या लागत पर किसी भी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखकर की जाती है जो ईआईआर का एक अभिन्न हिस्सा हैं। ईआईआर परिशोधन लाभ या हानि के विवरण में अन्य आय में शामिल है। क्षति से उत्पन्न होने वाले नुकसान को लाभ या हानि के विवरण में स्वीकार किया जाता है। ”

एफवीटीओसीआई में कर्ज लिखत

यदि निम्नलिखित दोनों मानदंडों को पूरा किया जाता है तो एक कर्ज लिखत को एफवीटीओसीआई में वर्गीकृत किया जाता है:

क) व्यापार मॉडल का उद्देश्य अनुबंधित नकद प्रवाह एकत्र कर और वित्तीय संपत्तियों को बेचकर दोनों हासिल किया जाता है, और

ख) परिसंपत्ति के संविदात्मक नकदी प्रवाह एसपीपीआई का प्रतिनिधित्व करते हैं।

एफवीटीओसीआई श्रेणी के भीतर शामिल कर्ज़ लिखतों का मापन प्रारंभिक रूप से उचित मूल्य पर प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर किया जाता है। उचित मूल्य उतार–चढाव का अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में स्वीकार किया जाता हैं। हालांकि, कंपनी लाभ और हानि में ब्याज आय, क्षति नुकसान और रिवर्सल और विदेशी मुद्रा लाभ या हानि को मान्यता देती है। परिसंपत्ति के अमान्यकरण पर, ओसीआई में पहले स्वीकृत संचयी लाभ या हानि को इक्विटी से लाभ और हानि में पुन: वर्गीकृत किया जाता है। एफवीटीओसीआई कर्ज़ लिखत धारण करते समय अर्जित ब्याज को ईआईआर तरीके का उपयोग कर ब्याज आय के रूप में रिपोर्ट किया जाता है। ”

एफवीटीपीएल पर कर्ज़ लिखत

एफवीटीपीएल कर्ज़ लिखतों के लिए एक अवशिष्ट श्रेणी है। कोई भी कर्ज़ लिखत, जो परिशोधित लागत पर या एफवीटीओसीआई के रूप में वर्गीकरण के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, को एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी कर्ज़ लिखत को नामित करने का चुनाव कर सकती है, जो अन्यथा एफवीटीपीएल के जैसे परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई मानदंडों को पूरा करती है। हालांकि, इस तरह के चुनाव को केवल तभी अनुमति दी जाती है जब ऐसा करने से मापन या स्वीकृत असंगतता (जिसे “लेखांकन विसंगति” कहा जाता है) को कम या समाप्त किया जाता है। कंपनी ने एफवीटीपीएल के रूप में कुछ कर्ज़ लिखत को नामित किया है। एफवीटीपीएल श्रेणी के भीतर शामिल कर्ज़ लिखत का मापन लाभ और हानि के विवरण में स्वीकृत सभी परिवर्तन सहित किया जाता है ।

इक्विटी निवेश

इंड एएस 109 के दायरे में सभी इक्विटी निवेशों का उचित मूल्य पर मापा जाता है। व्यापार के लिए रखी गयी इक्विटी लिखतों को एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। अन्य सभी इक्विटी लिखतों के लिए, कंपनी उचित मूल्य में अन्य व्यापक आय के बाद के परिवर्तनों में शामिल होने के लिए एक अपरिवर्तनीय चुनाव कर सकती है। कंपनी इस तरह के चुनाव को लिखत–दर–लिखत आधार पर बनाती है। वर्गीकरण प्रारंभिक स्वीकृति पर किया जाता है और अपरिवर्तनीय है। अगर कंपनी एफवीटीओसीआई के रूप में एक इक्विटी लिखत वर्गीकृत करने का फैसला करती है,तो लाभांश को छोड़कर लिखत पर सभी उचित मूल्य परिवर्तन को ओसीआई में स्वीकार किया जाता है। निवेश की बिक्री होने पर भी ओसीआई से लाभ और हानि के विवरण तक राशियों में पुन:चक्रण नहीं है। हालांकि, कंपनी इक्विटी के भीतर संचयी लाभ या हानि को स्थानांतरित कर सकती है। एफवीटीपीएल श्रेणी के भीतर शामिल इक्विटी लिखतों का मापन लाभ और हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर किया जाता है।

अमान्यकरण

“एक वित्तीय संपत्ति (या,जहां लागू हो, वित्तीय परिसंपत्ति का हिस्सा या समान वित्तीय परिसंपत्तियों की एक कंपनी का हिस्सा) मुख्य रूप से अमान्य किया जाता है (यानी कंपनी के तुलन पत्र से हटा जाता है) जब:

परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार समाप्त हो गए हैं, या

कंपनी ने परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया है या 9प्रभाव अंतरण (पास–थ्रू“ ) व्यवस्था के तहत किसी तीसरी पार्टी को भौतिक देरी के बिना पूरी तरह से प्राप्त नकद प्रवाह का भुगतान करने का दायित्व संभाला है; और या तो (क) कंपनी ने संपत्ति के सभी जोखिम और पुरस्कारों को स्थानांतरित कर दिया है, या (ख) कंपनी ने न तो हस्तांतरित किया है और न ही परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को बरकरार रखा है, लेकिन परिसंपत्ति के नियंत्रण को स्थानांतरित कर दिया है।

जब कंपनी ने किसी परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के लिए अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया है या अंतरण प्रभाव व्यवस्था में प्रवेश किया है, तो यह मूल्यांकन करता है कि उसने कितनी हद तक स्वामित्व के जोखिम और प्रतिफल बनाए रखा है। जब उसने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और प्रतिफलों न तो हस्तांतरित किया है और न ही बरकरार रखा है, न ही परिसंपत्ति का हस्तांतरण नियंत्रण किया है, कंपनी की निरंतर भागीदारी की हद तक स्थानांतरित परिसंपत्ति को स्वीकार करना कंपनी जारी रहेगी। उस स्थिति में, कंपनी एक संबंधित देयता को स्वीकार करती है। अंतरित परिसंपत्ति और संबंधित देयता को उस आधार पर मापा जाता है जो कंपनी के अधिकारों और दायित्वों को प्रतिबिंबित करता है। निरंतर भागीदारी जो अंतरित परिसंपत्ति पर गारंटी का रूप लेती है, परिसंपत्ति की मूल वहनीय राशि से कम और विचार की अधिकतम राशि पर मापा जाता है जिसे कंपनी को चुकाने की आवश्यकता हो सकती है। ”

वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

“इंड एएस 109 के अनुसार, कंपनी निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों और क्रेडिट जोखिम एक्सपोज़र पर क्षति के मापन और स्वीकार के लिए प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल लागू करती है:

क) वित्तीय परिसंपत्तियां जो कर्ज़ लिखत होते हैं,और परिशोधित लागत पर मापा जाता है, जैसे ऋण, कर्ज़ प्रतिभूतियां, जमाराशियाँ, व्यापार प्राप्तियां और बैंक शेष।

ख) वित्तीय परिसंपत्तियां जो कर्ज़ लिखत हैं और मापन एफवीटीओसीआई के रूप में किया जाता है

ग) इंड एएस 17 के तहत पट्टे प्राप्तियां

घ) नकद प्राप्त करने के लिए व्यापार प्राप्तियां या किसी अनुबंधिक अधिकार या किसी अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ जो लेन-देन से होता है, इंड एएस 18 के दायरे के भीतर हैं (जिसे इन वित्तीय विवरणों में “अनुबंध राजस्व प्राप्तियां” कहा जाता है)

ङ) वित्तीय गारंटी अनुबंध जो एफवीटीपीएल के रूप में नहीं मापा जाता है

कंपनी क्षति नुकसान भत्ता को स्वीकार करने के लिए “सरलीकृत दृष्टिकोण” का पालन करती है:

व्यापार प्राप्तियां और अन्य प्राप्तियां

सरलीकृत दृष्टिकोण के प्रयोग के लिए कंपनी को क्रेडिट जोखिम में परिवर्तनों का पता लगाने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बजाय, इनकी प्रारंभिक स्वीकार से, प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर आजीवन ईसीएल के आधार पर क्षति हानि भत्ता को स्वीकार किया जाता है। अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों और जोखिम एक्सपोजर पर क्षति स्वीकार करने के लिए, कंपनी निर्धारित करती है कि प्रारंभिक मान्यता के बाद से क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है या नहीं। यदि क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है, तो 12 महीने के ईसीएल का उपयोग क्षति नुकस्सन के लिए किया जाता है।

फिर भी, अगर क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, तो जीवनकाल ईसीएल का उपयोग किया जाता है। यदि, बाद की अवधि में, लिखत की क्रेडिट गुणवत्ता में सुधार होता है कि प्रारंभिक मान्यता के बाद क्रेडिट जोखिम में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हुई है, तो संस्था 12 महीने के ईसीएल के आधार पर हानि नुकसान भत्ता को स्वीकार के लिए वापस करती है।

आजीवन ईसीएल एक वित्तीय लिखत के प्रत्याशित जीवन पर सभी संभावित चूक घटनाओं के परिणामस्वरूप प्रत्याशित क्रेडिट नुकसान है। 12 महीने का ईसीएल आजीवन ईसीएल का हिस्सा है जो रिपोर्टिंग तिथि के बाद 12 महीने के भीतर संभाव्य चूक घटनाओं से होता है।

ईसीएल वह अंतर है जो संविदा के अनुसार कंपनी को देय सभी संविदात्मक नकद प्रवाहों और संस्था प्राप्त करने के लिए प्रत्याशित सभी नकद प्रवाह (यानी,

सभी नकद कमी) के बीच अंतर है, जो मूल ईआईआर पर छूट दी जाती है। नकदी प्रवाह का अनुमान लगाते समय, संस्था को विचार करने की आवश्यकता होती है:

वित्तीय लिखत के प्रत्याशित जीवनकाल पर वित्तीय लिखत (पूर्व भुगतान, विस्तार, कॉल और इसी तरह के विकल्प सहित) की सभी संविदात्मक शर्तें। हालांकि, दुर्लभ मामलों में जब एक वित्तीय लिखत के प्रत्याशित जीवनकाल को विश्वसनीय रूप से अनुमानित नहीं किया जा सकता है, तो संस्था को वित्तीय लिखत की शेष संविदात्मक अवधि का उपयोग करने की आवश्यकता होती है।

धारित संपार्श्विक की बिक्री या अन्य क्रेडिट वृद्धि की बिक्री से जो नकद प्रवाह होता है वह संविदात्मक शर्तों के अभिन्न हिस्सा है। वित्तीय परिसंपत्तियां का मापन परिशोधित लागत, संविदात्मक राजस्व प्राप्तियां और पट्टे प्राप्तियां के रूप में किया जाता है। ईसीएल को तुलन पत्र में उन संपत्तियों के मापन के एक अभिन्न हिस्से के रूप में भत्ता में प्रस्तुत किया जाता है। भत्ता निवल वहनीय राशि को कम कर देता है। जब तक परिसंपत्ति बट्टे खाते मानदंडों को पूरा नहीं करती है, तब तक कंपनी सकल वहनीय राशि से क्षति भत्ता को कम नहीं करती है। ”

**ज) वित्तीय देयताएं**

प्रारंभिक मान्यकरण और मापन

वित्तीय देयताओं को प्रारंभिक स्वीकृति पर, लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर, ऋण और उधार, या देय यथा उपयुक्त हो, वित्तीय देयताओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। सभी वित्तीय देयताओं को प्रारंभिक रूप से उचित मूल्य पर स्वीकार किया जाता है और ऋण एवं उधार और देय के मामले में, सीधे स्रोतजन्य लेन-देन लागतों के निवल पर किया जाता है। कंपनी की वित्तीय देयताओं में व्यापार और अन्य देय राशियाँ, ऋण और उधार शामिल हैं जिनमें बैंक ओवरड्राफ्ट, वित्तीय गारंटी, संविदा और व्युत्पन्न वित्तीय लिखत भी शामिल हैं।

अनुवर्ती मापन

वित्तीय देयताओं का मापन नीचे वर्णितानुसार उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है,:

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएँ

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में प्रारंभिक मान्यता पर नामित व्यापार और वित्तीय देयताओं के लिए धारित वित्तीय देयताएं शामिल हैं। वित्तीय देयताओं को यदि वे निकट अवधि में पुनर्खरीद के उद्देश्य के लिए उपगत किए जाते हैं, तो व्यापार के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है । इस श्रेणी में कंपनी द्वारा दर्ज व्युत्पन्न वित्तीय लिखत भी शामिल हैं जिन्हें इंड एएस 109 द्वारा परिभाषितानुसार हेड्ज संबंधों में हेड्जिंग लिखत के रूप में नामित नहीं किया जाता है। व्यापार के लिए धारित देयताओं पर लाभ या हानि को लाभ और हानि के विवरण में स्वीकार किया जाता हैं।

ऋण और उधार

यह ऐसी श्रेणी है जो कंपनी के लिए सबसे प्रासंगिक है। प्रारंभिक स्वीकृति के बाद, ब्याज–युक्त ऋण और उधार को बाद में ईआईआर विधि का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत में मापा जाता है। लाभ और हानि को तब लाभ या हानि में स्वीकार किया जाता है जब देयताओं का अमान्यकरण ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण और फीस या लागत पर किसी भी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखकर की जाती है जो ईआईआर का एक अभिन्न हिस्सा हैं। ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत के रूप में शामिल किया गया है। यह श्रेणी आम तौर पर उधार पर लागू होती है।

वित्तीय गारंटी संविदाएं

कंपनी द्वारा जारी वित्तीय गारंटी संविदाएं उन संविदाओं के लिए हैं जिन्हें धारक को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रतिपूर्ति करने के लिए भुगतान की आवश्यकता होती है क्योंकि निर्दिष्ट देनदार ऋण लिखत की शर्तों के अनुसार जब देय होने पर भुगतान करने में विफल रहता है। वित्तीय गारंटी संविदाओं को प्रारंभिक रूप से उचित मूल्य पर देयता के रूप में स्वीकार किया जाता हैं, गारंटी निर्गम के लिए सीधे संबंध लेन–देन लागतों के लिए समायोजित करते हैं। इसके बाद, देयता को इंड एएस 109 की क्षति आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित हानि भत्ता की राशि से उच्चतम स्तर पर मापा जाता है और राशि का मापन संचयी परिशोधन घटाकर किया जाता है।

अमान्यकरण

वित्तीय देयता को अमान्य तब किया जाता है जब देयता के तहत दायित्व को मुक्त या रद्द या समाप्त किया जाता है। जब एक मौजूदा वित्तीय देयता को एक ही ऋणदाता से दूसरे रूप में अलग–अलग शर्तों पर प्रतिस्थापित किया जाता है, या मौजूदा देयता की शर्तों को काफी संशोधित किया जाता है, तो इस तरह के एक विनिमय या संशोधन को मूल देयता की अमान्यकरण और नयी देयता के मान्यकरण के रूप में माना जाता है। संबंधित वहनीय राशियों में अंतर को लाभ और हानि के विवरण में स्वीकार किया जाता है।

वित्तीय लिखतों की बराबरी (ऑफसेटिंग)

वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देयताएं बराबर (ऑफसेट) किया जाता हैं और स्टैंडअलोन तुलन पत्र में निवल राशि की रिपोर्ट दी जाती है यदि स्वीकार की गयी राशियों को बराबर (ऑफसेट) करने के लिए वर्तमान में लागू करने योग्य कानूनी अधिकार है और एक साथ परिसंपत्तियों की वसूली करने और देयताओं के समायोजन के लिए निवल आधार पर समायोजित करने का उद्देश्य है ।

**ण) व्युत्पन्न वित्तीय लिखतों**

प्रारंभिक स्वीकृति और अनुवर्ती मापन, कंपनी वायदा मुद्रा संविदा, पूर्ण मुद्रा स्वैप और ब्याज दर स्वैप संविदाओं का क्रमश: अपने विदेशी मुद्रा जोखिमों और ब्याज दर के जोखिमों को संभालने के लिए व्युत्पन्न वित्तीय लिखतों का उपयोग करती है। इस तरह के व्युत्पन्न वित्तीय लिखतों को शुरुआत में उचित मूल्य पर उस तिथि को स्वीकार किया जाता है जिसपर एक व्युत्पन्न संविदा में प्रवेश किया गया है और बाद में उचित मूल्य पर फिर से मापा जाता है। व्युत्पन्न (डेरिवेटिव) को वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में ली जाती हैं जब उचित मूल्य सकारात्मक होता है और वित्तीय देयताओं के रूप में ली जाती हैं जब उचित मूल्य नकारात्मक होता है।

**त) नकद और नकदी समतुल्य**

